

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा



www.jagranmorcha.com | लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 81 | सोमवार, 04 मई 2026 | बैशाख शुक्ल अष्ठमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया


## एक नजर



### प्रख्यात गीतकार प्रसून जोशी बने प्रसार भारती के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** प्रख्यात गीतकार, लेखक प्रसून जोशी को भारत के सार्वजनिक प्रसारक 'प्रसार भारती' का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में जोशी की नियुक्ति की घोषणा की। बयान के मुताबिक, साहित्य, विज्ञापन, सिनेमा और सार्वजनिक संचार के क्षेत्र में व्यापक योगदान देने वाले प्रतिष्ठित रचनात्मक पेशेवर जोशी अपने प्रभावशाली लेखन और गहरी सांस्कृतिक संवेदनशीलता के लिए जाने जाते हैं। जोशी के कार्यों में प्रशंसित फिल्मी गीत, विज्ञापन लेखन और सामाजिक रूप से प्रासंगिक कहानियां शामिल हैं, जो देश भर के विविध दर्शकों से जुड़ती हैं। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जोशी की नियुक्ति पर कहा, "प्रसार भारती बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में प्रसून जोशी की नियुक्ति पर मेरी हार्दिक बधाई। प्रसून जी एक विलक्षण रचनात्मक प्रतिभा हैं, जिन्हें विज्ञापन, साहित्य, कला और सिनेमा के क्षेत्र में दुनिया भर में सम्मान मिला है, लेकिन उनका दिल स्पष्ट रूप से भारत के लिए धड़कता है।"

### रिटायर्ड इंजीनियर से 75 लाख रुपये की ठगी

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा में शेयर मार्केट में निवेश पर भारी मुनाफे का झांसा देकर साइबर अपराधियों ने टेलीकॉम विभाग से सेवानिवृत 71 वर्षीय एक इंजीनियर से 75 लाख रुपए ऐंठ लिये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित ने साइबर अपराध थाने में शनिवार रात को ठगी के संबंध में शिकायत दर्ज करायी और जिन खातों में ठगी की रकम अंतरित हुई है, उनकी जांच की जा रही है।

## छापेमारी में ईडी ने सोने के आभूषण बुलियन और नकदी की जब्त

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ में कथित रूप से 2,800 करोड़ रुपये के शराब घोटाले से जुड़ी धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में की गई हालिया छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकद राशि और चार करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के सोने के आभूषण एवं बुलियन जब्त किए गए। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को यह जानकारी दी।

शराब कारोबारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट, व्यवसायियों और कॉरपोरेट इकाइयों के रायपुर, दुर्ग, भिलाई (दुर्ग जिला) और बिलासपुर स्थित परिसरों पर 30 अप्रैल को छापे मारे गए। प्रवर्तन निदेशालय ने




एक बयान में कहा कि इन इकाइयों पर इस कथित 'घोटाले' से अर्जित अपराध की आय प्राप्त करने, उसे संभालने, कई स्तरों पर घुमाने या छिपाने का संदेह है।एजेंसी ने कहा कि छापेमारी के दौरान 53 लाख रुपये की नकदी और 3.23 किलोग्राम सोने के आभूषण तथा बुलियन जब्त किए गए, जिनकी कीमत 4.86 करोड़ रुपये है। इसके अलावा, ''आपत्तिजनक'' दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी बरामद किए गए। केंद्रीय एजेंसी इस मामले में पहले भी कई दौर की छापेमारी कर चुकी है और अब तक 380 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियां कुर्क कर चुकी है।प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार, छत्तीसगढ़ में कथित शराब घोटाला 2019 से 2022 के बीच पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के दौरान हुआ। निदेशालय ने आरोप लगाया है कि राज्य के वरिष्ठ नौकरशाहों और राजनीतिक हस्तियों से जुड़े एक ''आपराधिक'' गिरोह ने छत्तीसगढ़ आबकारी विभाग को पूरी तरह अपने नियंत्रण में ले लिया था, जिससे राज्य के खजाने को ''भारी नुकसान'' हुआ।

## अंतरिक्ष में भारत की नई छलांग: दुनिया का पहला ऑप्टोसार सैटेलाइट लॉन्च

**नई दिल्ली।** बेंगलुरु स्थित एक निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी आई द्वारा विकसित उपग्रह मिशन दृष्टि रविवार को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट की मदद से सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसकी मदद से प्रतिकूल मौसम आपदा के असर, कृषि और सीमा निगरानी से जुड़ी तस्वीरें प्रभावी ढंग से मिल सकेंगी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पोस्ट के माध्यम से गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को बधाई दी।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, "गैलेक्सीआई द्वारा शुरू किया गया मिशन दृष्टि अंतरिक्ष यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह और भारत





में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण, नवाचार और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारे युवाओं के जुनून का प्रमाण है। गैलेक्सीआई के संस्थापकों और पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।"

रविवार को 190 किलोग्राम वजनी मिशन दृष्टि कैलिफोर्निया से लॉन्च किया गया। यह किसी भारतीय निजी कंपनी द्वारा निर्मित अब तक का सबसे बड़ा उपग्रह है। इस विशेष उपग्रह की विशेषता यह है कि इसमें एक ही उपग्रह पर मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरा और सिंथेटिक एपर्चर रडार (एसएआर) इमेजर लगा हुआ है। दृष्टि मिशन का मूल आधार ऑप्टोसार नामक एक नवीन हाइब्रिड प्रणाली है, जो एक ही प्लेटफॉर्म पर ऑप्टिकल इमेजिंग और सिंथेटिक एपर्चर रडार को संयोजित करने वाली तकनीक है।

### बेहद खास है यह मिशन

तकनीकी रूप से यह मिशन बेहद खास है। कंपनी के अनुसार, 'मिशन दृष्टि' दुनिया का पहला ऐसा उपग्रह है जिसमें इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल और सिंथेटिक अपर्चर रडार सेंसर एक साथ काम करेंगे। यह आधुनिक तकनीक किसी भी मौसम, बादलों के बीच और रात के अंधेरे में भी धरती की स्पष्ट तस्वीरें लेने में सक्षम है।

## अब तक का सबसे हिंसक रहा पश्चिम बंगाल का चुनाव, 75 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में पहले फेज के चुनाव में थोड़ी-बहुत हिंसा के बाद दूसरे चरण में कई जगहों पर हिंसा हुई। इसके बाद बंगाल की दो विधानसभा सीटों की 15 बूथों पर दोबारा वोटिंग करानी पड़ी। डायमंड हार्बर और मगराहाट पश्चिम के 15 बूथों पर वोटिंग के बाद अब फाल्टा विधानसभा की सभी बूथों पर फिर से वोटिंग कराने की घोषणा की गई है। हालांकि पहले चरण की वोटिंग के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रेस कॉफ्रेंस में कहा था कि बंगाल में यह अभी तक का सबसे शांतिपूर्ण चुनाव है।

अमित शाह ने कहा, "पश्चिम बंगाल की जनता ने अभूतपूर्व उत्साह और जोश के साथ परिवर्तन के लिए मतदान किया है। मैं चुनाव आयोग, CAPF, चुनाव आयोग के सहयोग में



लगा पूरा तंत्र और बंगाल पुलिस को बहुत-बहुत अभिनंदन देना चाहता हूं क्योंकि बहुत लंबे अरसे बाद बंगाल के चुनाव में एक भी मौत नहीं हुई, ऐसा चुनाव हुआ है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) का डाटा बताया है कि भारत में राजनीतिक हत्याओं की दर सबसे अधिक पश्चिम बंगाल में रही है।

बंगाल में 2006 हुए विधानसभा चुनाव में वामपंथी सरकार 292 में से 235 सीटों पर बड़ी जीत के सत्ता में वापस आई थी। डाटा बताता है कि यह चुनाव अपेक्षाकृत शांतिपूर्ण रहा. हालांकि TMC और CPM के कार्यकर्ताओं के बीच छिटपुट झड़पें हुई थीं।

इस चुनाव के दौरान हुई मौतों का कोई पुख्ता डेटा तो उपलब्ध नहीं है, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के रिकॉर्ड के अनुसार, लगभग 5 से 6 लोगों की मौत हुई थी। इस चुनाव में लेफ्ट और टीएमसी के बीच खूब झड़प हुई थी. नंदीग्राम और सिंगुर में हुई भारी झड़पों ने बड़े राजनीतिक बदलावों का संकेत दिया. 2007 के भूमि अधिग्रहण विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की गोलीबारी में कम से कम 14 लोगों की जान चली गई थी, और 2008 के चुनावों के बाद मौतों की अनौपचारिक संख्या लगभग 45 बताई गई थी। हालांकि सिंगुर आंदोलन में मौतों का कोई पुख्ता आंकड़ा उपलब्ध नहीं है।

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 900 से ज्यादा कंपनियों ने 2023 के पंचायत चुनावों में बड़े पैमाने पर हुई मौतों को रोकने में मदद की. राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों ने 6 से 10 मौतों, 100 से ज़्यादा हमलों की घटनाओं और EVM में तोड़फोड़ की कई घटनाओं की रिपोर्ट दी।

## गैस किल्लत की टेंशन खत्म ! स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से निकला एक और भारतीय जहाज

**नई दिल्ली।** मिडिल ईस्ट में परेशानी चल रही है, लेकिन भारत के लिए राहत की खबर है। भारत के लिए गैस लेकर आ रहा जहाज MT सर्व शक्ति समुद्री रास्ते स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को पार कर गया है। ये जहाज मार्शल द्वीप के नाम से रजिस्टर्ड है। सरकार के अनुसार, जहाज 13 मई को विशाखापट्टनम पहुच जाएगा। मतलब, भारत को जरूरी गैस बिना किसी रुकावट के मिल जाएगी।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस जहाज में करीब 46 हजार मीट्रिक टन LPG भरी हुई है। जहाज पर कुल 20 लोग काम कर रहे हैं, जिनमें से 18 भारतीय हैं। मिडिल ईस्ट के टेंशन और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में रुकावट को लेकर सरकार ने जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि वहां मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं. पिछले 24 घंटे में किसी भी भारतीय जहाज के साथ कोई घटना नहीं हुई है।



मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, विदेशों में भारतीय दूतावास और समुद्री क्षेत्र से जुड़े लोग मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे भारतीय नाविक सुरक्षित रहें और जहाजों का काम ठीक से चलता रहे। इसके अलावा डीजी शिपिंग का कंट्रोल रूम रोज हालात पर नजर रख रहा है। अब तक हजारों फोन कॉल और ईमेल का जवाब दिया जा चुका है. पिछले 24 घंटों में भी कई लोगों ने मदद के लिए संपर्क किया।

दूसरी तरफ खाड़ी देशों से अब तक करीब 3,000 भारतीय नाविकों को सुरक्षित भारत लाया गया है। बंदरगाहों पर अपडेट देते हुए सरकार ने बताया कि बंदरगाह ठीक तरह से चल रहे हैं। देश के सभी बड़े बंदरगाहों पर कामकाज नॉर्मल है और कहीं भी ज्यादा भीड़ या देरी नहीं हो रही है।

पूरे मामले पर पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा कि हालात जैसे भी हों, वो समुद्र में सुरक्षा बनाए रखने और जहाजों का आना-जाना बिना रुकावट चलता रहे, इसके लिए पूरी तरह तैयार है।

## दिल्ली के विवेक विहार में भीषण आग, 9 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में शनिवार देर रात एक भयावह अग्निकांड में 9 लोगों की मौत हो गई। शाहदरा के विवेक विहार इलाके में स्थित एक चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने की घटना में कई लोग फंस गए। दमकल विभाग को सुबह 3:47 बजे आग की सूचना मिली।

सूचना पाते ही दमकल की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और बचाव व आग बुझाने का अभियान शुरू किया गया। अधिकारियों के अनुसार, आग मुख्य रूप से इमारत की दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर फैली थी। बचाव कार्य में 16 लोगों को निकाला गया, जिनमें से दो घायल हुए हैं। घायलों को गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल अधिकारी मुकेश वर्मा ने बताया कि बचाव



दल ने टर्नटेबल लैडर, कटिंग टूल्स और अन्य उपकरणों की मदद से लोगों को बाहर निकाला। इमारत में खिड़कियों पर लगी ग्रिल और सलाखों के कारण बचाव कार्य में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा। आग का सबसे अधिक प्रभाव इमारत के पीछे वाले हिस्से में देखा गया। स्थानीय पुलिस, DDMA, दमकल सेवा और अन्य एजेंसियां मौके पर मौजूद हैं। इमारत में कुल 8 फ्लैट थे। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया और पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

उन्होंने कहा कि घायलों का समुचित इलाज चल रहा है और प्रशासन पूरी तरह से राहत कार्य में लगा हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। वहीं, AAP नेता सौरभ भारद्वाज ने इस घटना पर दिल्ली सरकार पर निशाना साधा।

## डेढ़ लाख से अधिक पदों पर होगी भर्ती : योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक साल के अंदर राज्य के विभिन्न सरकारी विभागों में डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती का ऐलान करते हुए रविवार को कहा कि अपने अब तक के नौ साल के कार्यकाल में नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दे चुकी उनकी सरकार ने सकुशल और पारदर्शी तरीके से देश में सर्वाधिक नियुक्तियां करने का रिकॉर्ड कायम किया है।

मुख्यमंत्री योगी ने नव चयनित कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) एवं दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों के 609 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण के कार्यक्रम में कहा कि सरकार की स्पष्ट नीति



और साफ नीयत की वजह से ही प्रदेश में पिछले नौ वर्षों के अंदर नौ लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गयी है। उन्होंने कहा, ''देश के अंदर किसी भी राज्य में सबसे अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल और पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का यह रिकॉर्ड है... और हम अभी लगातार नियुक्तियां कर रहे हैं।''

## भाजपा और निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव में किए गए 'ट्रायल' को बंगाल में किया लागू

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव कराने के लिए एक समानांतर व्यवस्था स्थापित करने का आरोप लगाते हुए रविवार को कहा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और निर्वाचन आयोग ने मिलकर साढ़े तीन साल पहले उत्तर प्रदेश के रामपुर उपचुनाव में जो 'ट्रायल' किया था, उसे हू-ब-हू बंगाल में लागू कर दिया।

अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में केंद्रीय बलों के दखल के बारे में पूछे गए एक सवाल पर कहा कि उत्तर प्रदेश में जब 2022 में रामपुर लोकसभा और विधानसभा का उपचुनाव



हुआ था, तब सबने देखा कि किस तरीके से वहां चुनाव अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की नियुक्ति की गई थी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा, "शायद भारतीय जनता पार्टी ने आयोग के साथ मिलकर उत्तर प्रदेश में एक 'ट्रायल' किया था और उसे हू-ब-हू बंगाल में उतार दिया। मुझे जानकारी मिली है कि उन्होंने केंद्रीय बलों और अर्धसैनिक बलों का एक समानांतर ढांचा बना दिया था। इसके अलावा पुलिस व्यवस्था के समानांतर भी एक व्यवस्था बना दी गई थी।" सपा प्रमुख ने हालांकि पश्चिम बंगाल में एक बार फिर ममता बनर्जी की अगुवाई में सरकार बनने का विश्वास जताते हुए कहा, "दीदी थी, दीदी रहेंगी। वह लड़ेंगी भी और जीतेंगी भी।" उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में गड़बड़ी की आशंका जताते हुए एक बार फिर कहा कि अगर स्मार्ट मीटर में बेईमानी हो सकती है तो ईवीएम में क्यों नहीं हो सकती? पूर्व मुख्यमंत्री ने शनिवार को देश के करोड़ों मोबाइल फोन पर आए अलर्ट का जिक्र करते हुए कहा, "देखिए टेक्नोलॉजी कितनी स्मार्ट हो गई है। आपका मोबाइल फोन स्विच ऑफ है, उसके बाद भी मोबाइल पर अलर्ट आएगा। यह सोचो किस बात की तैयारी है? यह आपके अंदर डर बैठाना चाहते हैं।

## सऊदी में भारतीय हज यात्रियों की बदइंतजामी पर प्रधानमंत्री मोदी से हस्तक्षेप करने की मांग

**लखनऊ।** सऊदी अरब के अजीजिया क्षेत्र में भारतीय हज यात्रियों के लिए बदइंतजामी पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने बताया कि मक्का के होटलों, विशेषकर आसफ अल कुरैशी होटल के एक-एक कमरे में 8 से 16 हाजियों को रखा गया है। 16 लोगों पर मात्र एक वॉशरूम है। गंदगी और गंदा पानी कमरों तक आ रहा है। लिफ्ट खराब होने और बुनियादी सफाई न होने से बुजुर्ग जायरीन बेहाल हैं।

उन्होंने बताया कि वहां परिवारों को भी अलग कर दिया गया है। मंसूरी ने कहा कि लगभग 4 लाख रुपये की भारी-भरकम राशि वसूलने के बावजूद उन्हें ऐसी बदतर स्थिति में ढकेलना पूरी तरह संगठित लूट है। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को लखनऊ के मौलाना अली मियां नदवी स्मारक हज हाउस से



जब आज़मीने हज को भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया गया था, वह तभी समझ गए थे कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तहत हज कमेटी ऑफ इंडिया और यूपी हज कमेटी संगठित रूप से हाजियों के लिए परेशानियां पैदा करेगी। पूर्व मंत्री ने आरोप लगाया कि यह सब एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा प्रतीत होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है ताकि इस पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषी होटल व एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

**आरोप** | टीएमसी ने भाजपा के झंडे वाली कारों के प्रवेश का किया दावा

## भवानीपुर में मतगणना केंद्र पर मतों की गिनती के एक दिन पहले हंगामा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र के मतगणना केंद्र पर मतों की गिनती से एक दिन पहले रविवार को हंगामा हुआ तथा तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के झंडे वाली दो कारों को उस परिसर में प्रवेश की अनुमति दी गई जहां इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) रखी गई हैं। यह घटना ऐसे समय हुई है जब ममता बनर्जी ने सखावत मेमोरियल गर्ल्स स्कूल स्थित इसी मतगणना केंद्र के सामने बृहस्पतिवार रात चार घंटे धरना दिया था।

बनर्जी ने स्ट्रॉन्गरूम में अनधिकृत लोगों के प्रवेश का आरोप लगाया था। मतदान समाप्त होने के बाद पश्चिम बंगाल में सत्ता की खींचतान अब तृणमूल और भाजपा के बीच मनोवैज्ञानिक दबाव की लड़ाई में बदल गई है। दोनों दलों के कार्यकर्ता



और नेता राज्यभर में उन स्ट्रॉन्गरूम की सुरक्षा पर कड़ी नजर रखे हुए हैं, जहां उम्मीदवारों का चुनावी भाग्य सील है। बनर्जी ने भले ही ''भारी जीत'' का भरोसा जताया है लेकिन वह ''मतगणना में गड़बड़ी और ईवीएम से छेड़छाड़'' की आशंका कई बार जता चुकी हैं।

मतगणना केंद्र से 100 मीटर दूर डेरा डाले तृणमूल कार्यकर्ताओं ने रविवार सुबह आरोप लगाया कि भाजपा के झंडे लगी दो कार परिसर में घुसीं और स्ट्रॉन्गरूम के पास तक गईं। तृणमूल के एक कार्यकर्ता ने कहा, ''मौके पर तैनात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवान वैध पहचान पत्र के बिना किसी वाहन या व्यक्ति को मतगणना केंद्र परिसर में प्रवेश नहीं करने दे रहे हैं। ऐसे में यह कार, जिसे हमने पिछले कुछ दिनों से नहीं देखा, उसे प्रवेश कैसे मिल गया? विरोध करने पर केंद्रीय बलों ने हमें 100 मीटर पीछे हटने को कहा।''

तृणमूल कांग्रेस ने दावा किया कि वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने वाहन को घटनास्थल से हटाने का आश्वासन दिया था लेकिन वह कुछ समय तक वहीं खड़ा रहा। निर्वाचन आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कार हरीश मुखर्जी रोड से गुजर रही थी और सुरक्षाबलों एवं पुलिस द्वारा जांच किए जाने के बाद उसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं मिलने पर उसे जाने दिया गया।

ममता बनर्जी द्वारा तृणमूल कांग्रेस के नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदान एजेंट से ईवीएम स्ट्रांगरूम की चौबीसों घंटे निगरानी करने की अपील किए जाने के बाद पार्टी उम्मीदवार कुणाल घोष और शशि पांजा ने बृहस्पतिवार को खुदीराम अनुशीलन केंद्र में अनियमित गतिविधियों का आरोप लगाते हुए वहां धरना दिया जबकि निर्वाचन आयोग ने उनके आरोपों को खारिज किया।

## लोकतंत्र की बुनियाद पर हमला कर रहा है विपक्ष : रिजिजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी दलों पर कड़ा प्रहार किया है। उनका आरोप है कि विपक्ष सरकारी एजेंसियों, ईवीएम और न्यायपालिका पर हमला करके भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि देश की जनता इसका करारा जवाब देगी।

देश की राजनीति में इस समय भारी घमासान मचा हुआ है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्षी दलों पर बहुत गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि विपक्ष देश की अहम संस्थाओं को निशाना बना रहा है और यह सीधे तौर पर भारतीय लोकतंत्र पर हमला है। रिजिजू का यह सख्त बयान ऐसे समय में आया है, जब पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग ने भारी गड़बड़ियों के चलते कई जगहों पर फिर से वोटिंग कराने का बड़ा



फैसला लिया है। बंगाल चुनाव को लेकर भाजपा और टीएमसी के बीच पहले से ही भारी तनातनी चल रही है।

किरेन रिजिजू ने साफ शब्दों में कहा है कि विपक्ष ने हर उस लोकतांत्रिक संस्था पर सवाल उठाए हैं, जिन पर देश का भरोसा टिका है। रिजिजू ने विपक्ष को चेतावनी दी है कि भारत की आम जनता यह सब देख रही है और वह समय आने पर उन्हें इसका करारा जवाब जरूर देगी।

## एक नजर

### 1 किलो 195 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** मझोला थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 195 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस के अनुसार गश्त और चेकिंग के दौरान डींगरपुर निवासी कदीर पुत्र शकील अहमद को पकड़ा गया। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना मझोला में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

### नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** नाबालिग से दुष्कर्म के प्रयास के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के संबंध में 2 मई को पाकबड़ा थाना क्षेत्र के निवासी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि आरोपी ने उसकी नाबालिग भतीजी को दुकान के अंदर खींचकर गलत हरकत करने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

# ढाई महीने में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, हत्या का आरोप

### जांच में जुटी पुलिस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** प्यार से शुरू हुई एक शादी महज ढाई महीने में ही मौत की कहानी बन गई। सुभाषनगर थाना क्षेत्र में नवविवाहिता शालिनी का शव घर में संदिग्ध हालात में मिलने से सनसनी फैल गई। मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या का सीधा आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और उनसे पूछताछ जारी है।



महिला का फोटो।



महिला की मौत के बाद रोते परिजन। -जागरण मोर्चा

बिहारीपुर वाल्मीकि मंदिर के पास रहने वाले शालू ने बताया कि उसकी बहन शालिनी ने 19 फरवरी को अक्षय से प्रेम विवाह किया था। शुरुआत में सब ठीक रहा, लेकिन कुछ ही दिनों बाद ससुराल पक्ष ने दहेज में कार की मांग शुरू कर दी। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर शालिनी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा।

परिजनों के मुताबिक, 2 मई की सुबह करीब आठ बजे शालिनी ने अपने भाई को फोन किया। वह रो रही थी।बार-बार कह रही थी कि उसे मायके नहीं जाने दिया जा रहा है और उसकी जान को खतरा है। इस कॉल के बाद परिवार बेचैन हो उठा, लेकिन कुछ घंटों बाद जो हुआ उसने सबको झकझोर दिया। शनिवार रात को शालिनी के पति अक्षय ने शालू को फोन कर बताया कि उसकी तबीयत खराब है और वह कुछ बोल नहीं रही। शालू जब घर पहुंचा तो शालिनी मृत अवस्था में पड़ी थी। बहन का शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया।

### पति-सास समेत पांच पर केस, पुलिस ने कसी शिकंजा

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार नैन ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर पति अक्षय, सास गीता, आकाश, अमन और अन्य अज्ञात के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है और मामले के हर पहलू की गहन जांच की जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश और दहशत का माहौल है। परिजन इसे सीधी हत्या बता रहे हैं, जबकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## ग्रीन ऑर्चिड रेजिडेंसी में फायर सेफ्टी निरीक्षण व मॉक ड्रिल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** दिल्ली की हालिया घटना को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल के निर्देश पर रविवार को ग्रीन ऑर्चिड रेजिडेंसी में फायर सेफ्टी निरीक्षण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सीएफओ डॉ. राजीव कुमार पांडेय ने किया। इस दौरान अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा व फायर टीम ने सोसायटी के निवासियों और स्टाफ को अग्नि सुरक्षा के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया। साथ ही मॉक ड्रिल आयोजित कर आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीकों का अभ्यास कराया गया। निरीक्षण के दौरान भवन में लगे फायर सिस्टम की जांच की गई। फायर हाइड्रेंट, डाउन कमर, फायर एक्सटिंग्विशर सहित सभी उपकरण कार्यशील पाए गए। टीम ने इमरजेंसी एग्जिट का भी निरीक्षण कर उन्हें अवरोध मुक्त रखने के निर्देश दिए।

# तालाब में डूबकर हुई तीन मासूमों की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** रविवार दोपहर मीरगंज थाना क्षेत्र का गांव तिलमास उस वक्त चीख-पुकार से गूंज उठा, जब तालाब में नहाने गए चार बच्चों में से तीन की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। एक अन्य किशोर की हालत गंभीर बनी हुई है। अचानक हुए इस हादसे ने पूरे गांव को सदमे में डाल दिया, वहीं तीन घरों के चिराग बुझने से परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना रविवार करीब तीन बजे की है। गांव तिलमास निवासी 10 वर्षीय त्रिवेंद्र (पुत्र चरण सिंह यादव), 9 वर्षीय आयुष (पुत्र जियालाल कश्यप) और 8 वर्षीय अंश (पुत्र सुरेंद्र पाल गंगवार अपने साथियों के साथ गांव के तालाब पर नहाने गए थे। भीषण गर्मी के बीच बच्चों का तालाब की ओर जाना आम बात थी, लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि यह मस्ती उनकी जिंदगी पर भारी पड़ जाएगी। नहाने के दौरान अचानक तीनों बच्चे गहरे पानी में चले गए और देखते ही देखते डूबने लगे। बच्चों के डूबने की सूचना मिलते ही आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिना देर किए तालाब में कूद गए। काफी मशक्कत के बाद सभी बच्चों को बाहर निकाला गया। तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने त्रिवेंद्र, आयुष और अंश को मृत घोषित कर दिया। चौथे किशोर की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है।

### तीन घरों में मातम, गांव में पसरा सन्नाटा

एक साथ तीन मासूमों की मौत की खबर ने पूरे गांव को झकझोर दिया। मृतकों के घरों से उठ रही चीखें हर किसी का दिल दहला रही थीं। मां-बाप बदहवास हैं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में हर तरफ सन्नाटा और गम का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बच्चों को अकेले जलाशयों के पास न जाने दें और इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए सतर्कता बरतें।

# मुस्लिम युवती से शादी के बाद तकरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र में इंटरफेस शादी के बाद पति-पत्नी के बीच चल रहा विवाद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया। युवक प्रियांशु सिंह ने घर में जहर खा लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उसे आनन-फानन में निजी अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, गांव चौबारी निवासी प्रियांशु सिंह ने दोपहर करीब एक बजे जहर खा लिया। घटना के समय घर में मौजूद परिजनों ने हालत बिगड़ती देख तुरंत उसे अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। परिवार की ओर से अभी तक कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है, लेकिन मौखिक रूप से सुबह हुए पति-पत्नी के विवाद की बात सामने आई है।जांच में सामने आया कि प्रियांशु ने दूसरे समुदाय की युवती सफीना से शादी की थी। बीते 20 अप्रैल को सफीना ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई थी। उसने आरोप लगाया था कि प्रियांशु नशे में उसके साथ मारपीट करता है और गाली-गलौज करता है, जिससे वह खुद को असुरक्षित महसूस करती है। उसने पुलिस से कार्रवाई की मांग भी की थी। पत्नी की शिकायत के बाद 29 अप्रैल को प्रियांशु ने भी अपनी पत्नी के खिलाफ तहरीर दी थी। उसने आरोप लगाया था कि पत्नी बच्चे का धर्म परिवर्तन कराने का दबाव बना रही है और संपत्ति अपने नाम कराने की धमकी देती है। दोनों पक्षों के आरोपों ने विवाद को और गहरा कर दिया था।

### सुलह के बाद भी नहीं थमी कलह

पुलिस ने दोनों पक्षों को एक मई को जनसुनवाई में बुलाकर समझौता कराया था। उस समय मामला शांत होता दिखा, लेकिन घर के अंदर तनाव खत्म नहीं हुआ। शुक्रवार को फिर झगड़ा हुआ और प्रियांशु ने यह कदम उठा लिया। कैंट थाना प्रभारी का कहना है कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। अभी तक किसी पक्ष की ओर से लिखित शिकायत नहीं मिली है, लेकिन दोनों परिवारों से पूछताछ कर घटना की असल वजह सामने लाई जाएगी।

**▶ प्रियांशु ने खाया जहर, हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती**

## रजिस्ट्री कार्यालय के लिए सोनकपुर तैयार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के सोनकपुर में जल्द ही अत्याधुनिक उप निबंधक (रजिस्ट्री) कार्यालय का निर्माण शुरू होगा। बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता ने बताया कि कचहरी परिसर के पास कार्यालय शिफ्ट करने की मांग पर प्रशासन ने यह कदम उठाया है।जिलाधिकारी कार्यालय के अनुसार, सोनकपुर में भूमि आवंटित कर दी गई है और शासन से बजट की मंजूरी भी मिल चुकी है। निर्माण एजेंसी ने प्रारंभिक तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस नए भवन के बनने से प्रथम और द्वितीय कार्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, जिससे जनता को रजिस्ट्री संबंधी सेवाओं में काफी सहूलियत मिलेगी।

# इतिहास से छेड़छाड़ कर सिखों को बांटने की साजिश: कुलदीप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लन ने भाजपा पर सिखों का इतिहास तोड़-मरोड़कर पेश करने और समाज में नफरत फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सिख समाज अब भाजपा की फूट डालो, राज करो नीति को समझ चुका है और इसका जवाब 2027 के चुनाव में देगा।

पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में भुल्लन ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह को बचाने में मुस्लिम महापुरुषों की अहम भूमिका रही, लेकिन भाजपा इसे गलत तरीके से प्रस्तुत कर रही है। उन्होंने गनी और नबी खान का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने गुरु साहब की जान बचाई थी। साथ ही पीर बुद्ध शाह द्वारा अपने बेटों और भतीजे की कुर्बानी का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसे उदाहरणों को नजरअंदाज कर सिखों को मुस्लिमों के खिलाफ भड़काने की कोशिश की जा रही है।भुल्लन ने लखीमपुर खीरी और पीलीभीत के तराई क्षेत्र में सिख किसानों के जमीन के अधिकारों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बंटवारे के बाद सिख परिवारों को यूपी लाकर बसाया गया था, जिन्होंने बंजर जमीन को मेहनत से उपजाऊ बनाया। अब उन्हीं से जमीन का मालिकाना हक छीना जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने कैबिनेट में हक दिलाने का दावा तो किया, लेकिन हकीकत में 50 एकड़ जमीन छीन ली गई और हजारों एकड़ पर खतरा मंडरा रहा है। सपा नेता ने महंगाई, डीजल-पेट्रोल के दाम और खाद की किल्लत को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा पंचायत चुनाव में हार के डर से उन्हें टाल रही है।



कार्यक्रम में बोलते समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव कुलदीप सिंह भुल्लन।

### 2027 में सपा सरकार का दावा

भुल्लन ने छह जून को लखनऊ में प्रस्तावित सिख सम्मेलन का जिक्र करते हुए कहा कि 2027 के चुनाव में सिख समाज करीब 50 सीटों पर निर्णायक भूमिका निभाएगा। उन्होंने दावा किया कि पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक (पीडीए) के साथ मिलकर सपा सरकार बनाएगी। प्रेसवार्ता के दौरान सपा जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व विधायक विजय पाल सिंह, डॉ. अनीस बेग, अशोक यादव, प्रमोद बिष्ट और ब्रजेश श्रीवास्तव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सांड़ से टकराकर दो कारें पलटीं, पांच महिलाएं घायल



सांड के टकराने से क्षतिग्रस्त कार। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** तेज रफ्तार के लिए बनाए गंगा एक्सप्रेसवे पर रविवार को सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी पोल खुल गई। दातागंज क्षेत्र में डहरपुर गांव के पास एक सांड़ के अचानक एक्सप्रेसवे पर आ जाने से भीषण हादसा हो गया। कार सांड़ से टकराकर पलट गई। अभी लोग संभल भी नहीं पाए थे कि कुछ ही दूरी पर दूसरी कार टायर फटने से पलट गई। दोनों हादसों में पांच महिलाएं घायल हो गईं।

घटना के बाद एक्सप्रेसवे पर अफरातफरी और दहशत का माहौल बन गया। पहला हादसा टोल प्लाजा-207 के पास हुआ। प्रयागराज निवासी दीपक श्रीवास्तव अपने परिवार के साथ मेरठ से लौट रहे थे। उनकी कार तेज रफ्तार में थी कि अचानक एक सांड़ सामने आ गया। चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और कार सीधे सांड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार कई फीट तक घिसटते हुए पलट गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों में हड़कंप मच गया।

इस हादसे में रेशू श्रीवास्तव (45), आराधना श्रीवास्तव (20) और आराध्या श्रीवास्तव (17) गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दातागंज में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार सभी की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है।

### टायर फटते ही पलटी कार

पहले हादसे के कुछ ही देर बाद पीछे से आ रही एक दूसरी कार भी दुर्घटना का शिकार हो गई। बस्ती से हरिद्वार जा रहे उपाध्याय परिवार की कार का अचानक टायर फट गया। चालक ने ब्रेक लगाए तो कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में नीलम उपाध्याय और श्रेया उपाध्याय घायल हो गईं। दोनों को भी तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। लगातार हुए इन दो हादसों ने गंगा एक्सप्रेसवे की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक्सप्रेसवे किनारे लगी फेंसिंग कई जगह टूटी और अधूरी है, जिससे छुट्टा मवेशी आसानी से अंदर घुस जाते हैं। तेज रफ्तार वाले इस मार्ग पर यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे में बदल सकती है।

### लोगों की मांग, तुरंत दुरुस्त हो सुरक्षा

ग्रामीणों और यात्रियों ने प्रशासन से मांग की है कि फेंसिंग की तत्काल मरम्मत कर उसे मजबूत किया जाए, संवेदनशील स्थानों पर बैरियर लगाए जाएं और पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। पूरे बदायूं जिले में छुट्टा मवेशियों की समस्या विकराल हो चुकी है, जिसका असर अब एक्सप्रेसवे जैसे हाई-स्पीड कॉरिडोर पर भी दिखने लगा है। सीओ दातागंज राहुल पांडेय ने बताया कि डहरपुर टोल प्लाजा के पास एक कार छुट्टा मवेशी से टकराकर पलट गई, जबकि दूसरी कार का टायर फटने से हादसा हुआ। घायलों को सीएचसी दातागंज में भर्ती कराया गया है। पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में जुटी रही और एक्सप्रेसवे पर लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

# बंगाल चुनाव: बीएल वर्मा ने जताया भाजपा की बड़ी जीत का भरोसा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** पश्चिम बंगाल की राजनीति को लेकर केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने बड़ा और आक्रामक दावा किया है। बदायूं में लोधी छात्रावास के प्रथम स्थापना दिवस कार्यक्रम में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी। उन्होंने सीधे तौर पर ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी हार तय है और उनके चेहरे पर हताशा साफ दिखाई दे रही है।



बीएल वर्मा।

रविवार को प्रेसवार्ता के दौरान वर्मा ने ममता सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मौजूदा शासन गुंडागर्दी और तानाशाही पर उतर आया है। आम जनता इस सरकार से परेशान हो चुकी है और बदलाव चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को कमजोर किया गया है और विरोधियों की आवाज दबाने की कोशिश की जाती है। केंद्रीय मंत्री ने भरोसा जताया कि इस बार भाजपा को जबरदस्त समर्थन मिलेगा। उन्होंने कहा कि एजेंसियां और प्रशासन निष्पक्ष तरीके से काम करेंगे, चाहे कोई कितना भी दबाव बनाए। वर्मा ने दावा किया कि चुनाव के नतीजे एग्जिट पोल के अनुमानों से भी बेहतर आएंगे और भाजपा स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। इससे पहले कार्यक्रम में संबोधन के दौरान वर्मा ने लोधी छात्रावास को छात्रों के लिए बड़ी सौगात बताया। उन्होंने कहा कि यह छात्रावास ग्रामीण और छोटे शहरों के छात्रों के लिए वरदान साबित होगा। यहां उन्हें बेहतर माहौल और संसाधन मिलेंगे, जिससे वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। वर्मा ने कहा कि अब छात्रों को कोचिंग और तैयारी के लिए दिल्ली या प्रयागराज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस छात्रावास में उन्हें महानगरों जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को खास राहत मिलेगी और वे अपने घर के पास ही बेहतर तैयारी कर सकेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# हनुमान चालीसा केन्द्रों से होगा हर समस्या का हल : शंखधार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मिलक।** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक का आयोजन स्टेशन रोड मिलक पर किया गया। बैठक में बोलते हुए जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को एक माह में दो नए हनुमान चालीसा केन्द्रों की स्थापना करनी है, एक मुट्ठी अनाज के बैग हिन्दू परिवारों में वितरण करके उससे प्राप्त अनाज को निर्धन परिवारों में वितरण करना, त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम, शौर्य प्रशिक्षण वर्ग एवं स्थापना दिवस कार्यक्रम 24 जून को बड़ी धूमधाम से मनाए जाने पर विचार विमर्श किया गया। सभी कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर समाज के कार्यों में लगने के लिए निर्देशित किया गया। जिला अध्यक्ष आदेश शंखधार ने कहा कि ग्राम पंचायत जगेसर तहसील शाहबाद में ग़ैर हिन्दुओं द्वारा अपने एक धार्मिक स्थल की मीनार को अनाधिकृत रूप से बना लिया गया है। कार्यकर्ताओं द्वारा प्रशासन से निरंतर कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है लेकिन तहसील शाहबाद प्रशासन द्वारा उक्त कार्य में कोई रुचि नहीं दिखाई जा रही है, हम चेतावनी देते हैं कि जगेसर प्रकरण में नियमानुसार अति शीघ्र कार्यवाही अमल में लाई जाए अन्यथा पूरे प्रकरण को अपने प्रान्त अधिकारियों से वार्ता कर एक बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा सभी ज़िम्मेदारी प्रशासन की होगी। बैठक में संजय रस्तोगी, मुकेश चंद्रा, सुभाष प्रजापति, शैलेश भटनागर, सर्वराज यादव, प्रदीप कुमार, अनिल राठौर, पुष्पेन्द्र गंगवार, दीनदयाल मौर्य, विक्की यादव, सतीश कुमार, अनुज कुमार, सुचिता अग्रवाल, विशाल दुबे, प्रीतम प्रसाद गंगवार, अशोक श्रीमाली एवं प्रदीप गोस्वामी मौजूद रहे।



# बरेली में लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** कैंट थाना क्षेत्र के सदर बाजार में रविवार को क्रिकेट खेल रहे कुछ लड़कों ने अचानक पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने शुरू कर दिए। देखते ही देखते बाजार में सनसनी फैल गई। लोगों ने जब इसका विरोध किया तो मामला बहस से होते हुए हाथापाई तक जा पहुंचा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद शहरभर में चर्चा तेज हो गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कुछ युवक सड़क किनारे क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने साथी कासिफ का नाम लेकर पाकिस्तान समर्थित नारे लगाना शुरू कर दिया। अचानक गूंजे इन नारों से आसपास मौजूद दुकानदार और राहगीर सन्न रह गए। कुछ देर के लिए पूरा इलाका तनाव में डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने जब इन युवकों को टोका और ऐसा न करने को कहा तो वे उल्टा भड़क गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में तीखी बहस शुरू हो गई, जो धक्का-मुक्की और हाथापाई तक पहुंच गई। सड़क पर हंगामे जैसे हालात बन गए और लोग इकट्ठा हो गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ युवक बाइकों पर सवार होकर बाजार में घूमते हुए पाकिस्तान समर्थित नारे लगाते नजर आ रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में गुस्सा और भी बढ़ गया है।



पाकिस्तान के जिंदाबाद के नारे लगाते युवक सीसीटीवी कैमरे में कैद।

**▶ क्रिकेट खेलते-खेलते भड़का माहौल, 14 पर एफआईआर**

### सीसी टीवी ने खोला राज

शिकायत मिलते ही कैंट थाने की पुलिस हरकत में आई। इंस्पेक्टर संजय धीर मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में पूरी घटना कैद मिली, जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली गई। विकास नाम के युवक की तहरीर पर 14 लड़कों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने साफ किया है कि किसी भी कीमत पर ऐसे मामलों में ढिलाई नहीं बरती जाएगी। नामजद और चिन्हित आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे और कानून अपना काम करेगा।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोबाइल नंबर

7906815587, 9758444242


## एक नजर

### यूपी 112 परियोजना को प्रदेश में मिला प्रथम स्थान

**रामपुर**। अप्रैल वर्ष 2026 में यूपी 112 परफॉर्मेंस डैशबोर्ड पोर्टल रैंकिंग में उत्तर प्रदेश में 94 .68 अंक प्राप्त कर रामपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। परियोजना यूपी-112 के परफॉर्मेंस डैशबोर्ड पोर्टल रैंकिंग सिस्टम में जनपद लगातार माह सितंबर, अक्टूबर, नवंबर, दिसंबर वर्ष 2024 और माह-जनवरी, फरवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त, सितंबर,अक्टूबर, नवंबर, दिसम्बर वर्ष-2025 एवं जनवरी,फरवरी,मार्च व अप्रैल 2026 में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। इस रैंकिंग सिस्टम में मुख्य तौर पर सभी पीआरवी का औसत रिस्पांस टाईम, एक्नालेजमेंट/ इनरूट अराईव टाइम, पीआरवी उपलब्धता, कॉलर फीड बैक, आरओआईपी एक्टिविटी, इवेन्ट क्लोजर सिस्टम, अर्ली अराईव व विजीलेंस जांच रिपोर्ट के अंको के आधार पर जनपद की रेकिंग तय की जाती है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यूपी 112 के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में लगातार 20 वीं बार प्रथम स्थान पर आया है।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर**। कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आगापुर निवासी रोहताश किसी काम से शहर जा रहा था कि रास्ते में पीछे से आ रहे कार सवार ने उसको टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद लोग मौके पर दौड़ पड़े। उसको पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया।

## मारपीट और गाली गलौज करने में चार पर केस दर्ज

**शाहबाद**। नगर के मोहल्ला हकीमान निवासी मोहम्मद अशरफ ने थाने कर तहरीर देकर मारपीट और गाली गलौच करने के मामले में चार लोगों पर केस दर्ज कराया है। मोहम्मद अशरफ का आरोप है कि उसके पड़ोस का अरमान उसकी पत्नी पर बुरी नजर रखता है। अशरफ का यह भी आरोप है कि 19 अप्रैल रात 11 बजे जब वह घर से बाहर था तो अरमान उसके घर में आ गया और उसकी पत्नी के साथ गाली गलौच करते हुए अश्लील हरकतें की। जब वह घर पहुंचा तो उसकी पत्नी ने सारी बातें उसे बताई जब वह शिकायत करने अरमान के घर पहुंचा तो अरमान, हफीज, उजमा और मुस्तफा ने गालियां देते हुए लात घूंसों से मारा। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

# जिले में लगातार भू माफिया सक्रिय, रहें सतर्क

- दूसरों की जमीन मकान बताकर पैसे एठने का बनाया धंधा

जागरण मोर्चा कार्यालय




**रामपुर**। जनपद में कई भू माफिया और चीटर सक्रिय है जो दूसरों की जमीन और मकान को अपना बताकर लोगों से पैसा एठने का धंधा कर रहे हैं। ऐसे लोगों से होशियार रहने की जरूरत है। कोई भी जमीन मकान खरीदने से पहले उसकी पूरी तजदीक करें। मौके पर कब्जा, कागजात देखे। तभी आगे बढ़े वरना आपका पैसा फंस जाएगा।

कई माह पहले शहर कोतवाली क्षेत्र हजरतपुर स्थित सैफ हैंड स्कूल के पास भू माफियाओं ने किसी ओर की काश्तकारी जमीन को अपना बताकर मौके पर बयाना कर लिया था। कुछ दिनों बाद और बकाया दिया गया। जब बुनियाद खौदनी शुरू की। इस बात की जानकारी जब असली हकदार को लगी तो वह मौके पर पहुंच गया तो उसने मौके पर जाकर देखा तो उसने इसका विरोध शुरू कर दिया। यह देख मौके पर दोनों लोगों की कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गई दोनों पक्षों की ओर से मारपीट हो गई। लोगों से सलाह है कि जनपद में कई ऐसे भू माफिया और चीटर है इसलिए कोई भी जमीन-मकान खरीदने से पहले उसकी पूरी जानकारी कर लें। मौके पर यह भी देखे कि असली कब्जा किसका है और कागजात चेक करे। अगर यह सब सही है अगला कदम बढ़ाए।

### 2 से 5 प्रतिशत का दिया जा रहा लालच

शहर की हर गली मोहल्लों में रुपयों के लालच में लोग इतना सक्रिय हो गए है, किसी का भी मकान, प्लाट बेचने के लिए पहले उससे संपर्क करते है। फिर उसके बाद मकान अच्छे दाम की बात बोलकर बातों में बहकाते है। मकान, दुकान लेने वाली पार्टी से 2 से 5 प्रतिशत तक तय करके आते हैं। मकान बिकने की बात जब आती है तो बयाने पर ही तयानुसार 2 से 5 प्रतिशत लेते हैं। यह अधिकतर भमरौआ रोड, सांई विहार, बजरंग विहार, शिव विहार, आश्रम पद्धति रोड, गांधी समाधि, आगापुर, मोरी गेट, उर्दू गेट, डूंगरपुर, बाबू गढ़, चमरौआ, सैदनगर, स्वार, बिलासपुर समेत अन्य स्थानों पर खेल चल रहा है।

> किसी दूसरे का मकान बेचने के मामले में कोई शिकायत आती है तो पहले जांच कराई जाती है। जांच सही पाए जाने पर मुकदमा दर्ज कराया जाता है। - एएसपी अनुराग सिंह

# रिफिलिंग करते समय मारुति वैन में लगी आग, बनी आग का गोला

## शाहबाद के बिलारी बस स्टैंड के पास वैन में लगी आग, लोगों में मची अफरा तफरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद**। शहर के बिलारी बस स्टैंड के निकट एक मारुति वैन में गैस डालते समय अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भयंकर रूप ले लिया। वैन आग का गोला बन गई। वैन से आग की लपटे उठने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस और दमकल की टीम ने बहुत मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, हालांकि तब तक आग से मारुति वैन पूरी तरह जल चुकी थी, गनीमत रही कि वैन में कोई बैठा नहीं था वरना कोई अनहोनी हो सकती थी।

रविवार को शाहबाद के मोहल्ला हकीमान में बिलारी बस स्टैंड के पास गैस डालते समय मारुति वैन में आग लग गई। आग लगते ही मारुति वैन से लपटे उठना शुरू हो गई। आग की लपटें उठती देख मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। कोतवाली से निरीक्षक जयप्रकाश सिंह और हेड कांस्टेबल अनिल कुमार तुरंत मौके पर पहुंचे। उधर दमकल कर्मियों ने आग बुझाई।



गैस भरते समय आग लगने से मारुति वैन से उठती आग की लपटे।



शाहबाद में मारुति वैन में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। -जागरण मोर्चा

### घटना के बाद मौके पर लगी भीड़

कार में आग लगने के बाद लोग मौके पर दौड़ पड़े। उसके बाद किसी तरह से आग को बुझाना शुरू कर दिया। लेकिन आग ने बिकराल रुप धारण कर लिया। जानकारी दमकल विभाग को दी गई ।सूचना के बाद दमकल विभाग के कर्मचारी वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे। उसके बाद आग को बुझाना शुरू कर दिया। काफी मेहनत के बाद आग बुझ सकी,उसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इससे पहले भी कार में गैस भरते समय कई अन्य घटनाएं घटित हो चुकी है लेकिन लोग सुधरने को तैयार नहीं है।

## हार्ट अटैक से शाहबाद में पकौड़ी कारीगर की मौत

- परिजनों को रो-रो कर बुरा हाल
- प्रेमशंकर अपने पीछे दो लड़के और एक लड़की छोड़कर दुनिया से चले गए

जागरण मोर्चा कार्यालय



फाइल फोटो मृतक प्रेम शंकर कारीगर।

**शाहबाद**। नगर के मोहल्ला हकीमान में रविवार को पकौड़ी कारीगर की हार्ट अटैक से हुई अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मचा दिया। जिससे परिवार समेत आसपास के लोगों को गहरा सदमा लगा।

शाहबाद के मोहल्ला हकीमान निवासी प्रेम शंकर (40) नगर के बंगाली चौक पर पकौड़ी बनने का काम करते थे, शहर में उनकी पकौड़ी काफी प्रसिद्ध थी और उनके यहां लोगों की भीड़ जमा रहती थीं, मिली जानकारी के अनुसार रविवार को प्रेमशंकर कारीगर की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। जिसकी जानकारी परिजनों को तब हुई जब प्रेमशंकर की पत्नी उनको दवाई देने के लिए उनके पास पहुंची, तो प्रेमशंकर कारीगर को बेसुध पड़ा देखकर उनके होश उड़ गए। पत्नी की चीख सुनकर परिजन दौड़कर उनके पास पहुंचे और मोहल्ले वालों की मदद से अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने प्रेमशंकर कारीगर को मृत घोषित कर दिया। प्रेमशंकर की मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया। प्रेमशंकर कारीगर अपने पीछे दो लड़के और एक लड़की छोड़कर दुनिया से चले गए।

## दहेज उत्पीड़न और तीन तलाक में छह पर रिपोर्ट दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडा**। थाना टांडा क्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा लगातार मारपीट, गाली-गलौज, मानसिक व शारीरिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकियों का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां फरजाना बेगम ने प्रभारी निरीक्षक को दिए आवेदन में इन आरोपों का खुलासा किया।

फरजाना बेगम निवासी मोहल्ला रांड ईद वाली बगिया टाण्डा ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी इल्मा परवीन का विवाह 17 फरवरी 2026 को आतिफ खान निवासी मोहम्मद केले वाला तालाब, थाना कोतवाली, रामपुर के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार करवाया था। विवाह के दौरान फरजाना बेगम ने अपनी क्षमता से अधिक लगभग 6 तोले सोना तथा पर्याप्त दहेज दिया। इसके बावजूद ससुराल पक्ष असंतुष्ट रहा और लगातार 2 लाख रुपये नकद तथा बुलेट मोटरसाइकिल की अवैध मांग करता रहा। मांग पूरी न होने पर पति आसिफ खान, देवर फैयाज खान, जेठ अदीब खान, सास सायदानंद, ननद अर्शी और ननदोई शारिक खान ने मिलकर इलमा परवीन को लगातार मारपीट, गाली-गलौज तथा मानसिक-शारीरिक उत्पीड़न दिया। साथ ही जान से मारने की धमकियां भी दी गईं। आरोप है कि 20 मार्च को पति आतिफ खान ने इलमा परवीन को तीन तलाक दे दिया। इस मामले में फरजाना बेगम ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर पति आतिफ खान सहित छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नाबालिग को बहला-फुसला कर ले जाने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर**। किशोरी का अपहरण करके ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया।एक मई को आरोपी अर्जुन पुत्र निवासी ग्राम मोमिनपुर अहमदाबाद थाना शहजादनगर किशाोरी को बहला- फुसलाकर अपने घर ले गया था। एवं उसके साथ गलत काम किया था। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली थी।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शहजादनगर पुलिस द्वारा विवेचना के क्रम में मुखबिर की सूचना पर मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी अर्जुन को धमोरा कट के पास से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से आरोपी जेल चला गया।

# सीएम के आदेशों का नहीं हो रहा पालन, सड़कें खोदकर छोड़ी

- जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन बिछाने को खोदी गई थी सड़कें

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर**। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशों का पालन जल निगम के अधिकारी नहीं कर रहे हैं। जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन के लिए खोदी गई सड़कों का आधा अधूरा छोड़ दिया गया है जिससे लोगों के आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही लोग चोटिल भी हो रहे हैं। लेकिन इस ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान नहीं हैं।

प्रदेश सरकार जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्यों को लेकर सख्त है। संबंधित अधिकारियों से साफ तौर कहा गया है कि खुदाई के बाद सड़कों और गड्ढों को तत्काल भरा जाए। साथ ही विभागीय अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें। खुदी सड़क की स्थिति का आंकलन कर तत्काल सुधार कराएं। अधूरे कार्य छोड़ने, समय पर काम पूर न करने या लापरवाही बरतने वाली कार्यदायी संस्थाओं और ठेकेदारों पर जुर्मान लगाने के साथ ब्लैक लिस्ट भी किया जाए। लेकिन इसके बाद भी सड़कें टूटी हुई है। तहसील शाहबाद की नगर पंचायत सैफनी में जल जीवन मिशन के तहत सड़क को खुदा गया था। यहां पर पाइपाइन डाली गई थी। लेकिन इसके बाद गांव की सड़क को ऐसी ही छोड़ दिया गया है। जिससे लोगों में आवागमन में दिक्कत हो रही है।



नगर पंचायत सैफनी की खोदी गई सड़क। -जागरण मोर्चा

### दावा 790 सड़के हैं सही, फिर भी जर्जर

जल निगम ग्रामीण के अधिकारियों का दावा है कि जनपद में 1016 के सापेक्ष 790 गांवों की सड़कें बनाई गई है,लेकिन इसके बाद भी जनपद की कई ऐसे गांव है जिनकी अधिकतर सड़कें जर्जर है। सड़कें जर्जर होने पर लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह जर्जर सड़कें दावों की पोल खोल रही है।

### यह तीन फर्म है रजिस्टर्ड

जल निगम के अधिकारियों के अनुसार जनपद में तीन फर्म रजिस्टर्ड है। जिसमें एसपीएमएल इंफ्रा, ओएमआईएल इंफ्रा, एलसी इंफ्रा फर्म के ठेकेदार ने कार्य कर रहे हैं। 20 फरवरी 2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बरतने के मामले में एनकेजी प्राइमस फर्म को ब्लैक लिस्ट किया गया। नई फर्म का चयन करने के लिए प्रक्रिया आरंभ है।

> जल जीवन मिशन के तहत 1016 के सापेक्ष 790 गांवों की सडकें बनाई जा चुकी है। इसके अलावा मौके पर जाकर साइट का निरीक्षण कर आवागमन के लिए कार्य कराजा रहा है। -मोहित विक्रम सिंह, एक्सईएन, ग्रामीण।

# वन विभाग की टीम ने 14 नग बोटे खैर किए बरामद

- टीम ने एक को पकड़ा छह फरार, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर**। वन विभाग की टीम ने रवाना बीट में खैर की लकड़ी का अवैध कटान कर रहे तस्करों की घेराबंदी कर ली।इस दौरान टीम ने एक तस्कर को मौकें से दबोच लिया,और तस्करों द्वारा काटी गई करीब 14 बोटें और जनरेटर सहित आरा साथ ही एक तमंचा आदि की बरामदगी दिखाई है। जबकि मौके से छह तस्कर फरार बताए जा रहे हैं।

वन दरोगा ने कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है। वन क्षेत्राधिकारी अमित कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम शुक्रवार की रात आरक्षित डडिया वन जंगल में गश्त पर थी। इस दौरान रात करीब बारह बजे टीम को सूचना मिली कि रवाना बीट के अंतर्गत आने वाले कॉम्पाउड नंबर-पांच में एक दर्जन से अधिक तस्कर खैर की लकड़ी का अवैध कटान कर रहे हैं,इस दौरान टीम ने जंगल के आसपास की घेराबंदी कर ली।वही विभागीय टीम की छापेमारी की सूचना पाकर करीब छह तस्कर मौके से खिसक लिए जबकि एक को टीम ने धर-दबोच लिया,जोकि मंजीत सिंह बेरखेड़ा का रहने वाला है। उसके कब्जे से काटे गए 14 नग बोटें अवैध कटान में शामिल जनरेटर सहित आरा और पकड़े गए तस्कर के कब्जे से एक तमंचा दो कारतूसों की बरामदगी हुई।वन दरोगा अखिलेश कुमार ने शनिवार को कोतवाली में तहरीर देकर पकड़े हैं व्यक्ति सहित सात तस्करों के नामजद विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया है।टीम में वन दरोगा दिनेश जोशी,शील कुमार,बीट प्रभारी फूल सिंह,अजीम खां,श्रावण कुमार,कमल किशोर आदि मौजूद रहे।



टीम द्वारा बरामद किए गए खैर के नग। -जागरण मोर्चा

## महिलाओं को किया जागरूक

**रामपुर**। मिशन शक्ति फेस पांच अभियान के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रविवार को जनपद सभी थानों से महिला सुरक्षा दल द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया।जिसमें महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा से जुड़े आवश्यक उपाय, कानूनी अधिकार, नारी सम्मान से संबंधित प्रावधान एवं हेल्पलाइन सेवाओं 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन,112 आपातकालीन सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता तथा घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, ऑनलाइन उत्पीड़न तथा इनके विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की प्रक्रिया के बारे में बताया। मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं को पंपलेट, कॉमिक्स एवं जागरूकता सामग्री वितरित की। ताकि वे अपने अधिकारों एवं सुरक्षा उपायों को आसानी से समझ सकें और आवश्यकता पड़ने पर उनका प्रभावी उपयोग कर सके।

खिले चेहरे — एएसपी ने प्रेस वार्ता के दौरान लौटाए मोबाइल

# सराहनीय: सर्विलांस सेल ने गुम हुए 60 मोबाइल पीड़िता को कराए वापस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर**। पुलिस महानिदेशक द्वारा कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अपराध नियंत्रण के लिए 10 प्राथमिकताएं निर्धारित की गयी है । जिसमें साइबर अपराध से मुकाबला भी एक प्राथमिकता है । इन्ही प्राथमिकताओं का अनुपालन करने के क्रम में अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मोबाइल की गुमशुदगी के सम्बन्ध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं सीईआईआर पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर बरामद किये जाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश के अनुपालन में सर्विलांस टीम के अथक प्रयास से गुम हुए 60 अदद मोबाइल बरामद किए। जिनकी अनुमानित कीमत 21 लाख रुपये है।

उसी के चलते पुलिस लाइन अनुराग सिंह अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बरामद मोबाइल को सम्बन्धित मोबाईल स्वामियों को सौंपा। पुलिस की इस सफलता पर मोबाइल स्वामियों के चेहरे खिल उठे। खुशी की लहर दौड़ गई। मोबाइल धारकों द्वारा बताया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हें अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल पाएगा। मोबाइल धारकों को सचेत किया कि अपने मोबाइल फोन की सुरक्षा जिम्मेदारी से करें।कार्य करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी सर्विलांस सेल के दरोगा टीकाराम चौहान, जितेन्द्र कुमार सर्विलांस सेल, मंयक गोयल सर्विलांस सेल,सिपाही विनय कुमार सिहं सर्विलांस सेल,अनिल कुमार सैनी, दीपक चाहल मौजूद रहे।



पीड़ित को खोया हुआ मोबाइल वापस करते एएसपी। -जागरण मोर्चा

## एक नजर

### जन शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सैनी पहुंचे भौनकपुर

**मिलक।** तहसील मिलक के गांव भौनकपुर में जन शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सैनी रविवार को ग्राम भौनकपुर पहुंचे।उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जन शक्ति दल गरीब, मजदूर, किसान का दल है। यह दल सभी जाति-धर्म के समुदाय को साथ लेकर चल रहा है। उन्होंने बीजेपी सरकार में हो रहे गरीब, मजदूर, किसान के शोषण पर चिंता जताई। अध्यक्ष सैनी ने सभी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी का विस्तार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले जिला पंचायत चुनाव में जन शक्ति दल पूरे दम-खम से हिस्सेदारी लेगा।इस अवसर पर पूनम गंगवार शिवशंकर लोधी - प्रदेश अध्यक्ष, युवा मोर्चा चौधरी रामस्वरू बृजपाल मुन्नी देवी लेखराज, बालक राम, जानकी प्रसाद, जगतवीर, मोहन लाल लोधी, , चोखेलाल, ठाकुर गुरु प्रसाद, ठाकुर नरेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का कार्य 80 फीसद पूरा

## पहाड़ी गेट स्थित 18 करोड़ रुपये की लागत से हो रहा निर्माण


पहाड़ी गेट स्थित निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट। -जागरण मोर्चा

> पहाड़ी गेट पर 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का कार्य 80 फीसद पूरा हो चुका है। इसका निर्माण प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ मिशन के तहत हो रहा है। शासन से 18 करोड़ रुपये से कार्य हो रहा है। यूनिट के संचालन होने से रोगियों को उपचार के लिए अन्य जनपद नहीं जाना पड़ेगा।
> **-डॉ .दीपा सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी।**

**यूनिट में 24 घंटे सेवाएं रहेगी उपलब्ध**

50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट में रोगियों के लिए 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी। यहां पर इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर, सर्जन, आर्थोपेडिक सर्जन, पैथोलॉजी लैब, ब्लड बैंक समेत समस्त सुविधाएं यूनिट में लैस होगी।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाई जा रही 50 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट का कार्य 80 फीसद पूरा हो चुका है। उम्मीद है जल्द ही तीन-चार माह में ही यूनिट का संचालन हो जाएगा। यूनिट के संचालन होने से रोगियों को अन्य जनपदों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बल्कि रोगियों को इसी यूनिट में भर्ती कराकर उपचार मिलेगा।

प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ मिशन के तहत जनपद में एकमात्र क्रिटिकल केयर यूनिट पहाड़ी गेट पर बनाई जा रही है। 50 बेड की यूनिट को वर्ष 2023 में शासन से मंजूरी मिली थी। वर्ष 2024 में इसका काम भी शुरू कर दिया गया था। यह यूनिट करीब 18 करोड़ रुपये की लागत से बन रही है मुरादाबाद की यूपीपीसीएल कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कराया जा रहा है।

# रामगंगा नदी स्वच्छता अभियान पूरा

- 350 किलो से अधिक निकला कचरा

जागरण मोर्चा कार्यालय


स्वच्छता अभियान में हिस्सा लेते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत तथा जिला गंगा समिति के तत्वावधान में हर रविवार, एक घंटा श्रमदान अभियान के तहत कोसी नदी की स्वच्छता के लिए एक अभियान का आयोजन किया।

जिसमें क्लीन रिवर, बेटर टुमारो थीम पर आधारित यह अभियान कोसी पुल क्षेत्र में संचालित किया।जिसमें युवाओं, स्थानीय नागरिकों, क्लीनअप रामपुर, आर्ट ऑफ लिविंग एवं जिला पंचायती राज विभाग द्वारा नामित सफाई कर्मियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की।अभियान का उद्देश्य नदियों के संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान 50 से अधिक स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक श्रमदान करते हुए लगभग 1.5 से 2 किलोमीटर लंबे नदी तट क्षेत्र की सफाई की। सफाई अभियान के दौरान नदी एवं उसके किनारों से 350 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक, पॉलिथीन एवं अन्य अपशिष्ट एकत्रित कर उनका समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया।

इस अवसर पर नमामि गंगे, के डीपीओ लव कुमार ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि नदी स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। छोटे-छोटे प्रयासों से ही बड़े परिवर्तन संभव होते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर एवं हरित रामपुर के निर्माण हेतु सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर जिला गंगा समिति, रामपुर की ओर से इस पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले सभी स्वयंसेवकों, नागरिकों, सहयोगी संगठनों एवं संबंधित विभागों के प्रति हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। समिति द्वारा यह संकल्प दोहराया कि एक कदम स्वच्छता की ओर, एक संकल्प भविष्य के लिए के तहत यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।अभियान से संबंधित अधिक जानकारी अथवा आगामी कार्यक्रमों से जुड़ने के लिए मोबाइल नंबर 85320 38052 पर संपर्क किया जा सकता है।

# 2581 परीक्षार्थियों ने दी नीट, 74 गैरहाजिर

- कड़ी सुरक्षा में सभी केंद्रों पर हुई परीक्षा

जागरण मोर्चा, कार्यालय



राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज के बाहर खड़े परीक्षार्थी। -जागरण मोर्चा

**रामपुर।** 2581 परीक्षार्थियों ने नीट दी। जबकि 74 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। मेडिकल कॉलेज में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए रविवार को राष्ट्रीय पात्रता प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक हुई।

परीक्षा के लिए 2655 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 74 गैरहाजिर रहे कुल मिलाकर 2581 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा के लिए 11 केंद्र परीक्षा बनाए गए। जिसमें राजकीय रजा स्नाकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, राजकीय रजा इंटर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, राजकीय इंटर कॉलेज धमोरा, राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज की परीक्षा केंद्र में परीक्षा हुई।


परीक्षा केंद्र पर तलाशी करते पुलिसकर्मी।

**सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम**

नोडल अधिकारी व केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय गुप्ता ने बताया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के लिएपरीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। केंद्रों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। जबकि केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रही।

# श्रीराम व जानकी का विवाह मिलन का प्रतीक

- दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से हो रहा पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


कथा में मौजूद भक्त। -जागरण मोर्चा


कथा सुनाती वाचक।

**बिलासपुर।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से पांच दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया।जिसके तृतीय दिवस में सर्व आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी जयंती भारती ने कथा को बहुत ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा प्रभु श्री राम की चरण रज को प्राप्त कर अहिल्या का उद्धार हुआ।यह प्रभु के चरणों का प्रताप है, जो भी उनके चरणों से स्नेह करता है। उसका कल्याण संभव हो जाता है। इसके अतिरिक्त साध्वी ने कहा, श्रीराम व जानकी का विवाह, जीवात्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। यही हमारे मानव तन का भी एक मात्र लक्ष्य है। कथा के अंतर्गत उन्होंने पर्यावरण के प्रति भी समाज को जागृत करते हुए कहा। यह प्रकृति हमारी मां है। इसी से हमारा जीवन गतिमान है। अगर इसी प्रकार हम प्रकृति का दोहन करते रहे, तो हमारा अस्तित्त्व खतरे में आ जाएगा।जितनी भी प्राकृतिक आपदाएं आ रही है उसका कारण भी हमारा लोभ और वातावरण के प्रति हमारा अनुचित व्यवहार ही है। यदि अभी भी हम पर्यावरण के आरक्षण के लिए जागृत ना हुए तो हम अपने अस्तित्त्व को भी सुरक्षित नही कर पाएंगे। इसके अतिरिक्त साध्वी ने कहा, समस्त शास्त्रों का सार अध्यात्म ज्ञान है,जिसे एक पूर्ण गुरु हमारे भीतर प्रकट करने का सामर्थ रखते है। इसलिए अध्यात्म ज्ञान को प्राप्त करने के लिए हमें एक ब्रह्मनिष्ठ गुरू की शरण को प्राप्त करना होगा। इसके अतिरिक्त कथा में सुमधुर भजनों का गायन किया गया। कथा का समापन प्रभु की मंगल आरती के साथ किया गया। कथा में अरुण कुमार उपजिलाधिकारी,ऋषभ ठाकुर, निवेदिता मित्तल, साक्षी अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, रुचिका अग्रवाल, रति अग्रवाल, इशिका अग्रवाल, नीरज शर्मा, सत्यपाल जिंदल, रामफल मौजूद रहे।

# 'आवाज को बुलंद करने के लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा'

- 19 मई को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का जिला सम्मेलन होगा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की एक बैठक रविवार को डूंगरपुर पुलिस लाइन में जिलाध्यक्ष अनिल राज के नेतृत्व में हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अनिल राज ने बताया कि 19 मई को नगर पालिका सभागार में उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का जिला सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेश काजू एवं प्रदेश महासचिव अश्विनी कुमार सहित प्रदेश भर के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। सभी सफाई कर्मचारियों एवं कार्यकर्ताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की।इस अवसर पर प्रेम नरेश वाल्मीकि ने कहा कि जब तक हम सब एकजुट नहीं होंगे, तब तक सफाई कर्मचारियों का शोषण होता रहेगा। अपने हक और सम्मान की आवाज को बुलंद करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। उन्होंने सभी कर्मचारियों से 19 मई के सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया।बैठक का सफल संचालन नवीन कुमार सोनू ने किया। इस अवसर पर अमरनाथ वाल्मीकि, विक्की राज एडवोकेट, आनन्द प्रकाश वाल्मीकि, एडवोकेट मनोज घाघट, राकेश सिधवासी, कुलदीप वाल्मीकि, रोहित राज, सज्जाद, गोपाल, राहुल बिट्टू, मकसूद, अदनान सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसोसिएशन ने मनाया विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय


शाहबाद में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद मीडिया कर्मी। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन ने अपने नए कार्यालय में विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर बिना किसी भय या पक्षपात के पत्रकारिता के नारे के साथ सभी पत्रकारों ने अपने-अपने विचार रखते हुए कहा कि आज हम सत्य, स्वतंत्रता और डिजिटल युग में जवाब देही के साथ स्थाई शांति के लिए खड़े हैं।

जिसमें किसी भी प्रकार की सूचनाओं को सार्वजनिक क्षेत्र के रूप में ही देखना है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता को प्रोत्साहित करने और प्रेस की आजादी के मूलभूत सिद्धांतों का जश्न मनाने के लिए विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस हर वर्ष तीन मई के दिन ही मनाया जाता है। उन पत्रकारों को श्रद्धांजलि भी देता है जिन्होंने पत्रकारिता के दौरान अपनी जान गवां दी। विश्व प्रेस पत्रकारिता दिवस का मुख्य उद्देश्य प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ाना और मीडिया की आजादी पर होने वाले हमले के खिलाफ खड़े होकर उनकी रक्षा के साथ पत्रकारों के योगदान को सम्मानित करना ही है।

इस दिन न केवल प्रेस की आजादी का जश्न मनाया जाता है बल्कि दुनिया भर में प्रेस की स्वतंत्रता की स्थिति का आंकलन भी किया जाता है विश्व प्रेस पत्रकारिता दिवस के कार्यक्रम में शामिल रहने वालों में अध्यक्ष आफताब, महासचिव सिफत मियां, संरक्षक बीपी विद्यार्थी, संस्थापक एहसान खान, कार्यकारी अध्यक्ष आकाश शंकर, कार्यकारी अध्यक्ष राजीव कुमार भटनागर कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, संगठन मंत्री विनोद गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शराफत हुसैन, कोषाध्यक मुस्तफा अली, विधिक सलाहकार सुहैल खान, उपाध्यक्ष जहीर खान, उपाध्यक्ष सुमित कश्यप, कनिष्ठ उपाध्यक शावेज़ छोटे, संयुक्त सचिव फैजी खान,सचिव तकरीर अहमद,सचिव शान मोहम्मद,प्रचार मंत्री धर्मेन्द्र सागर,महिला विंग अध्यक्ष नेहा गुप्ता,इरफान मालिक सदस्य,शावेज़ खान सदस्य,विकास मुल्तानी सदस्य,तालिब सदस्य, रशीद अल्वी कार्यालय प्रभारी आदि रहे।

# ग्रीनवुड स्कूल ने जीता 1-0 से मैच



**रामपुर।** राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय महात्मा गांधी स्टेडियम में इम्तियाज उर रहमान खां मेमोरियल डिस्ट्रिक लीग हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन चैम्पियन हॉकी क्लब की ओर से आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के जीएम श्री त्रिपाठी, अमृत कपूर नीरू मेंथॉल के डायरेक्टर, विशिष्ट अतिथि मामून शाह खां वरिष्ठ समाजसेवी रहे।

ग्रीन वुड स्कूल के खिलाड़ी उमर ने मैच के 10 वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। दोनों ही टीमों ने शानदार खेल दिखाया और लगातार एक दूसरे के गोल पोस्ट पर गोल करने के लिए आक्रमण करते रहे लेकिन स्मार्ट इंडियन स्कूल की टीम मैच के अंत तक गोल नहीं कर पाई। इस तरह से ग्रीन वुड स्कूल 1-0 से जीत गया। दूसरा मुकाबला पीलीभीत ओर सनवे स्कूल ओर के बीच खेला गया। जिसमें पीलीभीत की टीम शुरू से ही चढ़कर खेली। मैच के 8 वें मिनट में गोल के बढ़त बना ली उसके बाद सनवे स्कूल गोल के लिए संघर्ष करती रही ओर जोरदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दूसरे क्वाटर में सनवे स्कूल ने डोल गोल कर बढ़त बना ली ओर जबरदस्त खेल दिखाया एक गोल से पिछड़ रही पीलीभीत की टीम ने चौथे और अन्तिम क्वाटर में लगातार दो गोल कर सनवे स्कूल रामपुर को 3-2 से हरा दिया।

# श्री श्याम संकीर्तन में रिया अग्रवाल और अमन मिश्री ने पेश किए भजन

जागरण मोर्चा कार्यालय


रामलीला मैदान में श्री श्याम संकीर्तन में भजन करते कलाकार। -जागरण मोर्चा

**शाहबाद।** शहर के रामलीला मैदान में श्याम प्रेमियों के द्वारा श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें वृंदावन के अमन मिश्री और अमरोहा की रिया अग्रवाल ने भक्तों का श्री श्याम सरकार के भजनों से मन मोह लिया। इस दौरान श्रद्धालु नाचने झूमने को मजबूर हो गए। देर रात तक श्री श्याम सरकार का संकीर्तन का आयोजन किया।इस मौके पर विपुल कुमार, आकाश सक्सेना, मुकेश चंद्र गुप्ता, दिनेश रस्तोगी, श्याम गुप्ता, शुभम अग्रवाल, अर्पित वशिष्ठ, अमित चंद्रवंशी, अमर बरनवाल, अन्नू रावत, सुनील अग्रवाल, गंगा सहाय गुप्ता उर्फ़ पप्पू, शिवम गुप्ता, महेश गुप्ता कूप वाले, सोनू गुप्ता , कुमारी माधुरी सक्सेना एडवोकेट , नीति सक्सेना, धर्मेंद्र सक्सेना उर्फ सोनू, विजय गुप्ता, अभय गुप्ता आदि रहे।

### कुमार कार्तिकेय चौक का आरंभ हो निर्माण

**रामपुर।** कुमार तनय वैश्य समाज के सदस्यों ने नगर विधायक आकाश सक्सेना से भेंट कर पूर्व घोषित कार्तिकेय चौक का निर्माण शीघ्र ही आरम्भ कराने के लिए ज्ञापन दिया। कुमार तनय वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक श्रीष गुप्ता ने ज्ञापन देते हुए मांग की। 2 वर्ष पूर्व विधायक आकाश सक्सेना से स्वजातिय समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मिल कर स्टार चौराहे के नाम भगवान शिव के पुत्र भगवान कार्तिकेय ने नाम पर नामकरण करने की मांग रखी थी। विधायक ने मांग को सही मानकर इसकी संस्तुति प्रदेश सरकार को भेजी थी। प्रदेश सरकार से इसकी संस्तुति आ चुकी है इसकी घोषणा भी समाचार पत्रों में हो चुकी है। लेकिन इसको लगभग एक वर्ष हो चुका है। समाज कई बार विधायक से संपर्क कर मांग दोहराई है। रविवार को समाज के पदाधिकारियों ने इसे शीघ्र आरम्भ कराने की मांग रखी।

**अभियान** शहर में नहीं थम रही बिजली चोरी, बढ़ा रहा लाइनलॉस

# अप्रैल में 232 घरों से पकड़ी बिजली चोरी



जागरण मोर्चा, कार्यालय

**पहाड़ी गेट, डूंगरपुर बना चोरी का गढ़**

शहर में 13 बिजलीघर है। नवाबगेट, शाहबाद गेट, बिलासपुर गेट, पहाड़ी गेट, पनवड़िया, अजीतपुर प्रथम, द्वितीय, आंबेडकर पार्क, रजा, किला, थाना गंज, डूंगरपुर है। अप्रैल में सबसे ज्यादा पहाड़ी गेट और डूंगरपुर में बिजली चोरी में एफआईआर दर्ज हुई है। यानि इस हिसाब से दोनों सब स्टेशन चोरी का गढ़ बन चुके हैं।

**रामपुर।** शहर में बिजली चोरी नहीं थम रही है, बराबर लाइनलॉस बढ़ता जा रहा है। यह स्थिति तब है कि चोरी पर रोक लगाए जाने के लिए बराबर चेकिंग हो रही है। इसके बाद भी चोरी पर अंकुश नहीं लग रहा है। यह हम नहीं कह रहे हैं बल्कि बिजली निगम के आकंड़ें खुद बता रहे हैं कि शहर में बिजली चोरी कितनी हो रही है।

गर्मी शुरू हो गई है इससे निजात पाने के लिए लोग कूलर, एयरकंडीशन, पंखों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

बिजली निगम के आंकड़ों के अनुसार अप्रैल में 232 उपभोक्ताओं पर धारा 135 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि मार्च माह के आंकडों को देखा जाए तो कुल 156 उपभोक्ताओं पर चोरी में रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इससे साफ जाहिर है कि चोरी पर प्रभावी अंकुश नहीं लग रहा है।

जानकारी में आया है कि लाइनलॉस को कम कराए जाने का कई बार विभागीय अधिकारियों की बैठक में मुद्दा उठ चुका है। यहां तक चेतावनी भी दी गई है। लेकिन इसके बाद चोरी पर रोक नहीं लग रही है।



## एक नजर

### पत्नी ने लगाया पति पर उत्पीड़न व जबरन गर्भपात का आरोप

**सैफनी।** महिला ने अपने पति पर उत्पीड़न व जबरन गर्भपात का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता ने बताया वह मूल रूप से किशनगंज (बिहार) की रहने वाली है। करीब आठ माह पहले उसका निकाह ग्राम बैरुआ निवासी मोहम्मद उमर से हुआ था। तहरीर के मुताबिक, निकाह के बाद से ही पति, उस पर शारीरिक और मानसिक अत्याचार करता रहा। वहीं पत्नी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि वह उमर की चौथी पत्नी है और इससे पहले भी उसकी पत्नियों के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। महिला ने बताया कि गर्भवती होने पर 25 अप्रैल को उसे सैफनी के एक निजी अस्पताल में ले जाकर उसकी मर्जी के खिलाफ गर्भपात करा दिया गया। इसके बाद 2 मई को तबीयत खराब होने के बावजूद पति ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

# जिला बना मछली बीज उत्पादन का मिनी कोलकाता



मछली दिखाता ग्रामीण।

- इस वर्ष उत्पादन में 27 प्रतिशत का इजाफा, 10 हजार मीट्रिक टन के पार पहुंचा आंकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** मुरादाबाद मंडल का जिला अब पारंपरिक खेती के साथ-साथ मत्स्य पालन और बीज उत्पादन के क्षेत्र में पूरे उत्तर भारत का सिरमौर बन गया है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मछली उत्पादन में पिछले साल के मुकाबले 27 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे कुल उत्पादन 10,402 मीट्रिक टन के पार पहुंच गया है। उत्पादन बढ़ने के साथ ही रोजगार सृजन के मोर्चे पर भी इस क्षेत्र ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है।

मत्स्य विभाग के सहायक निदेशक प्रशांत गंगवार के अनुसार, वर्ष 2025-26 में मत्स्य पालन और बीज उत्पादन से सीधे तौर पर 3846 लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है। जिले में वर्तमान में 56 हैचरी संचालित हैं, जहां से करीब 200 करोड़ मछली बीज पूरे उत्तर भारत में सप्लाई किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मिल रही सब्सिडी और नई तकनीकों के इस्तेमाल ने रामपुर को मछली बीज उत्पादन में 'मिनी कोलकाता' की पहचान दिला दी है। यहां की पंगेसियस मछली और बीजों की मांग दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब तक छाई हुई है।



मिलक में बना फौजी फिश हैचरी व मछली पालने के लिए बनाया गया तालाब।

**फौजी फिश हैचरी से सैकड़ों को मिला रोजगार**

तहसील मिलक के ग्राम धनौरा निवासी सत्येन्द्र कुमार की फौजी फिश हैचरी मत्स्य पालन क्षेत्र में एक मिसाल बनकर उभरी है। वर्ष 2002 से संचालित इस हैचरी में रोहू, नैन, ग्रास, सिल्वर और कतला जैसी मछलियों का उत्तम बीज तैयार किया जाता है। सरकारी योजना के तहत सत्येन्द्र को पानी में ऑक्सीजन बनाए रखने वाले एरेटर मशीन पर 30 हजार रुपये की सब्सिडी मिली है, जिससे उनके कारोबार को और गति मिली है। 70 से 80 लाख रुपये के सालाना टर्नओवर वाली यह हैचरी स्थानीय स्तर पर 100 से 150 लोगों को सीधा रोजगार मुहैया करा रही है। कारोबार को और अधिक लाभकारी बनाने के लिए वे भविष्य में मछली बीजों के लिए एक तय न्यूनतम मूल्य निर्धारित होने की उम्मीद जता रहे हैं। उनका मानना है कि यदि बिजली आपूर्ति को 10 घंटे से बढ़ाकर 18-20 घंटे कर दिया जाए और सोलर पैनल की सुविधा मिले, तो डीजल का खर्च बचेगा और मत्स्य पालकों के मुनाफे में कई गुना वृद्धि होगी।

**आधुनिक तकनीकों से उत्पादन को मिल रही नई दिशा**

पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ जिले के किसान प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 'बायोफ्लॉक' और 'आरएएस' जैसी आधुनिक तकनीकों को भी अपना रहे हैं। आरएएस तकनीक से पानी को रिसाइकिल करके सीमित स्थान में अधिक उत्पादन लिया जा रहा है। वर्तमान में रामपुर में चार बायोफ्लॉक और एक आरएएस यूनिट सफलतापूर्वक चल रही है। इसके अलावा निषादराज बोट सब्सिडी योजना के तहत नाव खरीदने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। भविष्य में मूल्य संवर्धन के लिए कोल्ड स्टोरेज और प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना से रामपुर के मत्स्य उद्योग को एक नई ऊंचाई मिलेगी।

**सहकारी समितियों से बाजार तक पहुंच हुई आसान**

मत्स्य पालन को बढ़ावा देने में सहकारी समितियां भी अहम भूमिका निभा रही हैं। तहसील शाहाबाद के ग्राम कीरा निवासी और मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड के सचिव राजेंद्र प्रसाद अपने गांव के 264 हेक्टेयर के सामुदायिक तालाब और 7 बीघा निजी तालाब में बड़े स्तर पर मत्स्य पालन कर रहे हैं। वर्ष 2021 से पंजीकृत उनकी यह समिति स्थानीय बाजारों से लेकर आसपास के राज्यों तक ताजी मछलियों की आपूर्ति कर रही है, जिससे 10 से 15 लाख रुपये का सालाना टर्नओवर हो रहा है। राजेंद्र प्रसाद का सुझाव है कि नीलामी के बाद पट्टा आवंटन का अधिकार पत्र यदि एक सप्ताह के भीतर मिल जाए, तो मत्स्य पालक सही मौसम में बीज डालकर बेहतर उत्पादन ले सकते हैं। साथ ही, मत्स्य पालन को कृषि का दर्जा देकर उसी दर पर बिजली मुहैया कराई जाए और बोरिंग की सुविधा मिले, तो लागत में भारी कमी आएगी और किसानों की आर्थिक स्थिति और सुदृढ़ होगी।

# स्मार्ट मीटर नहीं, यह स्मार्ट है लूट: फैसल

### केमरी बिजली घर पर कार्यकर्ताओं ने ऑक्सीजन मास्क लगाकर और स्मार्ट मीटर के फोटो जलाकर जताया विरोध

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर।उत्तर प्रदेश में स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित लूट और लगातार बिजली कटौती के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला और जिला अध्यक्ष अंसार अहमद के नेतृत्व में केमरी बिजली घर पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पुराने बिजली मीटर से पाइप जोड़कर ऑक्सीजन मास्क अपने चेहरे पर लगाया और स्मार्ट मीटर के फोटो जलाकर विरोध दर्ज कराया। इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के ज़रिए उन्होंने सरकार की नीतियों पर तीखा हमला बोला।

प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला ने कहा जिस तरह एक मरीज अस्पताल में ऑक्सीजन मास्क के सहारे अपनी सांसे बरकरार रखता है, उसी तरह आज उत्तर प्रदेश की अवाम महंगी बिजली के बोझ तले मुश्किल से जिंदा है। पुराने मीटर किसी तरह राहत दे रहे थे, लेकिन अब हुकूमत ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाकर वो ऑक्सीजन भी छीनने की कोशिश की है।भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि ये सिर्फ मीटर नहीं, गरीब और मध्यम वर्ग की जेब पर डाका है, ये जुल्म है, और इसके ख़िलाफ़ आवाज़ उठाना हर जागरूक नागरिक का फर्ज है। ये स्मार्ट मीटर नहीं, गरीब की जेब काटने का नया तरीका है। बिजली महंगी करके सरकार ने पहले ही सांसें मुश्किल कर दी थीं! अब प्रीपेड मीटर लगाकर वो आखिरी ऑक्सीजन भी छीनी जा रही है! आम आदमी बिल नहीं, अपना हक मांग रहा है! जब तक ये जुल्म बंद नहीं होगा, हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इसके अलावा प्रदेश में नलकूपों (ट्यूबवेल) पर फोर जी सिम स्मार्ट मीटर लगाने की स्कीम शुरू की गई है, जिससे किसानों में सख्त नाराज़गी पाई जा रही है। जिला अध्यक्ष अंसार अहमद ने कहा कि प्रदेश के लाखों उपभोक्ता मनमाने बिजली बिल, गलत रीडिंग, बेहिसाब दरों और तकनीकी खामियों की वजह से सख्त परेशान हैं। इस हालत ने अवाम में गुस्सा और बेचैनी बढ़ा दी है। जो स्मार्ट मीटर पारदर्शिता और सहूलियत देने के लिए लगाए जा रहे हैं, वही आज आम जनता पर एक ज़बरदस्त माली बोझ बन चुके हैं। आम उपभोक्ताओं की शिकायत है।





मुंह पर मास्क लगाकर और हाथ में स्मार्ट मीटर लेकर प्रदर्शन करते आप के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

**विरोध जताने में यह लोग रहे मौजूद**

शकील अंसारी, वकील अहमद,मोहम्मद तारिक, शारिक परवेज, मोहम्मद जफर, यासीन उर्फ गुड्डू, सरफ़राज़ गुडडू,आरिफ सिकंदर राजू, अब्दुल अय्यूब, फैजान सैफी, वकील हैदराबादी, नियाज अहमद, बशीर अहमद, इकबाल हुसैन,आयुष जौहरी,शिराज अहमद,गुलाबो देवी,नन्ही देवी, शेम लता, मानसी,रुकसाना बी,शबनम परवेज़,टीना कुमारी,रजनीश शर्मा, संजीव पांडे,मुन्ने अली, सलीम अहमद, एजाज़ अहमद, पूर्व प्रधान रईस उद्दीन,इकरार अहमद,सलीम अहमद, जावेद हबीब,राशिद अली,फैज़ खां,आमिर खां, अलीम अली, आशु,नासिर हुसैन,अब्दुल समद, रेहान खां,उवैज़ खां, एहतेशाम खान, इकबाल हुसैन,तालिब खान, दाऊद अली, वासिल खां, अमीक जहांगीर, अथर अली, मौ0 यासिर, उज्जाम खालिद, रेहान अली, रहमान खां,आशु अंसार,आरिश खां,मामून खां,रय्यान खां,अरहम खां,आलमगीर,ऋषि पाल,मुकेश यादव,भीम सिंह, इंद्रमणि,महेश सैनी आदि मौजूद रहे।

# पूरी जिन्दगी मिल्लत के कामों में गुजारी: बाबर खां

- राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के इंतकाल पर फेडरेशन ने जताया दुख

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खां ने कहा कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जमील सिद्दीकी एक नेक दिल इंसान थे। उन्होंने अपनी पूरी जिन्दगी मिल्लत के कामों में गुजारी साथ ही तालीम पर काम किया। उनके इंतकाल से फेडरेशन को बड़ा नुकसान हुआ है।

रविवार को शहर के मोहल्ला घेर मियां खां स्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर बैठक का आयोजन हुआ। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के इंतकाल पर अफसोस जताया। महासचिव जमीर रिजवी ने कहा कि जमील साहब ने फेडरेशन को छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि उड़ीसा और मध्य प्रदेश में भी फैलाया है। जमील साहब के परिवार ने बताया कि वह महाराष्ट्र में सेमिनार में गए थे। वापसी में तबियत खराब हो गई। इसलिए आल इंडिया के प्रोग्राम कैंसिल कर दिए। अंत में जिलाध्यक्ष शादाब कदीरी ने मगफिरत की दुआ कराई। इस अवसर पर मास्टर वहाब, राहत जान खां, आरिज खां, खान शुऐब युनूस, अर्शी खां आदि मौजूद रहे।



घेर मियां खां स्थित आयोजित बैठक में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य।

# स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर जताया आक्रोश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** स्कूलों में लगातार हो रही फीस वृद्धि को लेकर वीर खालसा सेवा समिति ने कड़ी नाराजगी जताई। जिला अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि स्कूल मैनेजमेंट का फर्ज बच्चों को अच्छी शिक्षा उनका भविष्य दे न की कोर्स। उनकी मर्जी से ड्रेस उनकी मर्जी से यह चीज परिवार की अपनी मर्जी होनी चाहिए। महंगाई के इस दौर में गरीब बच्चों को जो कि उनके परिवार मां-बाप अच्छी शिक्षा के लिए स्कूल में पढ़ने के लिए भेजते हैं।

उन परिवारों को फीस में स्कूल मैनेजमेंट को सहयोग करना चाहिए। आज हर मां-बाप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने चाहता है, लेकिन महंगाई के कारण परिवार को दिक्कत आती है। मेरा स्कूल मैनेजमेंट से अनुरोध है गरीब बच्चों की पढ़ाई में मदद करें। परिवार को बेवजह परेशान न किया जाए। ड्रेस कॉपी किताबें परिवार जहां से दिलवाए,परिवार की अपनी मर्जी होनी चाहिए।

अगर यह समस्या दूर नहीं होती तो समिति के द्वारा इसका कड़ा विरोध किया जाएगा। बच्चों की पढ़ाई में हम सब का सहयोग जरूरी इस मौके पर नारायण सिंह, सेवा सिंह, गुलशन अरोड़ा, मनिंदर सिंह, कमलजीत सिंह, मनजीत सिंह, सेवा सिंह मौजूद रहे।



स्कूलों में फीस वृद्धि को लेकर बैठक करते लोग। -जागरण मोर्चा

### हाईवे पर डीसीएम और ट्रैक्टर की भिड़ंत

**बिलासपुर।** शनिवार रात हाईवे पर नवीन मंडी के सामने कोरियर भरे डीसीएम और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई।गनीमत रही की दोनों ही वाहनों के चालक बाल-बाल बच गए जबकि डीसीएम का अगला हिस्सा और ट्रैक्टर का एक पहिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद दोनों के चालकों में कहासुनी शुरू हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई।बरेली के थाना सुभाषनगर के बालाजी मंदिर निवासी अब्दुल रूद्रपुर से गुड़गांव कोरियर भरा डीसीएम लेकर रविवार की रात निकला था। बताया जाता है कि नवीन मंडी में गेहूं उतारकर लौट रहे धावनी हसनपुर निवासी बब्लू यादव के ट्रैक्टर में घुस गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर का तो, पहिया ही क्षतिग्रस्त हुआ मगर डीसीएम का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

# दिव्यांगों को बांटे उपकरण



बैठक को संबोधित करते वक्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**धमोरा।** शहजादनगर थाना क्षेत्र के राजा रामपुर गांव में जय बाबा मोहन राम ट्रस्ट की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दूर-दराज से दिव्यांगों को बुलाकर एक बैठक की गई। जिसमें सभी तरह के दिव्यांगों को तरह तरह के उपकरण प्रदान कराए गए।

जिसमें चमरौआ ब्लॉक , मिलक , अताईनगर ,शाहबाद , डोहरिया समेत दर्जनों गांव के दिव्यांगों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान कार्यक्रम में राजारामपुर निवासी नेपाल की पुत्री जोकि श्रवण दिव्यांग है। वह दो बच्चियों को श्रवण यंत्र उपकरण जय बाबा मोहन राम ट्रस्ट के माध्यम से दिए गए। साथ ही आकांक्षा ,अनवी को कान से सुनने की मशीन देकर दोनों को जीवन में आवाज सुनने का मौका प्रदान राममोहन ट्रस्ट ने कराया। इसके अलावा फरीद पुत्र इकरार लदौरा ,नारायणपुर जो की दिव्यांग है। उसको जय बाबा मोहन राम ट्रस्ट ने ट्राई साइकिल दी है।कार्यक्रम में सभी को उपकरण पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस दौरान ट्रस्ट के अध्यक्ष जय राम सिंह ने बताया कि दिव्यांग लोगों को हमारी से निरंतर लाभ दिया जा रहा है। साथ ही आगे भी ट्रस्ट काम कर रहा है। जिसके ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पदाधिकारियों ने गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के सभी सदस्यों पदाधिकारी ने गौशाला पहुंचकर गायों की सेवा की। सबसे पहले समिति के सदस्यों ने गाय को तिलक किया। उसके बाद समिति सदस्यों ने तरबूज,खीरे,खरबूजे का चारा खिलाया।इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित कन्हैयालाल शर्मा ने कहा कि जो लोग अपने घरों में गायों को पालते हैं। उनके घर में कभी धन की कमी नहीं होती है। उन्हें कोई बीमारी भी नहीं होती है। गाय पालने से मन को शांति मिलती है। गाय हमारी माता है। गाय में राष्ट्र माता घोषित करना चाहिए। इस अवसर पर मीणा अग्रवाल,उषा शर्मा, सुमित गुप्ता, राजकुमार सिंह, मधु बंसल, वेद प्रकाश गुप्ता, अमित कुमार, तथा गौ सेवा गोपाल सेवा समिति के अध्यक्ष संदेश अग्रवाल उपस्थित रहे।



### नाबालिग के अपहरण में रिपोर्ट दर्ज

**टांडा।** थाना टांडा क्षेत्र के एक ग्राम में एक ग्राम में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाने का मामला सामने आया है। क्षेत्र के एक ग्राम निवासी ग्राम निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री दिनांक 01 मई की रात्रि करीब 3 बजे घर से गायब हो गई। जब परिवार जागा तो लड़की घर में नहीं मिली। गांव में पूछताछ करने पर पता चला कि विपक्षी मोनू निवासी ग्राम फत्तावाला दढियाल ने बहला-फुसलाकर उसको भगा लिया है। आरोपी मोनू के साथ बन्टी भी उसी गांव का निवासी, इस घटना में शामिल था। बन्टी ने दोनों को गांव से बाहर निकालने में मदद की।पीड़ित ने आरोपियों के घरवालों से बात करने की कोशिश की, लेकिन वे भी फरार हो गए। उसने अपनी नाबालिग बेटी की काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अंत में परेशान होकर वह थाना पहुंचा और रिपोर्ट दर्ज कराई।

**आयोजन** रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक का हुआ आयोजन

# मेधावी बच्चों का सम्मान करेगा तुरैहा मछुआ समाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को सराय गेट स्थित माता संतोषी मन्दिर बाबा रामस्वरूप तुरैहा की समाधि के प्रांगण में तुरैहा मछुआ समाज की बैठक का आयोजन किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए तुरैहा मछुआ समाज के जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा ने कहां की 7 से 21 मई तक राष्ट्रीय जनगणना कार्यक्रम के स्वगणना होगी। जिसमें कोई भी व्यक्ति जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जनगणना स्वयं कर सकता है।

इसलिए संगठन के सभी तहसील प्रभारी अपने अपने क्षेत्र के स्वजातीय परिवारों को इस सम्बन्ध में जागरूक करें।जाति वाले कालम में तुरैहा अनुसूचित जाति ही अंकित कराए। जिससे अपने समाज के परिवारों की पहचान व संख्या की सही स्थिति राष्ट्रीय जनगणना पोर्टल पर दर्ज हो सके। इसके लिए सभी सक्रिय साथी इस कार्य को कराए।जिलाध्यक्ष ने कहां की समाज आज भी बिखरा हुआ है।अपने ही बीच के कुछ तथाकथित लोग आपस में फूट डालने का काम कर रहे है जो बहुत नुकसानदायक व समाज के भविष्य के लिए उचित नही है। ऐसे लोग केवल व्यक्तिगत लाभ प्राप्त करने के लिए तरह तरह चक्रव्यूह रचते हैं। जिला मंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट ने कहां की समाज में शिक्षा की महत्ता व बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज सभी साथियों की आम सहमति से जनपद के सभी तहसील व नगरीय क्षेत्र के स्वाजातीय परिवार के जो बच्चे हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट व अन्य उच्च परीक्षाओं में मेधावी रहे हैं। उन सभी को संगठन के अगामी कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया जाएगा।





बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष कमल कुमार तुरैहा। -जागरण मोर्चा

**यह लोग रहे मौजूद**

जिला मंत्री रामसिंह तुरैहा एडवोकेट,कामरेड मेवीराम, रामगोपाल पंडित , अरविन्द कुमार, धर्म सिंह, नरेंद्र कुमार तुरैहा, राजेश कुमार तुरैहा, पूरन लाल कश्यप, प्रियांशु राय, अंकित कुमार, मुरारीलाल तुरैहा, अर्जुन कुमार सिंगनखेड़ा, प्रीतम तुरैहा, पवन कश्यप, राजीव कुमार तुरैहा, रामसरन, रवि तुरैहा, कृष्ण अवतार पंडित जी, रिन्कू, नवल किशोर, शिवकुमार, बालकिशोर आदि उपस्थित रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच 4 केंद्रों पर नीट संपन्न

## नीट परीक्षा में 1718 परीक्षार्थियों में 39 ने छोड़ी परीक्षा, बायोमेट्रिक हाजिरी और सघन तलाशी के बाद ही मिला केंद्रों में प्रवेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तहसील क्षेत्र में चार केंद्रों पर नीट की परीक्षा संपन्न कराई गई। उक्त परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक एक पारी में संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर पुलिस महकमा मुस्तैद बना रहा। अधिकारी भी परीक्षा को लेकर चौकन्ने नजर आए। 1718 परीक्षार्थियों में 1679 ने परीक्षा दी। जबकि जबकि 39 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

तहसील क्षेत्र के एसएम कालेज, एसएम इंटर कालेज, नानक चंद आदर्श इंटर कालेज तथा बहजोई स्थित हीरा देवी तोताराम इंटर कालेज में रविवार को नीट की परीक्षा संपन्न कराई गई। उक्त परीक्षा को लेकर परीक्षा केंद्र के आसपास काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। परीक्षार्थियों के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी चौकन्ना बना रहा। उक्त परीक्षा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक एक ही पारी में संपन्न कराई गई। जिसमें सुबह 11 बजे से ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश आरंभ कर दिए। परीक्षार्थियों को तलाशी लेने के बाद ही अपने पक्ष में जाने दिया गया। बायोमैट्रिक हाजरी के बाद ही प्रवेश दिया गया। वहीं प्रशासनिक अधिकारी भी परीक्षा को लेकर सतर्क नजर आए और पल-पल की जानकारी अपने अधीनस्थों से लेते रहे। नीट परीक्षा में एसएम कालेज में 480 परीक्षार्थियों में से 468 ने परीक्षा दी, जबकि 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नानक चंद आदर्श इंटर कालेज में 480 परीक्षार्थियों में 471 ने परीक्षा दी। जबकि 8 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। एसएम इंटर कालेज में 480 परीक्षार्थियों में से 466 ने परीक्षा दी। जबकि 14 अनुपस्थित रहे। इसके अलावा परीक्षा केंद्र हीरा देवी तोताराम इंटर कालेज में 278 परीक्षार्थियों में से 273 ने परीक्षा दी। जबकि 5 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।


एसएम इंटर कालेज परीक्षा केंद्र के बाहर चस्पा लिस्ट में अपना नाम देखता परीक्षार्थी।


एसएम इंटर कालेज परीक्षा केंद्र बायोमैट्रिक हाजरी लगाते परीक्षार्थी।


परीक्षा केंद्र के बाहर सिपाही के हाथ जोड़ता परीक्षार्थी। –जागरण मोर्चा

### 5 मिनट देरी से पहुंचा छात्र, नहीं मिला परीक्षा केंद्र में प्रवेश

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र में 4 परीक्षा केंद्रों पर नीट की परीक्षा संपन्न कराई गई। एसएम इंटर कालेज परीक्षा पर परीक्षार्थियों के लिए सुबह 11 बजे से प्रवेश आरंभ कर दिया था। दोपहर 2 बजे से परीक्षा संपन्न होनी थी। इसके बाद दोपहर 1.30 बजे परीक्षा केंद्र का गेट बंद कर दिया। 1.35 बजे परीक्षा देने परीक्षार्थी अभिषेक कुमार पुत्र पन्ना लाल निवासी फरीदपुर खास थाना बनियाठेर पहुंचा। छात्र ने परीक्षा केंद्र के गेट पर तैनात पुलिस बल के काफी हाथ जोड़े मगर उसे प्रवेश नहीं दिया। जिससे छात्र सोने लगा। छात्र ने बताया कि उसकी बाइक खराब हो गई थी। जिससे आने में देरी हुई। युवक अपने पिता के साथ निराश होकर अपने घर लौट गया।

### एक नजर

### बंद मकान के ताले तोड़ जेवर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए

**चन्दौसी।** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बंद घर के ताले तोड़ चोर सोने–चांदी का जेवर सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की तहरीर थाने में दी गई है। गांव आटा में रीना पत्नी स्व. नरेश कुमार अपने पुत्र अंश व पुत्री गुनगुन के साथ रहती हैं। वह शनिवार की दोपहर अपने रिश्तेदार के घर शादी समारोह में गांव से बाहर गई थी। मकान के मेन गेट पर ताला लगा था। रविवार की सुबह 7 बजे महिला के चाचा भूदेव ने सूचना दी कि मकान के मेनगेट का ताला टूटा है। सूचना मिलने के कुछ देर बाद महिला वापस लौट आई और मकान में जाकर देखा तो कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। महिला ने बताया चोर उसके घर से दो जोड़ी चांदी की चेन, दो सोने की अंगूठी, एक बेसर, एक ताबीज, एक जोड़ी कुंडल, दो बुंदे आदि जेवर चुराकर ले गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला ने जानकारी दी। सूचना के बाद ग्रामीणों की भीड़ भी महिला के घर पहुंच गई।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर नीलगाय से टकराकर पलटी कारें

### चाचा-भतीजे समेत तीन लोग घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** 29 अप्रैल को जिस गंगा एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के बाद लोगों ने तेज रफ्तार सफर के सपने देखे थे, गंगा पुल से 500 मीटर दूर नीलगाय से हुई टक्कर ने न केवल कारों को क्षतिग्रस्त कर दिया, बल्कि तीन जिंदगियों को मौत के मुहाने पर लाकर खड़ा कर दिया।

शनिवार की देर रात गाजियाबाद के संजय नगर निवासी राहुल अपनी कार से लखनऊ से अपने घर लौट रहे थे। एक्सप्रेसवे पर सब कुछ सामान्य था कि तभी अचानक गंगा पुल से 500 मीटर की दूरी पर एक नीलगाय काल बनकर सामने आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई और राहुल की कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रही कि राहुल बाल-बाल बच गया और मामूली चोटें आईं। वहीं कुछ देर बाद प्रयागराज से नोएडा लौट रहे प्रॉपर्टी डीलर विनय गुप्ता और उनके भतीजे आयुष गुप्ता की होंडा कार वहां से गुजरी। सड़क पर पड़ी मृत नीलगाय चालक को दिखाई नहीं दी, और जैसे ही कार उस पर चढ़ी, गाड़ी अनियंत्रित होकर हवा में उछल गई। कार करीब 20 मीटर दूर जाकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। हादसा इतना भयंकर था कि रोंगटे खड़े हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को नगर के सीएचसी ले जाया गया, जहाँ से चाचा भतीजे की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया एक्सप्रेसवे का उद्घाटन अभी कुछ ही दिन पहले हुआ है, वहां की फेंसिंग के बाद अचानक नीलगाय एक्सप्रेसवे के मुख्य मार्ग तक कैसे पहुंची? यह घटना निर्माण एजेंसी और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवालिया निशान है। अगर सुरक्षा के यही इंतजाम रहे, तो यह 'एक्सप्रेस' सफर कहीं 'एक्सीडेंटल' सफर न बन जाए।


दुर्घटनाग्रस्त कार।


घायल भतीजा।


घायल चाचा। –जागरण मोर्चा

## सोते समय महिला को सांप ने डसा, गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव सैंजनी में रविवार की सुबह घर में सो रही महिला के गाल पर सांप ने डस लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन महिला को उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव सैंजनी निवासी महिला मोरश्री पत्नी दिनेश कुमार घर में सोई थी। तभी महिला के गाल पर सांप ने डस लिया। दर्द होने पर महिला ने शोर मचाया, तो परिजन मौके पर पहुंच गए। सांप के डसने की जानकारी होने पर परिजन महिला को निजी वाहन से उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद भी महिला की हालत गंभीर बने रहने पर चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार 4 घायल, 3 की हालत गंभीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर अज्ञात कार की टक्कर लगने से नियंत्रित हुई करने सामने आ रहे बाइक स्वरों को मारी टक्कर तीन की हालत गंभीर मेरा रेफर।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिलखन वाली मिलक निवासी बंटी, विक्रम, सतीश, सतीश, शनिवार की देर रात नगर से चारों बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। अलीगढ़ मार्ग पर जैसे ही वह कालका वाली डगरौली के निकट पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे तो रहरा की दिशा से आ रही एक कार को नगर की ओर से जा रही एक कार ने टक्कर मारने के बाद अज्ञात कर चालक मौके से फरार हो गया जबकि रहरा की दिशा से आ रही कार ने चारों बाइक सवार युवकों की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक सवार चारों युवक बुरी तरह घायल हो गए। मौके पर रहागीरों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। राहगीरो की मदद से घायलों को नगर के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां बंटी, सतीश, व सतीश की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने तीनों को मेरठ मेरठ के लिए रेफर कर दिया। जबकि प्रेमपाल का उपचार नगर के नीजि चिकित्सक के यहां चल रहा है। परिजनों के द्वारा कोतवाली में कार चालक के खिलाफ तहरीर दी गई है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया है।

## वरिष्ठ चिकित्सक का निधन, शोक का माहौल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** शहर के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बलदेव राज मल्होत्रा का 90 वर्ष की आयु में हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधीर मल्होत्रा के पिता थे। 10 दिन पूर्व एक सड़क हादसे में घायल होने के बाद उनका उपचार चल रहा था।1 मई को उनके निधन की सूचना से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. मल्होत्रा की गिनती पुराने अनुभवी चिकित्सकों में होती थी। उनके आवास पर सांत्वना देने हेतु परिचितों और गणमान्य लोगों का तांता लगा रहा।


डॉ. बलदेव राज मल्होत्रा।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मौत के घाट उतारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** स्वार थाना क्षेत्र के ग्राम खानपुर उत्तरी में अवैध संबंधों के चलते पति की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है।



घटना के अनुसार, कुलवंत सिंह 25 अप्रैल को अपने गांव से झोपड़पट्टी जाने के लिए निकला था। आरोप है कि उसकी पत्नी गुड्डी ने अपने प्रेमी कपिल मौर्य के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची। दोनों ने कुलवंत को शराब में जहर पिलाकर मौत के घाट उतार दिया और साक्ष्य मिटाने के लिए शव को डुमरिया धाम स्थित बड़ी नहर में फेंक दिया।एसएसपी अजय गणपति के निर्देश पर गठित टीमों ने सर्विलांस की मदद से जांच शुरू की। रविवार को पुलिस ने सर्च ऑपरेशन चलाकर नहर से शव बरामद किया। कड़ाई से पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है।

# रेलवे स्टेशन के बाहर लग रहा दोपहियों का जमावड़ा, यात्री बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मुखर्जी चौक के पास रेलवे स्टेशन के बाहर बाइकों का जमावड़ा लगा रहता है। जिससे यात्रियों को रेलवे स्टेशन में जाने व आने में परेशानी का सामना करना पड़ता। चूंकि बाइकों का जमावड़ा लगने वाला स्थान रेलवे परिसर से बाहर है, इसलिए रेलवे प्रशासन कुछ नहीं कर पाता। जबकि रेलवे का साइकिल स्टैंड बंद है। जिसके बंद रहने से दैनिक यात्रियों को अपना वाहन खड़ा करने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। दैनिक यात्री सहित अन्य लोगों ने रेलवे से साइकिल स्टैंड प्रारंभ कराने की मांग की है।

कोरोना के समय से रेलवे स्टेशन के बाहर बना साइकिल स्टैंड बंद पड़ा है। जिससे दैनिक यात्रियों को अपने वाहन खड़े करने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा अधिकांश लोग अपने रिश्तेदार व परिचितों को छोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंचे तो, मगर साइकिल स्टैंड बंद होने के कारण वह अपने दोपहिया वाहन मुखर्जी चौक के पास रेलवे स्टेशन के प्रवेश मार्ग पर खड़े कर देते हैं। जिससे प्रवेश मार्ग पूरी तरह से बाधित हो जाता है और रेलवे स्टेशन के आने व बाहर आने जाने में यात्रियों के परेशानी का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी सामान लेकर आने वाले यात्रियों को उठानी पड़ती है। क्योंकि दोपहिया वाहनों के जमावड़ा लगने से उन्हें अपना लगेज (सामान) उठाकर गुजरना पड़ता है। जिससे महिला यात्रियों को अत्यधिक परेशानी होती है। जिससे कई बार यात्रियों की ट्रेन तक निकल जाती है। कई बार शिकायतों के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। रेलवे प्रशासन का कहना है कि जहां दोपहिया वाहनों का जमावड़ा लगता हैं, वह स्थान उनके एरिये में नहीं आता और कोतवाली क्षेत्र में आता है। उक्त स्थान से कई बार दोपहिया वाहन भी चोरी हो चुके हैं।


रेलवे स्टेशन के बाहर जमा दोपहिया वाहनों का जमावड़ा। –जागरण मोर्चा


मुखर्जी चौक के पास दोपहिया वाहन खड़े होने से जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। जिससे यात्रियों के साथ-साथ आमजन को जाम में फंसकर परेशानी का सामना करना पड़ता है।
–हरीश अरोरा, सभासद


रेलवे स्टेशन के बाहर दोपहिया वाहन खड़े रहने से कई बार यात्रियों की ट्रेनें निकल जाती है। जिससे उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। इसलिए रेलवे को पार्किंग खोलनी चाहिए।
–मुदित गर्ग, व्यापारी


उक्त समस्या को लेकर कई बार रेलवे के अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत कराया गया है। अगर शीघ्र ही रेलवे का साइकिल स्टैंड आरंभ नहीं होता है, तो आंदोलन शुरू किया जाएगा।
–अनुज वार्ष्णेय, व्यापारी

दैनिक यात्रियों के साथ-साथ अन्य यात्रियों की परेशानी को देखते हुए डीआरएम आफिस से साइकिल स्टैंड के आरंभ कराने की मांग की गई थी। अब साइकिल स्टैंड को लेकर डिवीजन कार्यालय को टेंडर भेजा गया था। शीघ्र ही साइकिल स्टैंड खुलने की आस है।
–राजू कुमार, स्टेशन अधीक्षक, चन्दौसी


ट्रेन आने के समय मुखर्जी चौक पर पार्किंग स्थल जैसा माहौल बन जाता है। जिससे आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहनों स्वामियों से झगड़ा तक हो जाता है।
–सुचि मोहन, दुकानदार

## निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**किरतपुर।** किरतपुर स्थित डॉ. जुनैद क्लीनिक पर हिमालयन इंस्टीट्यूट हॉस्पिटल, जॉलीग्रांट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन पटवारी आलोक कुमार और इरशाद आलम ने किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने करीब 150 मरीजों की आंखों की जांच कर उन्हें परामर्श और दवाइयां दीं।जांच में 15 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें ऑपरेशन हेतु रेफर किया गया है। डॉ. जुनैद ने बताया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर लगते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. रुतु पूर्णा, डॉ. बिलाल और सुबोध कुमार सहित पूरी मेडिकल टीम ने सेवाएं प्रदान कीं।

### श्रीराम कथा
### श्री गीता सत्संग भवन में चल रही श्रीराम कथा

# श्रीराम ने तोड़ा शिव धनुष्य तो सीता माता ने पहनाई वरमाला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** श्री गीता सत्सग भवन में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को कथा के पांचवें दिन कथा वाचक विश्वेश प्रपन्नाचार्य महाराज ने कथा का वाचन किया।


कथावाचन करते कथा वाचक।

उन्होंने जब भगवान श्रीराम ने विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा की। तब विश्वामित्र अत्यंत प्रसन्न हुए। एक बार भगवान श्रीराम विश्वामित्र से कथा श्रवण कर रहे थे। तभी राजा जनक के यहां से एक दूत पत्र लेकर पहुंचा। पत्र पढ़कर विश्वामित्र ने श्रीराम से कहा हे राम आपने एक यज्ञ की रक्षा की। अब दूसरा धनुष्य यज्ञ राजा जनक के यहां हो रहा है, हम वहां धनुष यज्ञ देखने चलेंगे। भगवान श्रीराम ने कहा कि जैसी आपकी आज्ञा, गुरु की आज्ञा का पालन मनुष्य को अवश्य करना चाहिए। इसके बाद भगवान श्रीराम व लक्ष्मण को लेकर विश्वामित्र जनकपुर को चले। रात को भागीरथी गंगा के तट पर विश्राम किया और प्रातः गंगा स्नान किया। श्रीराम ने गुरु से गंगा के मृत्युलोक में आगमन की कथा जानने की इच्छा व्यक्त की। विश्वामित्र ने बताया कि गंगा को लाने वाले आपके ही पूर्वक महाराज भगीरथ थे और गंगा अवतरण की कथा सुनाई। इसके बाद गौतम ऋषि के आश्रम में विश्वाम किया। वहां एक शिला देखकर श्रीराम ने प्रश्न किया। गुरुदेव ने बताया कि यह सती अहिल्या की शिला है। झूठ बोलने के परिणामस्वरूप अहिल्या को शिला होना पड़ा। अहिल्या की कथा से शिक्षा मिलती है कि मनुषअय को कभी असत्य नहीं बोलना चाहिए और यदि कोई भूल हो जाए तो उसे पति, पिता या गुरु से छिपाना नहीं चाहिए। विश्वामित्र की आज्ञा से भगवान श्रीराम ने अपनी चरण-रज से अहिल्या का उद्धार किया। इसके बाद ताड़का का वध कर उसका उद्धार किया। राजा जनक ने भव्य स्वागत किया। भगवान को देख राजा जनक टकटकी लगाकर देखते रह गए। विश्वामित्र से पूछा ये कोई देव है या मनुष्य, गुरुदेव ने कहा कि आप जो सोच रहे हैं, ये वहीं है। ये दशरथ पुत्र भगवान श्रीराम है, जो आपके धनुष्य यज्ञ को देखने पधारे हैं और यकी आपका प्रण पूरा करेंगे। लक्ष्मण ने गुरुदेव की आज्ञा लेकर जनकपुर भ्रमण किया। वहां के नर-नारी भगवान को निहारने लगे और मन में प्रार्थना करने लगे कि हमारे पुण्यों के प्रभाव से श्रीराम ही सीता के पति बनें। श्रीराम व लक्ष्मण पुष्प लेने वाटिका पहुंचे, तो वहां श्रीराम व सीता का परस्पर दर्शन हुआ। दोनों के मन में एक ही भाव जागा। श्रीराम ने लक्ष्मण से कहा हे लक्ष्मण रघुवंशी कभी पर-स्त्री का स्मरण नहीं करते, पर आज सीता को देखकर मन में हलचल है। लगता है सीता से हमारा कोई पूर्व का या भविष्य का संबंध है। लक्ष्मण ने भी सहमति दी। पूजा के बाद दोनों भाई यज्ञ-मंडप पहुंचे। जहां भगवान श्रीराम गुरुदेव के साथ सर्वोच्च स्थान पर विराजे। धनुष्य यज्ञ प्रारंभ हुआ। सभी राजा धनुष्य उठाने में असमर्थ रहे। गुरुदेव की आज्ञा और कृपा से श्रीराम ने धनुष उठाकर तोड़ दिया। माता सीता ने श्रीराम के गले में वरमाला पहनाई। यह सब गुरुदेव के आशीर्वाद का ही प्रताप था। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, जिवेंद्र अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, सुधांशु रुस्तगी, उमेश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## पालिका बोर्ड की बैठक स्थगित

**गजरौला।** नगर पालिका गजरौला की आज होने वाली बैठक पश्चिम बंगाल सहित अन्य पांच राज्यों में होने वाली मतगणना के दृष्टिगत सुरक्षा के दृष्टिकोण से निरस्त कर दिया गया है। नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्री उर्फ उमा देवी ने बताया कि अग्रिम बैठक जल्द ही घोषित होगी।


**सूचना**

मेरी जमीन का एक मूल बैनामा जो कल्पवट रीयल स्टेट लिमिटेड द्वारा अध्यक्ष व प्रबन्धनिदेशक श्री भानू प्रताप सिंह पुत्र स्व0 राजवीर सिंह नि0 वी0 5 अतिशय पैलेस कम्पलेक्स 2013 जंक्शन रोड सोख अडडा मथुरा द्वारा दिनांक 31.03.2016 हाजी मौ0 कामिल व हाजी फखरे आलम पुत्रगण हाजी मौ0 इस्माईल जाति कुरैशी नि0 मौ0 कुरेशियान चन्दौसी तह0 चन्दौसी जनपद सम्भल के पक्ष में तकमील हुआ था जिसकी रजि0 दिनांक 01.04.2016 को बही न0 1 जिल्द 7311 के पृष्ट सं0 385 से 444 क्र. सं0 4213 पर उप निबंधक कार्यालय चन्दौसी में हुई थी कि फोटो कापी कराने दिनांक 29.04.2026 को फुब्बारा चौक चन्दौसी जा रहा था उक्त मूल विक्रय पत्र कहीं पर गुम हो गया है इसका उपयोग अवैध होगा।

हाजी मौ. कामिल पुत्र हाजी मौ. इस्माईल,
जाति कुरैशी, नि. मौ. कुरेशियान,
चन्दौसी, तह. चन्दौसी, जनपद सम्भल,
मो. 9012025475

दीपांक कुमार (एडवोकेट)
विधिक सलाहकार,
मुथुट फिनकॉप लि.
चै. न.- बी-28
कचहरी, मुरादाबाद
मो. 9410235993

**पब्लिक नोटिस**

मेरे पक्षकार मुथुट फिनकॉप लि0 जिसकी शाखा दिल्ली रोड, मुरादाबाद निर्देश पर नोटिस दिया गया था कि मौ0 दिलशाद पुत्र श्री जरीफ अहमद ने अपनी एक सम्पत्ति रकबई 30.196 वर्ग मीटर जोकि खसरा नं0- 232, ग्राम धीमरी पश्चिम परगना व जिला मुरादाबाद में स्थित है, जो कि मौ0 दिलशाद पुत्र श्री जरीफ अहमद नाम पंजीकृत है, को बन्धक रख ऋण के लिए आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित पूर्व के एक मूल विक्रय पत्र जोकि मौ0 दिलशाद पुत्र श्री जरीफ अहमद द्वारा श्रीमति गुलशन पत्नी मौ0 दिलशाद के पक्ष में निष्पादित कराया था जो रजिस्ट्रार-मुरादाबाद के कार्यालय में वही नं0- 1, जिल्द सं0 16598, पेज नं0 389 से 414, क्रमांक 15217 दिनांकित 20-11-2020 पर पंजीकृत है, उक्त मूल विक्रय कही गिरकर खो गये है। बहुत तलाश करने पर भी नहीं मिले हैं। जिसकी सूचना थाना कटघर में दी जा चुकी है एवं प्राथमिकी दर्ज हो चुकी है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति या वित्तीय संस्था / बैंक को कोई क्लेम या आपत्ति उक्त सम्पत्ति का मुथुट फिनकॉप लि0 शाखा दिल्ली रोड, मुरादाबाद द्वारा बन्धक किये जाने पर आपत्ति या एतराज है तो इस विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर-अन्दर मुझे अपनी आपत्ति / क्लेम प्रस्तुत कर दें अन्यथा उक्त सम्पत्ति के विक्रय एवं बन्धक के सम्बन्ध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा मुथुट फिनकॉप लि0, शाखा दिल्ली रोड, मुरादाबाद उक्त सम्पत्ति को बन्धक रख कर ऋणी के हक में ऋण जारी कर देगी।

**अग्रिम कार्यवाही हेतु आख्या प्रस्तुत है।**

दीपांक कुमार (एडवोकेट)
विधिक सलाहकार, मुथुट फिनकॉप लि.,
चै. न.- बी-28 कचहरी, मुरादाबाद
मो. 9410235993

एक नजर



## आवारा कुत्ते का आतंक, 6-7 लोगों को काटा

**मुरादाबाद।** नागफनी थाना क्षेत्र के बंगाल गांव स्थित तारों वाली गली में आवारा कुत्ते के हमले से दहशत फैल गई। कुत्ते ने अलग-अलग समय पर 6 से 7 लोगों को काटकर घायल कर दिया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायलों में 10 वर्षीय मयंक, 15 वर्षीय किशोरी इच्छा और सफाईकर्मी सोनू को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य लोग अलग-अलग स्थानों पर उपचार करा रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह कुत्ता पिछले कई दिनों से मोहल्ले में घूम रहा था और आक्रामक व्यवहार कर रहा था। इसके बावजूद नगर निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे लोगों में नाराजगी है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में भय का माहौल है। लोगों ने नगर निगम से आवारा कुत्तों के खिलाफ अभियान चलाकर समस्या का समाधान करने की मांग की है।

# एचटी लाइन पर काम करते समय करंट लगने से लाइनमैन की मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** रविवार शाम एक दर्दनाक हादसे में विद्युत उपकेंद्र सुरजन नगर पर कार्यरत संविदा लाइनमैन की एचटी लाइन पर काम करते समय करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं परिजनों और ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा भी किया।

मृतक की पहचान सर्वेश कुमार उर्फ छोटू (38) पुत्र शिव कुमार निवासी क्षेत्र के रूप में हुई है, जो विद्युत विभाग में संविदा पर लाइनमैन के रूप में कार्यरत था। बताया गया कि रविवार को उसने सुरजन नगर-जसपुर रोड स्थित एचटी लाइन पर कार्य करने के लिए शटडाउन लिया था। लाइन चेक करते हुए वह दुल्लापुर पट्टी चौहान के पास

### मौत की सूचना पर परिजनों में मचा कोहराम

एक खंभे पर चढ़कर मरम्मत कार्य कर रहा था। इसी दौरान अचानक विद्युत आपूर्ति शुरू हो गई, जिससे उसे तेज करंट लग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करंट लगते ही उसके शरीर में आग लग गई और वह जलता हुआ खंभे से नीचे गिर पड़ा। मौके पर मौजूद अन्य लाइनमैन और राहगीरों ने किसी तरह आग बुझाकर उसे तत्काल सुरजन नगर के एक निजी चिकित्सक के पास पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल के बाहर एकत्र हो गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। मृतक की मां पुष्पा देवी, पत्नी

### सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

आरती और अन्य परिजन गहरे सदमे में हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ है। उनका कहना है कि शटडाउन लेने के बावजूद लाइन में अचानक करंट कैसे दौड़ गया, इसकी जांच होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उपकेंद्र पर सुरक्षा उपकरणों की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, जिससे कर्मचारियों की जान जोखिम में रहती है। सूचना पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजपाल चौहान में उनके पुत्र अमित सिंह सपा विधायक नवाव जान खा तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचे मुश्ताक लाइनमैन के परिजनों को शातना दी । और विद्युत विभाग द्वारा पारित मृतक के आश्रित को आर्थिक मुआवजा पर एक सरकारी नौकरी देने की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया और शव को सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठाकुरद्वारा भिजवाया, जहां आगे की कार्रवाई की गई। घटना के बाद ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर विरोध जताया। लोगों का कहना है कि मृतक परिवार का एकमात्र कमाने वाला था, ऐसे में उसके परिवार के भरण-पोषण के लिए सरकारी मदद बेहद जरूरी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और विभागीय स्तर पर भी घटना की जांच कराए जाने की बात कही जा रही है।

# सीएम से मिलीं पूर्व सांसद की पत्नी, क्षेत्रीय विकास के मुद्दों पर हुई चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**ठाकुरद्वारा।** पूर्व सांसद स्वर्गीय कुँवर सर्वेश कुमार उर्फ राकेश सिंह की पत्नी साधना सिंह ने रविवार को लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान क्षेत्र के विकास, अधूरे प्रोजेक्ट्स और जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।

मुलाकात के दौरान साधना सिंह ने अपने दिवंगत पति द्वारा क्षेत्र में शुरू कराए गए विकास कार्यों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कई महत्वपूर्ण योजनाएं अभी अधूरी हैं, जिन्हें पूरा कराया जाना क्षेत्र की जनता के हित में बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र में जर्जर सड़कों की मरम्मत, स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, सरकारी अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने, स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने और पेयजल व बिजली व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए। साधना सिंह ने मुख्यमंत्री को बताया कि ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की कमी के कारण आम जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि विकास योजनाओं को गति देकर लोगों को राहत पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए भरोसा दिलाया कि सरकार जनहित से जुड़े सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य गांव से लेकर शहर तक संतुलित विकास सुनिश्चित करना है, ताकि हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने साधना सिंह को आश्वस्त किया कि क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा कराकर आवश्यक कदम जल्द उठाए जाएंगे।

# राजीव शुक्ल जिलाध्यक्ष व रोहताश शर्मा बने संरक्षक

जागरण मोर्चा कार्यालय




पदाधिकारियों के मनोनयन की घोषणा करते राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा। -जागरण मोर्चा

**गजरौला।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा ने ब्राह्मण समाज के लोगों से एक दूसरे के सुख-दुख में काम आने का आह्वान करते हुए जनपद अमरोहा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए राजीव शुक्ल को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी।

रविवार को नगर के ज्ञान भारती इण्टर कॉलेज में आयोजित बैठक में घोषित की गई कार्यकारिणी के अनुसार राजीव शुक्ल को जिलाध्यक्ष मनोनीत किया जबकि रोहताश शर्मा, देवेंद्र शर्मा, योगेंद्र प्रसाद शर्मा, कपिल शर्मा, राम शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा को संरक्षक, कपिल शर्मा व मनु शर्मा को जिला महामंत्री, प्रमोद शर्मा, दिनेश शर्मा, संजय शर्मा, मुकेश शर्मा, कपिल शर्मा को जिला उपाध्यक्ष, विवेक शर्मा, पवन शर्मा, कमल कुमार शर्मा, राजू शर्मा, नरेंद्र शर्मा, एसवी त्रिपाठी, अनिल दुबे, पवन कुमार शर्मा को जिला मंत्री, पवन कौशिक को जिला संगठन मंत्री, संजीव शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष, रविन्द्र शुक्ला व सर्वेश शर्मा को विधिक सलाहकार, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, जागेश शर्मा, दिनेश शर्मा, मुकुल शर्मा, सचिन शर्मा, निश्चल शर्मा, पीके उपाध्याय को जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। गजरौला से ओमप्रकाश शर्मा को नगराध्यक्ष, राजीव दीक्षित को मण्डी धनौरा नगराध्यक्ष मनोनीत किए गए। कार्यक्रम में इण्टरमीडिएट की टॉप टेन में तीसरे स्थान पर रहीं पाल गांव निवासी भूमि शर्मा को राष्ट्रीय व प्रदेशाध्यक्ष ने सम्मानित किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री पंडित शिव मोहन भारद्वाज, मुनीश शर्मा, राजेश शर्मा, पंडित त्रिभुवन शर्मा, प्रमोद कुमार शर्मा, कुंवरपाल शर्मा, बुद्धि प्रकाश शर्मा, संजय शर्मा, मुकेश शर्मा, पंडित ब्रह्मानंद शर्मा, सुखदेव शर्मा शास्त्री, निश्चल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मूंढापांडे में 25 नामजद, दो महिलाएं पकड़ीं

जागरण मोर्चा कार्यालय





**मुरादाबाद।** मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर वरियार उर्फ खरक में विवेचना के लिए पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में पुलिस ने 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना में शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

पुलिस के अनुसार बीती 2 मई को दोपहर करीब 1 बजे उपनिरीक्षक आकाश परमार पुलिस टीम के साथ मुकदमा संख्या 95/26 धारा 303(2) बीएनएस की विवेचना के सिलसिले में वादी अली अहमद उर्फ नन्हे के घर पूछताछ करने पहुंचे थे। आरोप है कि पूछताछ के दौरान वादी और उसके परिजनों ने पुलिस टीम के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की नीयत से लाठी-डंडों व ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से पुलिस टीम में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि किसी तरह पुलिसकर्मियों ने खुद को बचाते हुए स्थिति को नियंत्रित किया। इसके बाद उच्च अधिकारियों के निर्देश पर मामले को गंभीरता से लेते हुए हमलावरों की पहचान की गई।उपनिरीक्षक आकाश परमार की तहरीर के आधार पर थाना मूंढापांडे में मुकदमा संख्या 0124/2026 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352, 109(1) और 132 बीएनएस के तहत

### विवेचना के दौरान लाठी-डंडों और पत्थरों से किया गया हमला, अन्य आरोपियों की तलाश में दबिश जारी

12 नामजद और अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। नामजद आरोपियों में अली अहमद उर्फ नन्हे, अनवरी, आलिम, नाजिम, सलीम उर्फ भूरा, मुस्कान, नूरी, भूरी, रेशमा, शहनवाज, शाकिर और नासिर निवासी वीरपुर वरियार उर्फ खरक शामिल हैं। पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

# दूषित जलभराव को लेकर वार्ड 18 में हंगामा, पालिकाध्यक्ष पर सौतेले व्यवहार का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** नगर के वार्ड नंबर 18 में लंबे समय से बनी दूषित जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। वार्डवासियों ने नगर पालिकाध्यक्ष पर उपेक्षा और सौतेला व्यवहार अपनाने का आरोप लगाया है।

लोगों का कहना है कि क्षेत्र में महीनों से गंदा पानी जमा है, जिससे आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और संक्रामक बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। वार्ड 18 के सभासद आसिफ सैफ़ी ने भी आरोप लगाया कि वे लगातार

### गंदे पानी से होकर स्कूल जाने को मजबूर बच्चे, प्रशासन की अनदेखी से रोष

दूषित जलभराव, फैली गंदगी और जर्जर सड़कों की समस्या को लेकर पालिकाध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी को अवगत कराते रहे हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि उपजिलाधिकारी को भी मामले से अवगत कराया गया, जहां से इसे नगर पालिका का विषय बताते हुए बोर्ड बैठक में रखने की बात कही गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, जलभराव के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बच्चों को स्कूल जाने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे फिसलने और बीमार होने का खतरा बना हुआ है। ठंड के चलते कई बच्चे दूषित पानी में भीगकर बीमारियों की चपेट में आ चुके हैं। वार्डवासियों ने समस्या के लिए टूटी नालियों, बदहाल सड़कों और जल निगम की पाइपलाइन में टोटियां न होने को जिम्मेदार ठहराया। महिलाओं का कहना है कि जलभराव के चलते घरों में सीलन बढ़ रही है और नलों से भी गंदा पानी आ रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है तथा किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी।

# खोखा विवाद: पालिकाध्यक्ष पर रंगदारी मांगने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



ठाकुरद्वारा में हंगामा करते व्यापारी। -जागरण मोर्चा

**ठाकुरद्वारा।** नगर में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब नगर पालिका की टीम एक व्यापारी की जमीन पर खोखा रखने पहुंच गई। देखते ही देखते मामला तूल पकड़ गया और पीड़ित व्यापारी ने नगर पालिका अध्यक्ष पर 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का गंभीर आरोप लगा दिया। घटना के बाद आक्रोशित व्यापारियों और भाजपा नेताओं ने कोतवाली का घेराव कर विरोध जताया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। बहुत देर रात अमृत व्यापारी की हालत से उपचार के लिएअस्पताल में भर्ती कराया ।

मामला कोतवाली के सामने स्थित परख ज्वैलर्स के स्वामी अवनीश कुमार सिंघल की दुकानों के पास खाली पड़ी जमीन से जुड़ा है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह नगर पालिका के कर्मचारी ट्रैक्टर-ट्रॉली में लोहे का खोखा लेकर मौके पर पहुंचे और उसे रखने का प्रयास करने लगे। इस पर व्यापारी ने विरोध जताते हुए जमीन को अपनी निजी संपत्ति बताया, जो उनके नाम रजिस्टर्ड है। वहीं, पालिका प्रशासन इस जमीन को सरकारी बता रहा है। व्यापारी अवनीश कुमार सिंघल ने पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी पर पिछले चार महीनों से 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि शनिवार सुबह भी पालिकाध्यक्ष के एक करीबी व्यक्ति ने उन्हें धमकी दी कि यदि रकम नहीं दी गई तो उनकी जमीन पर कब्जा कर लिया जाएगा। व्यापारी ने आरोप लगाया कि पैसे न देने पर उनकी भूमि पर जबरन खोखा रखने की कोशिश की गई। उन्होंने बताया कि वे काफी समय से मानसिक उत्पीड़न झेल रहे हैं और अब मजबूर होकर उन्होंने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए साजिश करार दिया है। उनका कहना है कि संबंधित खसरा नंबर 51 में नगर पालिका की करीब 20 दुकानें दर्ज हैं। पूर्व में भी वहां खोखे रखे गए थे, जिन्हें हटा दिया गया था। उन्हें सूचना मिली थी कि सरकारी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है, जिसके चलते पालिका की ओर से टीम भेजी गई थी। फिलहाल मामले को लेकर पुलिस जांच में जुटी है और दोनों पक्षों के दावों की पड़ताल की जा रही है।

# रेलवे क्वार्टर में भीषण आग से हड़कंप, फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

जागरण मोर्चा कार्यालय







**मुरादाबाद।** सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन के समीप बने रेलवे क्वार्टरों में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक क्वार्टर में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटों ने क्वार्टर के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, आग लगने की घटना अचानक हुई और धुएं का गुबार उठता देख लोग सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। घटना की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोगों ने तत्काल अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही विभाग पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीफओ) डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय और अग्निशमन अधिकारी ज्ञान प्रकाश शर्मा अपनी टीम और फायर टेंडर्स के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचते ही बिना समय गंवाए राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया और उसे आसपास के अन्य क्वार्टरों में फैलने से रोक दिया। गनीमत रही कि अग्निशमन विभाग की मुस्तैदी के कारण समय रहते आग पर नियंत्रण पा लिया गया, जिससे एक बहुत बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना में फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है, हालांकि क्वार्टर के सामान को क्षति पहुंची है। आग लगने के कारणों की प्राथमिक जांच की जा रही है, अंदेशा जताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से यह हादसा हुआ होगा।

# कलयुगी पड़ोसन की हैवानियत, 14 वर्षीय किशोर को नहर में धक्का देकर उतारा मौत के घाट

जागरण मोर्चा कार्यालय



**सहारनपुर।** सहारनपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ एक महिला ने पड़ोसी के 14 वर्षीय मासूम बच्चे की जान ले ली। केशव नगर (नुमाइश कैंप) की रहने वाली महिला ने पड़ोस में ही रहने वाले अंशुमन को बहाने से ले जाकर नहर में धक्का दे दिया, जिससे किशोर की दर्दनाक मौत हो गई।

जानकारी के मुताबिक अंशुमन दिनांक 1 मई 2026 को दोपहर लगभग 1:00 बजे से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता था। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन जब उसका कहीं पता नहीं चला, तो उन्होंने तुरंत नगर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की। पुलिस ने इलाके के CCTV फुटेज खंगाले, जिसमें एक चौंकाने वाला सुराग मिला। फुटेज में साफ देखा गया कि पड़ोस की महिला अंशुमन को अपनी एक्टिवा पर बैठाकर ले जा रही थी। इसी आधार पर पुलिस ने महिला को हिरासत में लिया। हिरासत में लेने के बाद महिला ने पुलिस को पूरी रात गुमराह करने की कोशिश की और मनगढ़ंत कहानियां सुनाती रही। हालांकि, पुलिस की कड़ी पूछताछ के सामने वह टूट गई। 2 मई 2026 को महिला ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि उसने अंशुमन को बड़ी नहर में धक्का दे दिया था। महिला की निशानदेही और पुलिस के सर्च ऑपरेशन के बाद, आज सुबह (3 मई) लगभग 5:00 बजे पुलिस ने अंशुमन की डेड बॉडी नहर से बरामद कर ली है।

# संपादकीय

## चालाकों की राजनीति ; 'आम आदमी' की सिर्फ चर्चा !

भारत में वर्तमान में दो राजनीतिक विषयों पर चर्चा जारी है। पहली, पश्चिम बंगाल में क्या परिणाम निकलेगा और दूसरी, आम आदमी पार्टी यानी 'आप' क्यों टूटी? पश्चिम बंगाल की स्थिति लोकतंत्र के लिए भयानक है। ममता बनर्जी की हार हो, इसी एक विचार का भूत प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह को चढ़ा हुआ है। ममता की हार सुनिश्चित करने के लिए पश्चिम बंगाल के मैदान में अर्धसैनिक बलों की लाखों फौजें उतार दी गई हैं। टैंकों जैसी गाड़ियां भी बंगाल की सड़कों पर घूम रही हैं। राफेल, सुखोई, एळ 400, अग्नि, पृथ्वी, ब्रह्मोस मिसाइलें और पनडुब्बियों का उपयोग करना संभव होता तो मोदी और शाह बंगाल में वह भी करते। लेकिन भाजपा से वह एक चूक हो गई। बाकी सभी युद्ध सामग्रियों का उपयोग उन्होंने किया। पश्चिम बंगाल की मतगणना के बाद यदि कोई लोकतंत्र का इतिहास लिखेगा तो उन्हें जरूर दर्ज करना होगा कि राफेल और सुखोई जैसे शस्त्रों का स्ट्रैटेजिक उपयोग नहीं किया गया इसलिए भाजपा बंगाल के युद्ध में पराजित हुई। चुनाव आयोग ने इस युद्ध में विभीषण की भूमिका निभाई, फिर भी अगर भाजपा नहीं जीती, तो यह इतिहास में दर्ज होगा। पश्चिम बंगाल का परिणाम इससे अलग होगा, ऐसा मुझे आज तो नहीं लगता। भारतीय राजनीति की सारी शालीनता समाप्त हो गई है। राज्यसभा में 'आप' के सात सांसद राघव चड्ढा के नेतृत्व में अलग हुए और सीधे भाजपा में विलीन हो गए। दलबदल कानून के तहत इन सब पर कार्रवाई होनी चाहिए, ऐसा पत्र 'आप' के श्री संजय सिंह ने लिखा। राज्यसभा के सभापति ने 'आप' के पत्र का संज्ञान तक नहीं लिया और न ही कोई सुनवाई की। सात सांसदों को उन्होंने भाजपा का तिलक लगाया और सीधे 'वॉशिंग मशीन' में डालकर पवित्र कर दिया। पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर अमीरों और उद्योगपतियों को उम्मीदवार बनाने से क्या परिणाम होता है, इसका अनुभव वर्तमान में अरविंद केजरीवाल ले रहे हैं। राघव चड्ढा की फाइव स्टार 'लाइफस्टाइल' का 'आम आदमी' से कोई संबंध नहीं है। 'आम आदमी' पार्टी छोड़कर जो भाजपा में गए, वे सभी राज्यसभा सांसद अत्यधिक संपत्ति के स्वामी हैं। अशोक मित्तल की 'लवली यूनिवर्सिटी' है, जिसका टर्नओवर छह हजार करोड़ है। मित्तल का जालंधर में दस एकड़ में घर है, जिसे 'लवली एस्टेट' के नाम से जाना जाता है। उस घर की कीमत 200 करोड़ है। उनके पास मर्सिडीज, एस क्लास, टोयोटा वेलफायर जैसी महंगी गाड़ियों का काफिला है। 'आप' के एक और सांसद राजिंदर गुप्ता भी भाजपा में चले गए। वे दुनिया के बड़े 'ट्राइडेंट ग्रुप' होटल समूह के चेयरमैन हैं। उनकी अमीरी का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। वे कम से कम पांच हजार करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं। राजनीति और समाजसेवा से उनका कोई संबंध नहीं है, लेकिन ऐसे लोग करोड़ों रुपए खर्च करके और पार्टी को चंदा देकर 'राज्यसभा' की सदस्यता खरीद लेते हैं और संसद की गरिमा समाप्त कर देते हैं। जब 'आम आदमी' पार्टी बनी थी, तब ऐसे अनगिनत महत्वाकांक्षी अमीरों की फौज केजरीवाल के इर्द-गिर्द खड़ी हो गई थी। उनमें से कुछ की आकांक्षाएं पूरी हुरइं और जिन्हें कुछ नहीं मिला, वे केजरीवाल से दूर हो गए। प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, आशुतोष और किरण बेदी जैसे लोग बाहर निकल गए। इनमें से किसी को भी केजरीवाल ने राज्यसभा नहीं भेजा। उन्हें डर था कि ये लोग वैचारिक रूप से उन पर भारी पड़ेंगे और उनके नेतृत्व के लिए खतरा पैदा करेंगे। लेकिन जिन अमीरों को उन्होंने राज्यसभा भेजा, वे भी अंततः दगाबाज निकले। यह पार्टी के विचार और मूल आधार के नष्ट होने का ही परिणाम है। राज्यसभा जैसी संवैधानिक संस्थाओं की हमने दुर्गति कर दी है। विधान परिषदों और राज्यसभा के चुनावों में अब सीधे हॉर्स ट्रेडिंग खरीद-फरोख्त होता है। विधायकों के मत करोड़ों में खरीदे जाते हैं और राज्यसभा की उम्मीदवारी पाने के लिए पार्टी प्रमुखों को करोड़ों का नजराना दिया जाता है। यह रुकेगा वैसे? राजनीतिक दल, वर्तमान लोकतंत्र और हाईकमान संस्कृति के कारण राज्यसभा एक नाट्यशाला बन गई है। किसी भी अन्य देश में लोकतंत्र के नाम पर राज्यसभा यानी उच्च सदन की ऐसी दयनीय अवस्था नहीं हुई होगी। भारत में राज्यसभा 'state of council' है, जो संघ राज्यों का प्रतिनिधित्व करती है। भारत में राज्यसभा के लिए 'विधायक' मतदान करते हैं। प्रत्येक राज्य को उनके विधायकों की संख्या के अनुसार सीटें मिलती हैं। कई बार इसमें पार्टी का हाईकमान ही निर्णायक होता है। इसमें खुलेआम पैसों का लेन-देन होता है। उद्योगपतियों को 'पैराशूट' बनाकर सीटें दी जाती हैं इसलिए राज्यसभा अनुभवी नेताओं का सदन (house of elders) न रहकर केवल दलीय राजनीति और सौदेबाजी का साधन बनकर रह गई है। अमेरिका की सीनेट 191* तक राज्यसभा की तरह ही अप्रत्यक्ष (Indirect) रूप से चुनी जाती थी, लेकिन जब यह ध्यान में आया कि इसमें भ्रष्टाचार हो रहा है तो 17वां संशोधन करके चुनाव प्रत्यक्ष (Direct) कर दिया गया। ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, मेक्सिको, इटली, जापान, पोलैंड और फिलीपींस सभी जगह अब Direct चुनाव होते हैं। मतदाता ही स्वयं सीनेटर्स को चुनते हैं। जर्मनी का Bundesrat पूरी तरह से एक अलग मॉडल है। वहां की 16 राज्य सरकारें अपने मंत्रियों (प्रधानमंत्री + वैबिनेट) को बर्लिन के ऊपरी सदन में भेजती हैं। वहां कोई भी सीट खरीदी नहीं जा सकती और विधायकों को रिश्वत देने का सवाल ही नहीं उठता। फ्रंस में 1.5 लाख 'ग्रैंड इलेक्टर्स' (मेयर, काउंसलर, क्षेत्रीय प्रतिनिधि) होते हैं। इतनी बड़ी संख्या को रिश्वत देना बहुत मुश्किल होता है। लेकिन भारत में यदि ऐसी कोई पद्धति हो भी, तो यहां कितने भी लोगों को रिश्वत देनेवाली व्यवस्था तैयार रहती है। भारत में सब कुछ संभव है। विधान परिषद और राज्यसभा के चुनाव घोषित होते ही राजनीतिक दलों को अपने विधायकों के इर्द-गिर्द घेराबंदी करनी पड़ती है। विधायकों का अपहरण होगा या पैसे देकर उन्हें खरीद लिया जाएगा, यह डर अब स्थायी हो गया है। स्थानीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव से विधान परिषद जाने के लिए पचास-सौ करोड़ का खर्च होता है। जिसके पास इतना धन है, वही जिला स्तर पर चुनाव लड़ेगा, ऐसा चित्र हर जगह दिखाई देता है।

# बदलती ऊर्जा कूटनीति के दौर में यूएई का दांव



ओपेक से यूएइ, यानी संयुक्त अरब अमीरात के बाहर निकलने का निर्णय एक सामान्य नीतिगत बदलाव नहीं है, बल्कि यह वैश्विक तेल राजनीति की उस संरचना में गहरी दरार को उजागर करता है, जिसने दशकों तक दुनिया के ऊर्जा बाजार को आकार दिया है। ओपेक लंबे समय तक तेल उत्पादक देशों के बीच सहयोग का प्रभावी मंच रहा, जिसने उन्हें सामूहिक रूप से उत्पादन नियंत्रित करने, कीमत स्थिर रखने और अपनी भू-राजनीतिक शक्ति बढ़ाने का अवसर दिया। पर यूएइ का यह कदम बताता है कि इस सामूहिक मॉडल की उपयोगिता पर सदस्य देश ही अब सवाल उठा रहे हैं।

इस फैसले के मूल में नियंत्रण का सवाल है। यूएइ ने पिछले कुछ साल में अपनी तेल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए भारी निवेश किया है और खुद को एक कुशल और तकनीकी रूप से उन्नत उत्पादक के रूप में स्थापित किया है। फिर भी ओपेक की कोटा प्रणाली के तहत उसे अपना उत्पादन सीमित रखना पड़ा, ताकि वैश्विक कीमतों को सहारा दिया जा सके। यह व्यवस्था तब तक स्वीकार्य थी, जब तक सामूहिक अनुशासन से स्थिर आय सुनिश्चित थी। पर अब यह यूएइ के लिए बाधा बन गयी है। जो देश अपने मौजूदा तेल संसाधनों से अधिकतम लाभ उठाकर भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए पूंजी जुटाना चाहता है, उसके लिए उत्पादन पर प्रतिबंध तर्कसंगत नहीं रह गया है।

यहां एक विरोधाभास भी है। यूएइ लंबे समय से तेल पर अपनी निर्भरता घटाकर तकनीक, वित्त, पर्यटन और शिक्षा में निवेश कर रहा है, ताकि भविष्य में तेल की भूमिका घटने पर भी उसे परेशानी न हो। पर इसके लिए अभी तेल से अधिकतम राजस्व अर्जित करना जरूरी है। ऐसे में ओपेक की सीमाएं उसके लक्ष्यों से टकराती थीं। यूएइ के इस निर्णय के पीछे केवल आर्थिक कारण नहीं है। इसके पीछे का भू-राजनीतिक संदर्भ भी उतना ही महत्वपूर्ण है। खाड़ी क्षेत्र में ईरान से जुड़े मुद्दों और होर्मुज पर अस्थिरता के कारण तनाव बढ़ा है। अपने तेल निर्यात के लिए इन मार्गों पर निर्भर यूएइ के लिए यह स्थिति जोखिम भरी है। लिहाजा ऐसे संगठन का हिस्सा बने रहना उसे अनुपयोगी लग रहा था, जहां निर्णय सामूहिक सहमति से लिये जाते हैं और अक्सर धीमे होते हैं।

खाड़ी सहयोग परिषद के भीतर भी मतभेद सामने आये हैं। यूएइ ने क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों, खासकर ईरान के संदर्भ में, अधिक आक्रामक और स्पष्ट रुख अपनाने की इच्छा जतायी है। पर अपने सहयोगियों से उसे वैसा समर्थन नहीं मिला। ऐसे में सऊदी अरब के प्रभाव वाले ढांचे से दूरी बनाना एक राजनीतिक संकेत भी है कि यूएइ अब अपनी स्वतंत्र रणनीतिक दिशा तय करना चाहता है।

सऊदी अरब के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है। ओपेक में उसकी नेतृत्वकारी भूमिका हमेशा इस पर निर्भर रही है कि अन्य सदस्य देश उसकी नीतियों के साथ कितना तालमेल रखते हैं। यूएइ के बाहर निकलने से यह संतुलन कमजोर होगा। यह एक बड़ी उत्पादन क्षमता वाले सहयोगी का नुकसान तो है ही, यह आंतरिक असंतोष को भी उजागर करता है। ऐसे में सवाल है कि ओपेक आगे कितना प्रभावी रह पायेगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है, जब सऊदी अरब को अपनी महत्वाकांक्षी आर्थिक परियोजनाओं के लिए उच्च तेल कीमतों की जरूरत है। ऐसा तेल उत्पादन पर नियंत्रण के जरिये ही संभव है। पर जब अन्य देश इसका पालन नहीं करते या संगठन से बाहर निकल जाते हैं, तब इसका बोझ सऊदी अरब पर अधिक पड़ेगा। उसे या तो उत्पादन घटाकर कीमतों को बनाये रखना होगा या बाजार हिस्सेदारी खोने का जोखिम उठाना होगा। यह एक कठिन संतुलन है, जो लंबे समय तक टिकाऊ नहीं हो सकता।

ओपेक में अनुशासन की समस्या भी है। कई सदस्य देशों ने अपने निर्धारित कोटे से अधिक उत्पादन किया है, जिससे संगठन की साख पर असर पड़ा है। नियमों का पालन करने वाले देशों के लिए यह स्थिति असंतोषजनक है। यूएइ का ओपेक से बाहर निकलना इस व्यापक असंतोष का नतीजा भी माना जा सकता है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या यह कदम अन्य देशों को भी इसी दिशा में प्रेरित करेगा। जिन देशों के पास उत्पादन बढ़ाने की क्षमता है या जो अपनी आर्थिक नीतियों में बदलाव कर रहे हैं, वे भी ओपेक की सदस्यता के लाभों और सीमाओं का मूल्यांकन कर सकते हैं। यदि ऐसा होता है, तो ओपेक की सामूहिक शक्ति कमजोर हो सकती है और वैश्विक तेल बाजार अधिक प्रतिस्पर्धी और बिखरा हुआ हो सकता है।

अल्पकाल में तेल बाजार पर इसका प्रभाव सीमित रह सकता है, क्योंकि अभी भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति बाधाएं कीमतों को प्रभावित कर रही हैं। पर दीर्घावधि में स्थिति बदल सकती है। यदि यूएइ स्वतंत्र रूप से उत्पादन बढ़ाता है, तो इससे आपूर्ति में वृद्धि होगी और कीमतों पर दबाव पड़ सकता है। साथ ही, एक मजबूत समन्वय तंत्र की कमी से बाजार में अस्थिरता बढ़ सकती है। कीमतों में उतार-चढ़ाव अधिक तीव्र हो सकते हैं, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा।

तेल आयात करने वाले देशों के लिए इसके परिणाम मिले-जुले होंगे। एक ओर, सस्ती कीमतें राहत प्रदान कर सकती हैं और महंगाई को नियंत्रित करने में मदद कर सकती हैं। दूसरी ओर, बढ़ती अस्थिरता आर्थिक योजना और ऊर्जा सुरक्षा के लिए नयी चुनौतियां पैदा कर सकती हैं। यूएइ का यह कदम वैश्विक ऊर्जा राजनीति में हो रहे व्यापक बदलावों को भी दर्शाता है। पारंपरिक सहयोग आधारित मॉडल अब तकनीकी प्रगति, बदलती मांग और नये भू-राजनीतिक समीकरणों के दबाव में है। देश अब सामूहिक अनुशासन से अधिक अपने राष्ट्रीय हितों और लचीलेपन को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऊर्जा केवल आर्थिक संसाधन नहीं रह गयी है, बल्कि यह रणनीतिक शक्ति का साधन बन चुकी है। यह जरूरी नहीं है कि ओपेक का महत्व तुरंत समाप्त हो जाये। इस संगठन ने अतीत में कई संकटों का सामना कर खुद को प्रासंगिक बनाये रखा। भविष्य में भी यह अपनी भूमिका निभा सकता है। पर इसकी ताकत और छवि पहले जैसी नहीं रही, सो इसे समय के अनुसार खुद को ढालना होगा। यूएइ का यह निर्णय केवल एक संगठन से बाहर निकलने का मामला नहीं, वैश्विक ऊर्जा व्यवस्था में हो रहे बदलाव का संकेत है, जो दर्शाता है कि देश अब अधिक स्वतंत्रता, लचीलापन और रणनीतिक स्वायत्तता की ओर बढ़ रहे हैं। आगे अन्य देश भी ऐसे विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। उनके निर्णय तय करेंगे कि वैश्विक तेल बाजार किस दिशा में बढ़ेगा।

# सत्ता पक्ष में माहौल न बनाए सर्वे कंपनियां




बीते दशकभर में अब एग्जिट पोल्स पर से लोगों का भरोसा उठता हुआ दिखने लगा है। कारण यह है कि एग्जिट पोल्स सटीक तरीके से चुनाव नतीजों के साथ मेल नहीं खा रहे। पिछले कुछ चुनावों में कुछ एग्जिट पोल तो बिल्कुल ही गलत साबित हुए हैं। जैसा कि अभी हाल ही में पांच राज्यों में चुनाव चल रहे हैं तो सबकी निगाह यहां बनी हुई है। हाल ही में तमिलनाडु, असम, केरल,पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल हुए चुनावों के एग्जिट पोल जो दिखाए जा रहे हैं,लेकिन इस बार लोग उस पर विश्वास नही कर रहे। इस कारण भी सबके सामने हैं लेकिन अब सवाल यही उठता है कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? पहले केवल विधानसभा या लोकसभा एक हजार लोगों से राय लेते थे और उससे ही उस सीट की जीत व हार तय करते थे। लेकिन अब पांच व दस हजार लोगों से राय लेकर भी एग्जिट पोल्स सटीक नहीं बैठ रहे। और ज्ञात हो कि चुनाव संपन्न होने के बाद ही सर्वे कंपनियां अपना रिजल्ट बता दी थी लेकिन अब पहले चरण में हुए चुनाव से ही अपने रिजल्ट रख देते हैं व इसके अलावा अब आरोप यह लगने लगे कि सर्व कंपनियों को किसी भी पार्टी के पक्ष में हवा बनाए रखने के लिए गलत रिपोर्ट देने लगी जिससे की पार्टी को फायदा हो। दूसरा पहलू यह है कि एग्जिट पोल के सर्वे इस बात पर आधारित होते हैं कि वोटिंग करके मतदान केंद्रों से निकल रहे लोग सही जवाब देंगे लेकिन ऐसा होता नहीं है। कुछ मतदाता वास्तव में झिझकते हैं व कुछ गोलमोल जवाब देते हैं तो कुछ गलत भी बताते हैं। समझा यह भी जाता है कि मतदाता दबाव, डर, सामाजिक परिस्थितियों के चलते खुलकर अपने मत का खुलासा नहीं करते। एग्जिट पोल करने वाली एजेंसियां सभी मतदान केंद्रों को कवर नहीं कर पातीं। रैंडम सैंपलिंग की कमी और छोटी सैंपल साइज के कारण भी परिणाम गलत हो सकते हैं। अक्सर सर्वे एजेंसियां वोट शेयर का अनुमान तो सही लगा लेती हैं, लेकिन वह वोट किस सीट पर कितना प्रभावी होगा इसका सटीक अनुमान नहीं लगा पातीं। कई बार एग्जिट पोल का इस्तेमाल सत्ताधारी पार्टी माहौल बनाने के लिए किया जाता है। सर्वेक्षकों के पक्षपातपूर्ण रवैये और सत्ताधारी पार्टी के पक्ष में झुकाव होने के कारण भी परिणाम वास्तविक नतीजों से अलग हो सकते हैं। मतदान के अंतिम चरणों या वोट डालने से ठीक पहले के रुझान सर्वे में कैद नहीं हो पाते जिससे अंतिम परिणाम सर्वे में बताए हुए परिणामों के व विपरीत दिखते हैं। यह बात लगातार दिखने लगी और इस वजह से सर्व की गंभीरता कम होने लगी। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले चार दशकों में 833 सर्वेक्षणों जिसमें 386 पूर्व मतदाता पोल यानी ओपिनियन पोल व 447 एग्जिट पोल शामिल है जिसमें लगभग तीन तिहाई सर्वेक्षणों ने सही विजेता पार्टी का अनुमान लगाया। एग्जिट पोल की सफलता दर भारत में लगभग अस्सी प्रतिशत बताई गई है जाती रही है जबकि पूर्व-मत सर्वेक्षण की सफलता दर सत्तर प्रतिशत से भी ज्यादा थी। कुछ आंकड़ों के अनुसार भारत में एग्जिट पोलों का सटीकता काफी सीमित मानी जाती थी लेकिन अब सबसे ज्यादा अविश्वास हमारे देश में उत्पन्न होने लगा है। एक कहावत भी है कि अति हर चीज की बुरी होती है इसलिए सर्व कंपनियों की कार्यशैली पर लगातार सवालिया निशान खड़े होने से जनता मन में एग्जिट पोल्स की गंभीरता खत्म होने लगी। सर्वे कंपनिया लाखों-करोडों रुपयों खर्च कर सर्व कराती है जिससे चुनाव से पहले एक रोमांच पैदा होने लगा था लेकिन अब ऐसा नहीं होता। यदि विश्वसनीय को बनाए रखना हो तो सर्व कंपनियों को अपना पैटर्न बदलना होगा जिससे कि उनका काम चलता रहे साथ ही उनके सर्वे पर विश्वसनीयता भी बनी रहे। अन्यथा फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा, ब्रिटेन, सिंगापुर, साउथ अफ्रीका, चेक गणराज्य में भी निर्वाचन स्थल पर एग्जिट पोल भारत में प्रतिबंधित न हो जाए। चूंकि इन देशों का मानना है कि किसी भी चुनाव का पहले से रिजल्ट से देश या राज्य में एक नकारात्मकता फैलती है और जो भी निर्णय होगा वो नेता या पार्टी को स्वीकार करना चाहिए। वहीं इससे किसी भी नेता या पार्टी जीतने व हारने को लेकर सट्टेबाज करोडो का सट्टा लगाते हैं जिससे अव्यवस्था फैलती है।एक नजरिये से यह सही लगता है सर्वे नही होना चाहिए चूंकि निर्णय की जिज्ञासा का बना रहना जरूरी है। इसलिए सर्वे हो तो इसकी विश्वसनीयता बनी रही या फिर न हों।

## 4 मई के बाद बदल जाएगी देश की राजनीति



देश के चार राज्यों- असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल एवं एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम एग्जिट पोल भी सामने आ चुके है। इस बार का विधानसभा चुनाव, इस मायने में बहुत खास है कि इसमें देश के दो प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक दलों- कांग्रेस और बीजेपी के साथ ही तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और एआईएडीएमके जैसे ताकतवर क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। सबसे बड़ा सवाल तो लेफ्ट फ्रंट के दलों के सामने खड़ा हो गया है क्योंकि केरल की सत्ता हाथ से जाते ही उनके सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा। त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में तो लेफ्ट पार्टियां पहले ही साफ हो चुकी है। जाहिर है कि इन पांच राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के चुनावी नतीजें सिर्फ इन राज्यों के मुख्यमंत्री ही तय नहीं करेंगे बल्कि दोनों गठबंधन- एनडीए एवं इंडिया को भी प्रभावित करेंगे। यह भी एक तथ्य है कि चाहे, चुनावी नतीजे जो भी आए लेकिन इसके बाद देश के दो प्रमुख राजनीतिक दलों में तेजी से बड़े बदलाव दिखाई देने लगेंगे। बीजेपी ने नितिन नवीन को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर कई महीने पहले ही बदलाव की शुरुआत कर दी थी लेकिन वह बदलाव अभी संगठन के ढांचे और सरकार तक नहीं पहुंच पाया है। बताया जा रहा है कि चुनावी नतीजों के बाद नितिन नवीन की नई टीम के गठन के लिए उच्चस्तरीय बैठकों का दौर शुरू होगा। बीजेपी आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती इस बात की है कि वो बुजुर्ग हो चुके नेताओं को संगठन से बाहर रहने के लिए कैसे मना पाते हैं क्योंकि सबसे युवा अध्यक्ष चुनने के बाद पार्टी उनकी टीम को भी युवा नेताओं से ही भरना चाहती है। पार्टी के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में बीजेपी को पार्टी का फैसला लेने वाली सर्वोच्च ईकाई संसदीय बोर्ड, उम्मीदवारों का चयन करने वाली केंद्रीय चुनाव समिति के साथ ही राष्ट्रीय पदाधिकारियों और मोर्चों का पुनर्गठन करना है। पार्टी में नए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय सचिव, राष्ट्रीय प्रवक्ता, मीडिया सहित विभिन्न विभागों की टीम के साथ ही राष्ट्रीय मोर्चों का भी पुनर्गठन करना है। इसके बाद बदलाव की यही प्रक्रिया सरकार और राज्यों में भी की जानी है। नई टीम में एक तरफ जहां युवा और अनुभवी नेताओं का संतुलन बनाना होगा वहीं महिलाओं को भी ज्यादा से ज्यादा जगह देनी होगी।

## हनीफनामा : यादों में जिंदा रहेंगे हसरत जयपुरी



'शिकवा न कर हसरत जमाने के खुदाओं से,
दुनिया बड़ी जालिम है, दमसाज नहीं होती।
वो खुद ही समझ लेगा, मुख्तार-ए-दो आलम है,
अल्लाह की लाठी में आवाज नहीं होती।'

यह शायरी प्रसिद्ध स्वर्गीय गीतकार हसरत जयपुरी ने उस समय लिखी थी, जब उनके लिखे मुखड़े को गीतकार इंदीवर ने चुराकर उस पर फिल्म आंखें के लिए पूरा गाना ही लिख दिया था। यह शायरी उन्होंने अपनी बेटी किश्वर को यह कहकर दी थी कि वह इसे संभालकर अपने पास रखे। वास्तव में हसरत बेझिझक अपने दोस्तों के साथ अपना लिखा कलाम शेयर करते थे। ऐसी ही एक महफिल में उन्होंने इंदीवर के सामने एक गीत का मुखड़ा सुनाया, जो कुछ यूं था-

'ओ काले बुर्वे वाली, तेरा नाम तो बता,
जाएगी कहां, वह मकान तो बता'

इस मुखड़े की खूबी यह थी कि मजबूरी में अगर चेहरा नहीं बता सकती तो नाम ही बता दे। लेकिन इस खूबी को दरकिनार कर इंदीवर ने लिखा, `ओ लाल दुपट्टे वाली, तेरा नाम तो बता' अपने मुखड़े पर लिखे गए इस गाने को लेकर हसरत बहुत नाराज हुए और उन्होंने अपनी भड़ास उक्त शायरी लिखकर अपनी बेटी को थमा दी। हसरत दोस्तों के बेहद करीबी थे। वे अक्सर अपने दोस्तों और उनकी दोस्ती पर यूं ही शेर कह दिया करते थे। उनकी यह शायरी किसी फिल्म या महफिल के लिए नहीं होती थी, बल्कि वे उसे अपनी निजी डायरी में लिखकर रखते थे। ऐसी ही एक कविता उन्होंने अपने मित्र, संगीतकार जयकिशन की अचानक मृत्यु के बाद लिखी थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि शंकर और जयकिशन के अलगाव के बाद शंकर के लिए गीत शैलेंद्र, और जयकिशन के लिए हसरत लिखा करते थे। अपने दोस्त की अचानक मौत पर पहली बार उनके दोस्तों ने उन्हें एक बच्चे की तरह रोते हुए देखा। यह मंजर उनकी बेटी किश्वर को आज भी याद है, जबकि वह उस वक्त काफी छोटी थीं। किश्वर कहती हैं कि दिवाली हो या ईद, अब्बाजान ये दोनों त्योहार अंकल जयकिशन के साथ ही मनाते थे। दिवाली के रोज मिठाई का डिब्बा लेकर सबसे पहले जयकिशन अंकल घर आते और ईद के दिन उनके घर अब्बा पहुंचते थे। जयकिशन की मौत के तीसरे दिन उनकी याद में जो कलाम हसरत ने लिखा, वह आज भी बेटी किश्वर ने संभाल कर रखा है, जो यूं था-

'मेरे बिछड़े हुए साथी, मेरे मनचाहे सनम,
हसरतें उड़ नहीं सकतीं, उन्हें परवाज तो दो,
तुम कहां, कौन-सी मंजिल पर रहा करते हो,
तुम जहां भी हो, खुदा के लिए आवाज तो दो।'

## धर्म शासित ईरान की सामरिक-आक्रामक तैयारी



भारत के निकटम पड़ोसी देश ईरान की सामरिक और आक्रामक तैयारी पूरी भारत-इजरायल समेत पूरी दुनिया के लिए नसीहत बन गई है, क्योंकि उसने सीमित संसाधनों और भारी पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद "असममित युद्ध" (Asymmetric Warfare) की ऐसी क्षमता विकसित कर ली, जिसने अमेरिका, इजराइल और पश्चिमी सैन्य गठबंधनों को भी नई रणनीति बनाने और उससे आगे की सोचने पर मजबूर कर दिया है। यदि समय रहते इसकी काट विकसित नहीं की गई, तो अरब देशों पर अमेरिका के बाद चीन की पकड़ मजबूत होगी, क्योंकि उसके साथ ईरान का सहयोगी रूस भी खड़ा है।

वहीं, इस्लामिक मुल्क के नाम पर मुस्लिम देशों का अंदरूनी झुकाव भी उसकी ओर है, जिससे रूसी मित्रता और चीनी छल की चक्की में भारत के पिसने के आसार प्रबल हैं। अनुभव बताता है कि ईरान अपने पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान पर ज्यादा भरोसा करता है और इस्लामिक नाटो का पक्षधर भी है, इसलिए ईरान के मामले में भारत की जरा सी रणनीतिक लापरवाही उसे चीनी चक्रब्यूह में घिरे अभिमन्यु वाली कर देगी, क्योंकि भारत की हिन्दू विरोधी मुस्लिम राजनीति के आर्थिक स्रोत भी इस्लामिक मुल्कों से ही जुड़े बताए जाते हैं।

पहला, आत्मनिर्भर सैन्य उत्पादन सबसे बड़ी ताकत है क्योंकि ईरान ने दशकों के प्रतिबंधों के बावजूद अपने मिसाइल, ड्रोन और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तंत्र को घरेलू स्तर पर विकसित किया। आज उसके पास मध्य-पूर्व का सबसे बड़ा बैलिस्टिक मिसाइल भंडार माना जाता है। चूंकि वहां के लोग ज्यादा पढ़े लिखे होते हैं और ईरान ने लोकतंत्र की बजाय समानांतर कट्टर धार्मिक तंत्र विकसित कर लिया, जिससे भारत को अवश्य सीखने की जरूरत है। क्योंकि ईरान की इस नीति का संदेश स्पष्ट है- "जो देश रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भर होगा, वही लंबे संघर्ष में टिकेगा।" दूसरा, ड्रोन युद्ध ने युद्ध की परिभाषा ही बदल दी है, क्योंकि ईरान ने कम लागत वाले ड्रोन को "रणनीतिक हथियार" बना दिया। उसने दिखाया कि हजारों करोड़ की एयर डिफेंस प्रणाली को सस्ते ड्रोन झुंड (swarm) से भी चुनौती दी जा सकती है। इसलिए आज अमेरिका तक स्वीकार कर रहा है कि महंगे इंटरसेप्टर मिसाइलों के मुकाबले सस्ते ड्रोन "Cost Imbalance" पैदा कर रहे हैं। तीसरा, युद्ध केवल हथियार नहीं, "धैर्य" से जीता जाता है, यही बात ईरान ने दुनिया को सिखलाया है। जिस तरह से उसने अमेरिका-इजरायल के यौद्धिक गुरूर को तोड़ा है, वह शोध का विषय है, क्योंकि रूस-चीन के नैतिक मदद से उसने यह सफलता हासिल की है। ईरान ने प्रत्यक्ष युद्ध से अधिक "लंबी थकाऊ लड़ाई" (War of Attrition) की रणनीति अपनाई। उसका उद्देश्य तत्काल जीत नहीं, बल्कि विरोधी की आर्थिक, सैन्य और मनोवैज्ञानिक क्षमता को थकाना रहा।

## एक नजर



### ट्रेन आते ही पटरी पर लेट गया ऑटो ड्राइवर, मौत

लखनऊ। गोमतीनगर क्षेत्र में रेलवे लाइन किनारे स्थित पानी की टंकी के पास रविवार तड़के 22 वर्षीय आटो चालक आलोक कुमार ट्रेन आते ही पटरी पर लेट गया। लोको पायलट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और परिवारजन को मामले की जानकारी दी। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि मूल रूप से सीतापुर के अटरिया गांव निवासी आलोक कुमार गोमतीनगर रेलवे लाइन के पास परिवारजन के साथ रहता था और आटो चलाकर जीविका चलाता था। वह पत्नी और दो बेटों कृष्णा व कृष के साथ पानी की टंकी के पास झोपड़ी में रहता था। परिवारजन के अनुसार, दो–तीन दिन पहले किसी बात को लेकर उसका पत्नी से विवाद हो गया था, जिसके बाद से वह काफी तनाव में था। रविवार भोर आलोक शौच के लिए घर से निकला और रेलवे लाइन की ओर चला गया। इसी दौरान जब उसने ट्रेन को आते देखा तो वह पटरी पर लेट गया दी। तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से उसका सिर धड़ से अलग हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

### शारदा नहर में दोस्तों के साथ नहाने गए किशोर की डूबने से मौत

लखनऊ। सआदतगंज के अंबरगंज निवासी 15 वर्षीय अशाज अहमद अपने दोस्तों शोएब, अरमान, इस्माइल, अजमत, मोहम्मद अखलाक, मोहम्मद आसीम और अमन के साथ रहीमाबाद के तिरगवां गांव स्थित बिलाली मस्जिद में तबलीगी जमात में शामिल होने आया था। रविवार सुबह सभी साथी टहलने के बहाने मस्जिद से निकले और करीब पांच किलोमीटर दूर लखनऊ-उन्नाव सीमा पर स्थित औरास क्षेत्र के शोभा खेड़ा गांव के पास शारदा नहर में नहाने पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नहर के झाल के पास पानी का बहाव काफी तेज था। नहाते समय अशाज अचानक गहरे पानी में चला गया और बहने लगा।

# सीएम योगी बोले: यूपी ने बनाया 9 साल में 9 लाख से अधिक नौकरी देने का रिकॉर्ड, प्रदेश में अब नहीं चलती रिश्वत

एजेंसी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी गई है। यह किसी भी राज्य में सर्वाधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया को सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने का रिकार्ड है। सिर्फ अधीनस्थ चयन आयोग इस वर्ष 32 हजार से अधिक नियुक्तियों की प्रक्रिया संपन्न करेगा। शिक्षा चयन आयोग हजारों शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी करेगा। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग को लगभग 15 हजार भर्तियां करनी है। इस प्रकार चालू वित्तीय वर्ष (2026-27) में डेढ़ लाख से अधिक सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया संपन्न होनी है। प्रक्रिया में किसी प्रकार की सेंध न लगे, इसके लिए सख्त कानून भी बनाया है, जिसके तहत सेंधमारी करने वालों को आजीवन कारावास की सजा और उसकी पूरी संपत्ति को जब्त किया जाता है।"

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लोक भवन में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के लिए नवचयनित 357 कनिष्ठ विश्लेषकों (औषधि) तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के नवचयनित 252 दंत स्वास्थ्य विज्ञानियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कहीं। अपने संबोधन के पहले मुख्यमंत्री ने नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र वितरित किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर माता-पिता की इच्छा होती है कि उनका बच्चा अच्छी शिक्षा प्राप्त कर एक सुरक्षित और बेहतर भविष्य की ओर आगे बढ़े। इसके लिए वे हरसंभव प्रयास करते हैं, लेकिन जब अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते, तो न केवल उस युवा के सपने टूटते हैं, बल्कि उसके माता-पिता और परिवार से जुड़े अन्य लोगों की उम्मीदें भी चकनाचूर हो जाती हैं। किसी युवा के सपनों का टूटना केवल एक व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के साथ धोखा है। उत्तर प्रदेश की 'बीमारू राज्य' के रूप में पहचान बनाने में चयन प्रक्रियाओं में भेदभाव, बेईमानी और भ्रष्टाचार की भूमिका थी। भर्ती प्रक्रियाओं में अनियमितताएं इतनी अधिक थीं कि न्यायालय को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले लगभग हर नियुक्ति प्रक्रिया पर कहीं न कहीं कोर्ट स्टे लगते थे, न्यायालय से कड़ी टिप्पणियां मिलती थीं। स्थिति यह थी कि जो व्यक्ति पात्र नहीं था, वह भी आयोग का चेयरमैन बन जाता था। यहां तक कि फर्जी डिग्री वाले लोग चयन प्रक्रिया का नेतृत्व कर रहे थे। पैसे के लेनदेन के कारण भर्तियां प्रभावित होती थीं और योग्य उम्मीदवारों को अवसर नहीं मिल पाता था। वर्तमान समय में कई युवा उस दौर से अनभिज्ञ हैं, क्योंकि वे तब नाबालिग थे। वर्ष 2017 के बाद भर्ती प्रक्रियाओं को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया गया है। इसका परिणाम यह है कि अब तक पुलिस विभाग में 2,20,000 से अधिक भर्तियां सफलतापूर्वक की जा चुकी हैं। गत 9 वर्षों में हम लोगों ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से रिकॉर्ड 9 लाख से अधिक युवाओं की भर्तियां कीं।

## फर्जी फर्म बनाकर 9.64 करोड़ रुपये की कर चोरी, रिपोर्ट दर्ज

एजेंसी समाचार

लखनऊ। फर्जी फर्म का पंजीकरण कराकर जीएसटी चोरी का मामला सामने आया है। राज्य कर विभाग की जांच में खुलासा हुआ कि रिद्धी इंटरप्राइजेज नाम की फर्म ने कागजी लेनदेन दिखाकर 53.58 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्शाया और 9.64 करोड़ रुपये का इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) लेकर सरकार को चूना लगाया। इस मामले में फर्म के मालिक बसंत सिंह कुंवर के खिलाफ गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

राज्य कर विभाग के सहायक आयुक्त अखिलेश गौड़ के अनुसार, फर्म ने वर्ष 2025-26 में करीब 25.92 करोड़ रुपये की इनवर्ड सप्लाई और 27.65 करोड़ रुपये की आउटवर्ड सप्लाई दिखाई। इसी आधार पर इनवर्ड पर 4.66 करोड़ और आउटवर्ड पर 4.97 करोड़ रुपये का आईटीसी क्लेम कर पासऑन किया गया। जांच में पाया गया कि जिन फर्मों से खरीद दिखाई गई, उनमें कई संदिग्ध और निलंबित थीं।

अधिकारियों के मुताबिक, यह पूरा नेटवर्क कागजी कंपनियों के जरिए अवैध आईटीसी लाभ लेने के लिए तैयार किया गया था। 9 अक्टूबर 2025 को गोमतीनगर विस्तार स्थित सुलभ आवास के पते पर जांच की गई, जहां कोई फर्म संचालित नहीं मिली। आसपास के लोगों ने भी ऐसी किसी इकाई के अस्तित्व से इनकार किया। जांच में यह भी सामने आया कि पंजीकरण के लिए अपलोड किए गए किरायानामा, बिजली बिल और बैंक दस्तावेज संदिग्ध हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बैंक डिटेल समेत अन्य साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं। इंस्पेक्टर सुधीर अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

## अंबेडकरनगर हत्याकांड में बड़ा मोड़, अब तक आरोपी बताई जा रही महिला की लाश नाले में मिली

एजेंसी समाचार



### खून से लथपथ मिले थे चारों बच्चों के शव

शनिवार को मीरानपुर मुरादाबाद में एक घर के अंदर चारों बच्चों के शव खून से लथपथ मिले थे। शुरुआती जांच में ईंट और हथौड़े से हमला कर हत्या की बात सामने आई थी। घर अंदर से बंद मिला था और मां गासिया खातून के लापता होने से उस पर शक गहराया था। आशंका जताई गई थी कि बच्चों को पहले नशीला पदार्थ दिया गया और फिर वारदात को अंजाम दिया गया।

अंबेडकरनगर। शनिवार को अंबेडकरनगर में एक हत्याकांड सामने आया था जिसमें एक घर में चार मासूम बच्चों की लाश पाई गई थी। उस घर में उन बच्चों के अलावा सिर्फ मां थीं। घटना के बाद मां का फोन बंद और वो गायब थी। पुलिस को शक था कि ये हत्या मां के द्वारा ही की गई है। मामले में मोड़ रविवार शाम को आया जब आरोपी गासिया खातून की लाश पुलिस को नाले में मिली। पुलिस मौके पर मौजूद है और जांच कर रही है।

अकबरपुर के मीरानपुर मुरादाबाद में चार मासूम बच्चों की हत्या मामले में रविवार को महरुआ के कसड़ा गांव का माहौल बेहद भारी नजर आया। दोपहर करीब एक बजे जैसे ही पोस्टमार्टम के बाद चारों मासूम बच्चों के शव गांव पहुंचे, पूरे इलाके में चीख-पुकार गूंज उठी। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और गांव का माहौल शोक में डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच गए। हर कोई बच्चों के अंतिम दर्शन के लिए घर के बाहर जमा हो गया। लोगों की भीड़ देर तक बनी रही और पूरे गांव में सन्नाटा पसरा रहा।

जोहर की नमाज के बाद चारों बच्चों का अंतिम संस्कार किया गया। एक साथ चार जनाजे उठने का दृश्य हर किसी को अंदर तक झकझोर गया। गांव के कब्रिस्तान में सऊद (12) और उमर (10) को एक साथ दफन किया गया, जबकि शफीक (14) और बयान (8) को पास में ही अलग-अलग सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव व कई थानों की पुलिस उपस्थित रही।

## केशव मौर्य का अखिलेश पर पलटवार, 2027 क्या, 2047 तक अधूरा ही रहेगा सैफई परिवार का मुख्यमंत्री बनने का सपना

एजेंसी समाचार



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार व संगठन में एकजुटता का संदेश देते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधा और कहा कि 2027 क्या, 2047 तक भी सैफई परिवार का मुख्यमंत्री बनने का सपना अधूरा ही रहेगा।

अखिलेश यादव ने शनिवार को केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की तस्वीर साझा कर 'एक्स' पर कहा था, "दो स्टूल मिलकर कुर्सी नहीं बन सकते।" राजनीतिक विश्लेषकों ने इसका मतलब निकाला कि दोनों मिलकर भी मुख्यमंत्री नहीं बन सकते। केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर जवाब देते हुए कहा, "सपा बहादुर अखिलेश यादव, आपके इशारों पर मर्यादा लांघकर 'फर्जी पीडीए' परोसने वालों को प्रदेश की जागरूक जनता भली-भांति पहचानती है।"

उन्होंने कहा, "सदन में आपकी भाषा व आचरण ही आपके समर्थकों की शैली एवं व्यवहार में साफ दिखते हैं और यही आपकी राजनीति की असल फितरत भी उजागर करते हैं।" मौर्य ने दावा किया, "साफ है कि 2027 क्या, 2047 तक भी सैफई परिवार का मुख्यमंत्री बनने का सपना अधूरा ही रहेगा। सपा का पूरा इतिहास अराजकता, जुल्म और गुंडागर्दी के काले पन्नों से भरा रहा है, जिसे प्रदेश की जनता अब दोबारा स्वीकार नहीं करेगी। उत्तर प्रदेश में फिर एक बार कमल खिलेगा और सुशासन कायम रहेगा।"

उन्होंने एक अन्य पोस्ट में भाजपा की एकजुटता दिखाते हुए कहा, "अखिलेश यादव, आपको एक नेक सलाह है कि आप गलतफहमियों का शिकार न बनें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा सरकार का नेतृत्व करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मेरे साथ समूचा भाजपा नेतृत्व एवं हर कार्यकर्ता चट्टान की तरह एकजुट है।" केशव मौर्य ने कहा, "'सपा को सफा' करने का हमारा संकल्प अटल है। बांटो और सत्ता हथियाने की आपकी सारी 'कसरत' धरी की धरी रह जाएगी। सपा की गुंडागर्दी और अराजकता हमेशा के लिए दफन हो जाएगी। 2017 व 2022 में आपका और आपकी सपा का जो हश्र हुआ था, उससे भी बुरा हाल 2027 में होने जा रहा है। यह गांठ बांध लीजिए।"

## हनुमंतलला के प्रथम दर्शन की परंपरा निभाने उमड़ेगी आस्था, लाखों श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद

एजेंसी समाचार



अयोध्या। बड़े मंगल पर रामनगरी के विभिन्न स्थानों पर भंडारे भी आयोजित होंगे, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। रामनगरी में भीड़ नियंत्रण के लिए यातायात डायवर्जन का भी प्लान प्रशासन तैयार कर रहा है। बड़े मंगल पर हनुमानगढ़ी में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उमड़ने की उम्मीद है।

रामनगरी अयोध्या में ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मान्यता है कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालु पहले हनुमंतलला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं, इसके बाद ही भगवान श्रीराम का दर्शन पूर्ण माना जाता है। यही वजह है कि बड़े मंगल के अवसर पर हनुमानगढ़ी सहित सभी प्रमुख मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ता है।

पहले बड़े मंगल पर इस बार भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। प्रशासन और मंदिर समितियां व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटी हैं। रामनगरी की सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी सहित शहर के अन्य हनुमान मंदिर नाका हनुमानगढ़ी, वीर भगवान मंदिर, हनुमान किला, रिकाबगंज हनुमान गढ़ी मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और अखंड रामनाम संकीर्तन का आयोजन होगा। रामनगरी के विभिन्न स्थानों पर भंडारे भी आयोजित होंगे, जहां श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। रामनगरी में भीड़ नियंत्रण के लिए यातायात डायवर्जन का भी प्लान प्रशासन तैयार कर रहा है। बड़े मंगल पर हनुमानगढ़ी में दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के उमड़ने की उम्मीद है। वहीं, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, छाया, चिकित्सा और सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।



## अखिलेश यादव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

एजेंसी समाचार

लखनऊ। अखिलेश यादव ने राजधानी में सपा मुख्यालय में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इन्होंने अपने-अपने जिले में टॉप करके न सिर्फ परिवार का नाम बढ़ाया, बल्कि जनपद का नाम रोशन किया।

राजधानी लखनऊ में रविवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप देकर सम्मानित किया। जिन्होंने यूपी बोर्ड में 10वीं और 12वीं में अपने अपने जिले में टॉप किया है। कार्यक्रम सपा मुख्यालय में आयोजित किया गया।

## अखिलेश यादव बोले: जब बिजली के स्मार्ट मीटर में हो सकती है गड़बड़ी तो ईवीएम में क्यों नहीं, चुनाव आयोग इसे देखे

एजेंसी समाचार



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक प्रेस वार्ता के दौरान भारतीय जनता पार्टी पर तीखे हमले करते हुए उस झूठ की सोनपापड़ी बनाने वाली पार्टी करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता इस बात को बखूबी जानती थी कि चुनाव खत्म होते ही महंगाई का ग्राफ ऊपर जाएगा, और आज वही हो रहा है। अखिलेश ने आरोप लगाया कि भाजपा अपने करीबियों को ज्यादा मुनाफा कमाने से नहीं रोक रही है, जिसके कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि हमें तब तक नहीं रुकना चाहिए जब तक हम अपना लक्ष्य हासिल न कर लें।

सपा प्रमुख ने कहा कि समाजवादी सरकार में बांटे गए लैपटॉप आज भी सुचारू रूप से चल रहे हैं, जिन्हें डिजिटल डिवाइड खत्म करने के उद्देश्य से दिया गया था। सरकारी कार्यशैली पर तंज कसते हुए उन्होंने हरदोई जाने का एक किस्सा सुनाया, जहां प्रशासन ने एक्सप्रेस-वे बंद होने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि जिस एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन खुद प्रधानमंत्री ने किया हो, उसका बंद होना बड़ी बेइज्जती की बात होती। अखिलेश के इस हस्तक्षेप के बाद न केवल एक्सप्रेस-वे खुला, बल्कि कुछ दिनों के लिए उसे मुफ्त भी कर दिया गया।

चुनावों की पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि यदि स्मार्ट मीटर में बेईमानी संभव है, तो ईवीएम में गड़बड़ी क्यों नहीं हो सकती? उन्होंने निर्वाचन आयोग को एक निष्पक्ष संस्था बताते हुए भी रामपुर और अन्य उपचुनावों के अनुभवों का जिक्र किया और कहा कि भाजपा भय का माहौल बनाकर चुनाव लड़ती है। पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां जनता का चुनाव है और 'दीदी' (ममता बनर्जी) ही वहां बनी रहेंगी। अंत में उन्होंने रोजगार के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अकेले गोरखपुर में ही हजारों शिक्षकों के पद कम हो गए हैं, जिससे पूरे प्रदेश की चिंताजनक स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## यूपी में अगले पांच दिन रुक-रुककर होगी बूंदाबांदी, कई जिलों में गिर सकते हैं ओले



एजेंसी समाचार

लखनऊ। अगले पांच दिनों तक यूपी का मौसम खुशनुमा बना रहेगा। रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रहेगी। वहीं, कई जिलों में ओलावृष्टि भी हो सकती है।

उत्तर प्रदेश में लगातार सक्रिय दूसरे पश्चिमी विक्षोभ के असर से ज्यादातर हिस्सों में बूंदाबांदी और तेज हवाओं का दौर जारी है। रविवार को कई जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई। बाराबंकी में सबसे ज्यादा 50 मिमी वर्षा हुई, जबकि सुल्तानपुर में 35.3 मिमी, गोंडा में 31.5 मिमी, अयोध्या और हरदोई में 22.2 मिमी तथा बरेली में 16 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। दिन में चली ठंडी हवाओं ने धूप की तीव्रता को कम कर दिया जिससे लोगों को राहत महसूस हुई। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिनों तक पूर्वी और पश्चिमी यूपी में कहीं-कहीं हल्की बारिश होती रहेगी। सोमवार को कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और ओलावृष्टि की भी संभावना है।

प्रार्थना | लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती हैं अजय राय

## अविनाश पांडे ने अजय राय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए मंदिरों में की पूजा

एजेंसी समाचार

लखनऊ। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने रविवार को लखनऊ के हनुमान सेतु और कालीबाड़ी मंदिर में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अजय राय के शीघ्र स्वास्थ्य होने की कामना की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। अविनाश पांडेय ने एक न्यूज एजेंसी को बताया कि लखनऊ स्थित हनुमान सेतु और कालीबाड़ी मंदिर में पूजा कर राय के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की।









मेदांता अस्पताल द्वारा जारी बयान के अनुसार, राय (56) को अचानक तबीयत बिगड़ने पर शुक्रवार को लखनऊ के मेदांता अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में भर्ती कराया गया था। राय को एक मई को शाम करीब 6:30 बजे आपातकालीन विभाग लाया गया। बयान के मुताबिक, उस समय वह अचेत थे और उन्हें दौरे की शिकायत थी।

चिकित्सकों ने बताया कि प्रारंभिक जांच में उनके रक्त में सोडियम का स्तर कम मिला। अस्पताल बुलेटिन के मुताबिक, फिलहाल राय का इलाज क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. दिलीप दुबे व उनकी टीम की निगरानी में जारी है। बुलेटिन में बताया गया कि उपचार के दौरान सोडियम स्तर को नियंत्रित व स्थिर किया गया तथा उनकी स्थिति पहले से बेहतर है।

चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें अभी आईसीयू में चिकित्सकों की सतत निगरानी में रखा गया है। अजय राय की तबीयत बिगड़ने के बाद शुक्रवार आधी रात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिंता जताई और 'एक्स' पर पोस्ट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। शनिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने भी राय के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

पांच बार विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुके अजय राय ने 2014, 2019 और 2024 के लोकसभा चुनाव में वाराणसी सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा था लेकिन जीत हासिल नहीं कर सके।

## योगी मंत्रिमंडल जल्द हो सकते हैं बड़े फेरबदल, 16 नामों पर मंथन तेज

एजेंसी समाचार

लखनऊ। चुनावी वर्ष में भाजपा थोड़ी देर से ही सही, लेकिन बड़े बदलाव के नजदीक है। संगठन से पहले मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर चर्चा तेज हो गई है। बंगाल चुनाव के नतीजों की घोषणा के दो-तीन दिन बाद योगी की नई टीम गठित हो सकती है। चर्चा है कि मंत्रिमंडल के लिए पार्टी ने कुल 16 नामों पर मंथन किया है, जिसमें योगी सरकार 1.0 के तीन पुराने चेहरे भी शामिल हैं।

अप्रैल माह में कई बार दिल्ली और लखनऊ में संगठन की महत्वपूर्ण बैठकें हुईं। राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने 12 और 13 मार्च को लखनऊ में रुककर मंत्रियों के कामकाज पर फीडबैक लिया था। पूर्व प्रदेश अध्यक्षों एवं दोनों उप मुख्यमंत्रियों से मीटिंग करने के बाद सीएम योगी से भी मिले। प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृहमंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मुलाकात की।

पार्टी पदाधिकारियों का कहना है कि मंत्रिमंडल में नाम, पोर्टफोलियो तय कर लिया गया है। जातीय एवं क्षेत्रीय समीकरण का पूरा ध्यान रखा गया है। यूजीसी से उठे कंपन को संभालने के लिए दो से तीन ब्राह्मणों को मंत्री बनाने की चर्चा है। अगर तीसरा नहीं बन सका तो उसे केंद्रीय संगठन में जगह मिलेगी। पूर्व में तीन कैबिनेट मंत्री रह चुके चेहरों के भी दिन बहुर सकते हैं। पश्चिम उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा बदलाव की चर्चा है, जहां से तीन नामों की जगह नए चेहरे उतारे जा सकते हैं। जाट और गुर्जर समीकरण को लेकर पार्टी द्वंद में है। एक को क्षेत्रीय संगठन की कमान मिल सकती है तो दूसरे समाज से एक चेहरे को केंद्रीय टीम में भेजने की चर्चा है।

## एक नजर

### जमीन विवाद में मां-बेटी पर हमला, किया घायल

**पूरनपुर।** जगह के विवाद को लेकर परिवार के लोगों ने मिलकर मां बेटी को मारा पीटा। धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा है। घुंघचाई थाना क्षेत्र के गांव दिलावरपुर निवासी राम प्यारी का अपने परिवार के देवर से जगह को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को बह अपने घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसके देवर व उसके परिवार जगह को लेकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर देखते ही देखते मामला मारपीट में वदल गया। गालियां देने के विरोध में सभी ने मिलकर लाठी-डंडों से पीटा। ईंट से हमला कर महिला को घायल कर दिया। बचाने आई पुत्री बर्षा देवी को भी मारा पीटा। दोनों हाथ पर नुकीली चीज मार दी। विवाद में मां-बेटी बुरी तरह घायल हो गईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। घायल मां बेटी थाने पहुंची। जहां पुलिस को मामले की तहरीर दी। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि घायलों को मेडिकल के लिए भेजा गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# पीटीआर में वन तस्करी, कट गए साल, सोता रहा विभाग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व से सटे इलाके में जंगल की सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। इको सेंसिटिव जोन में रातों-रात साल समेत कई कीमती पेड़ों को काटकर गायब कर दिया गया। हैरानी की बात यह है कि सिर्फ पेड़ काटे ही नहीं गए, बल्कि उनकी जड़ों को मिट्टी में दबाकर साक्ष्य मिटाने की भी कोशिश की गई जिससे पूरे मामले में सुनियोजित साजिश की बू आ रही है।

मामला बराही रेंज की वाइफरकेशन द्वितीय बीट, कंपार्टमेंट 66-बी से जुड़ा है। जंगल से सटी करीब ढाई एकड़ जमीन पर खड़े साल के पेड़ों को अचानक साफ कर दिया गया। मामला सामने आते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया और एसडीओ रमेश चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में 25 से ज्यादा



अवैध रूप से कटे पेड़ों की जांच करते हुए वन कर्मचारी। –जागरण मोर्चा

पेड़ों के कटान की पुष्टि हुई है, जिनमें साल सहित अन्य मिश्रित प्रजातियां शामिल हैं। गांव केसरपुर निवासी एक काश्तकार ने जमीन पर अपना दावा ठोंका है। बताया जा रहा है कि जमीन पर खड़े पेड़ कब्जे में बाधा बन रहे थे। ऐसे में कथित तौर पर कुछ लोगों ने वन विभाग के कर्मचारियों से मिलीभगत कर रात के अंधेरे में पेड़ों का सफाया शुरू कर दिया। चर्चा यह भी है कि इस जमीन का सौदा एक वन अधिकारी और स्थानीय व्यापारी से होने वाला था और पेड़ इस डील में रोड़ा बने हुए थे। पूरा मामला अब सिर्फ अवैध कटान तक सीमित नहीं रह गया है। बीट वॉचर से लेकर रेंजर तक की भूमिका संदिग्ध बताई जा रही है। पहले भी बराही रेंज में ऐसी लापरवाहियां सामने आ चुकी हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर फाइलें ही चलती रहीं। जमीन को लेकर विवाद गहराने के बाद वन और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम अब मौके पर पैमाइश करेगी, ताकि साफ हो सके कि जमीन वास्तव में किसकी है वन विभाग की या काश्तकार की।

### एसडीओ रमेश चौहान के मुताबिक

"प्रारंभिक जांच में करीब 25 पेड़ों का अवैध कटान मिला है। मामला इको सेंसिटिव जोन का है। उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी गई है, उनके निर्देश पर आगे की कार्रवाई होगी।

### बड़ा सवाल

- जंगल की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार लोग ही अगर कटान में शामिल हों, तो फिर वन संपदा कैसे बचेगी?
- क्या इस 'सफेदपोश शिकार' पर सख्त कार्रवाई होगी या मामला भी अन्य मामलों की तरह ठंडे बस्ते में चला जाएगा यह देखना बाकी है।

## छेड़छाड़ पर बवाल, बस सीज, चालक पर मुकदमा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जयपुर को जा रही एक स्लीपर बस में महिला यात्रियों से छेड़छाड़ और विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। घटना पौटा कलां में हुई, जहां चालक व परिचालक ने बस रोककर कथित रूप से महिला से अभद्रता की। सूचना मिलते ही थाना बरखेड़ा प्रभारी परमेंद्र सिंह, जिरौनिया चौकी पुलिस और एआरटीओ वीरेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि ऑल इंडिया परमिट वाली बस अवैध रूप से फुटकर सवारियां बैठाकर चला रही थी, जो मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। साथ ही बस में निर्धारित मानकों से अधिक स्लीपर सीटें लगाई गई थीं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा से खिलवाड़ हो रहा था। कार्रवाई करते हुए बस को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया गया है। वाहन स्वामी को नियमों के विपरीत मॉडिफिकेशन के चलते परमिट/पंजीयन निलंबन का नोटिस भी भेजा गया है। छेड़छाड़ व मारपीट के मामले में चालक समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ एफआईआर

# सपा नगर कार्यकारिणी घोषित, मिशन संगठन



पार्टी कार्यालय में कार्यकारिणी की घोषणा करते ज़िला अध्यक्ष।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी कार्यालय केजीएन-2 पर संगठन को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा की संस्तुति पर नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल ने 21 सदस्यीय नगर कार्यकारिणी की घोषणा की।

नई टीम में शोभित शर्मा, कपिल भारती, अजय सिंह लोधी, अनवर अहमद, अशोक सैनी और जितेश वर्मा को नगर उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं अब्दुल हनीफ, जितेंद्र लोधी, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद हयात और सत्येंद्र कुमार राजपूत को नगर सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। दीपांकर, सुंदरलाल बब्बू, गुरप्रीत सिंह, लक्ष्मी नारायण, विक्रम कश्यप और पंकज कुमार को कार्यकारिणी सदस्य नामित किया गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जनविरोधी नीतियों से हर वर्ग प्रभावित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर जनता से जुड़ें और संगठन को मजबूत बनाएं। नगर अध्यक्ष गुरविंदर सिंह गिल ने कहा कि नई टीम शहर के हर वार्ड और हर वर्ग तक पार्टी की पहुंच सुनिश्चित करेगी। कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दी।

# जनसेवा केंद्र संचालक से 40 हजार की कर ली ठगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

### लोगों ने ठगी के आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**पूरनपुर।** जन सेवा केंद्र संचालक से हजारों की ठगी कर ली गई। रुपये निकाल कर जा रहे युवक को लोगों ने पकड कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पकड़े गए युवक से पूछताछ कर रही है।

सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव मंगदपुर निवासी मोहम्मद साजिद का गढबाखेडा में जनसेवा केंद्र है। उसमे प्रिंटिंग प्रेस भी है। रविवार को खारी क्षेत्र के गांव गोरिया निवासी विवेक कुमार अपने साथी लवकुश के साथ उसके जनसेवा केंद्र पर पहुंचे, लवकुश वाइक पर ही बैठा रहा।विवेक ने क्यूआर कोड से उसने 40 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद विना रुपये दिए ही चला गया। जब संचालक को धोखाधड़ी का अहसास हुआ तो उसने शोर मचाया, जिससे आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने विवेक को कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया। जबकि उसका साथी लवकुश मौके से भाग गया। घटना को लेकर खलवली मच गई। कई लोग मौके पर एकत्र हो गए। पहले तो संचालक और लोगों ने पूछताछ की इसके बाद मामले की सूचना गढबाखेडा पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद लोगों ने पकडे गए युवक को पुलिस के हवाले कर दिया,पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## तेज आंधी से आवागमन बाधित, यात्री बेहाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के धनाराघाट मार्ग पर रविवार को अचानक तेज आंधी आने से जनजीवन प्रभावित हो गया। तेज हवाओं के साथ धूल के गुबार उठने से दृश्यता कम हो गई,जिससे सड़क पर आवागमन कुछ समय के लिए बाधित रहा। आंधी इतनी तेज थी कि राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षित स्थानों पर रुकना पड़ा। कई स्थानों पर यातायात धीमा पड़ गया, जिससे लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में देरी हुई। कुछ समय बाद आंधी के शांत होने पर स्थिति सामान्य हो गई और आवागमन धीरे-धीरे बहाल हो गया। स्थानीय प्रशासन की ओर से किसी बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। लेकिन लोगों को मौसम बिगड़ने के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# सड़क हादसे में घायल ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

### पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**पूरनपुर।** चार दिन पहले सडक हादसे में घायल हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

हादसा नगर के राजीव नगर चौराहे पर 29 अप्रैल को हुआ था। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी राम गोपाल अपनी मां व अन्य लोगो के साथ शादी समारोह से वापस आया था। नगर के राजीव नगर चौराहे के पास तेज गति से आ रही कार ने उसकी कार में टक्कर कर दी। टक्कर में राम गोपाल बुरी तरह घायल हो गए थे। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तत्काल पूरनपुर के एक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। चार दिनों तक चले इलाज के बाद रविवार को घायल हुए राम गोपाल की मौत हो गई, सूचना मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मामले की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया मामले की सूचना पर टक्कर मारने वाले चालक व वाहन की तलाश की जा रही है।

# पूरनपुर में बरगी डैम हादसे के मृतकों को दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र स्थित चाणक्य कंपटीशन क्लासेज के शिक्षकों एवं छात्रों द्वारा मध्य प्रदेश के जबलपुर में बरगी डैम में 30 अप्रैल को हुए दर्दनाक क्रूज हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर संस्थान परिसर में कैंडल जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। श्रद्धांजलि सभा के दौरान हादसे की एक अत्यंत हृदय विदारक घटना का भी जिक्र किया गया, जिसमें रेस्क्यू टीम को एक महिला और उसके 4 वर्षीय बेटे का शव एक-दूसरे



कंपटीशन क्लासेज में बरगी डैम हादसे में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते।

से लिपटा हुआ मिला। इस दृश्य ने पूरे देश को भावुक कर दिया। कार्यक्रम में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रदीप शर्मा, शानू मियां खान सहित मनीषा, रितिका, प्रियंका, संध्या, महिमा, अंजली, मनोज, आलोक, राजवीर, आदेश, आकाश, सौरभ, नैन्सी, विशाल, राहुल, मधु और आशीष सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संस्थान परिवार ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं शोक संतप्त परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

## विवाहिता को पीटकर घर से निकालने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घुंघचाई थाना क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का मामला सामने आया है। एक महिला ने आरोप लगाया कि तीन साल पहले हुई शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष कम दहेज को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता के अनुसार, ससुरालियों ने उसे कई बार जान से मारने की कोशिश भी की ।मांग पूरी न होने पर कुछ समय पूर्व उसे पीटकर घर से निकाल दिया गया और बिना दहेज लौटने पर जान से मारने की धमकी दी गई। थक-हारकर पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

# नहर में कूदी महिला, एसडीएम की सूझबूझ से बची जान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर/कलीनगर।** महिला ने प्रेम प्रसंग के चलते नहर पुलिया में छलांग लगा ली। इससे खलवली मच गई। सूचना पर एसडीएम की सूझबूझ से नवविवाहिता की जान बची।

रविवार को पूरनपुर उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह कलीनगर में भ्रमण कर रहे थे। नहर पुलिया के पास एक नवविवाहित घूम रही थी। अनहोनी की आशंका जताते हुए एसडीएम सर्तक हो गए। महिला अचानक नहर पुलिया के पास पहुंची और देखते ही देखते गहरे पानी में कूद गई। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया। जिसके बाद तुरंत बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एसडीएम ने टीम के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सूचना पर माधोटांडा पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पूछताछ की तो महिला ने बताया कि तीन माह पहले उसकी बिना मर्जी की शादी हुई थी। वह किसी ओर से प्रेम करती थी। रविवार को उसके प्रेमी की शादी थी। इससे परेशान होकर उसने छलांग लगा ली थी। पूछताछ के बाद महिला को उसके परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने बताया महिला को सुरक्षित निकाल कर उसके परिवार को सौंप दिया गया है। प्रशासन की तत्परता और एसडीएम की सूझबूझ से एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई की सराहना की है।

# पूरनपुर में एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने नवविवाहित युवती की जान बचाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कलीनगर इलाके में एक नवविवाहित युवती ने प्रेम प्रसंग के चलते गहरे पानी वाली नहर में छलांग लगा दी। मौके पर उपस्थित उपजिलाधिकारी (एसडीएम) अजीत प्रताप सिंह की तत्परता और साहसिक कार्यवाही से युवती की जान बच गई।

घटना के अनुसार, एसडीएम अजीत प्रताप सिंह कल्ली नगर क्षेत्र में भ्रमण पर थे। उन्होंने रेलवे लाइन के पास संदिग्ध परिस्थितियों में घूमती एक महिला को देखा। किसी अनहोनी की आशंका पर उन्होंने उस पर नजर बनाए रखी। कुछ ही देर बाद महिला नहर की पुलिया पर पहुंची और अचानक गहरे पानी में कूद गई। एसडीएम ने खुद मोर्चा संभाला एसडीएम तुरंत घटनास्थल की ओर दौड़े। उन्होंने न केवल स्थानीय लोगों को मदद के लिए बुलाया, बल्कि खुद सक्रिय होकर महिला को नहर से बाहर निकालने का नेतृत्व किया। उनकी त्वरित कार्रवाई से महिला को कुछ ही मिनटों में सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस पहुंचने पर महिला ने पूछताछ में बताया कि उसकी शादी तीन महीने पहले उसके मर्जी के खिलाफ कर दी गई थी। वह किसी अन्य युवक से प्रेम करती थी और उसी दिन (रविवार) उसके प्रेमी का विवाह तय था। इसी गहरे अवसाद में वह आत्महत्या का प्रयास कर रही थी।

### परिवार को सौंपा, काउंसलिंग की

थाना अध्यक्ष अशोक पाल ने बताया कि महिला के परिजनों को तत्काल मौके पर बुलाया गया। पुलिस और प्रशासन द्वारा महिला की काउंसलिंग की गई और उसे सुरक्षित भविष्य का आश्वासन देकर समझा-बुझाकर परिवार को सुपुर्द कर दिया गया।

### एसडीएम का बयान

एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने कहा, "प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ एक नागरिक के रूप में किसी की जान बचाना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। समय रहते की गई कार्रवाई से एक परिवार बिखरने से बच गया।" यह घटना प्रशासन की संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया का उत्तम उदाहरण है, जिसने एक युवती की जान बचाकर परिवार को टूटने से बचाया।

# अमरैयाकलां में सरकारी स्कूल की चार बीघा जमीन पर कब्जा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गांव अमरैयाकलां के सरकारी स्कूल की करीब चार बीघा जमीन पर कुछ लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर लिया। इस जमीन पर फसल उगाई जा रही है। गांव के एक व्यक्ति ने जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग को लेकर शिकायत की।

आरोप है कि लेखपाल ने इसका फर्जी तरह से निस्तारण कर दिया। मामला विकासखंड पूरनपुर की ग्राम पंचायत अमरैयाकलां का है। गांव के द्वारिका प्रसाद ने तहसील प्रशासन को दिए पत्र में कहा कि गाटा संख्या 101, 158 व 235 में करीब 12 बीघा जमीन सरकारी विद्यालय के नाम दर्ज है। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने करीब चार बीघा जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा है। इससे विद्यालय की जमीन का रकबा कम हो गया। द्वारिका प्रसाद कहना है कि इस सम्बन्ध में सात मार्च को शिकायत की थी। खेत में फसल खड़ी होने की बजह से पैमाइस न हो पाने की बात कहकर लेखपाल ले टरका दिया। आरोप है कि इसके बाद मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। कार्यवाही न होने पर दोबारा शिकायत की लेकिन लेखपाल ने प्रधान व स्कूल के प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक से मिलकर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर दिया। शिकायतकर्ता ने सरकारी विद्यालय पर कब्जाधारकों को नोटिस देने और जमीन को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

**लोकार्पण** विधायक ने पहुंच कर नारियल फोड़कर किया उद्घाटन

# त्रेतानाथ मंदिर से कुरैया मार्ग के निर्माण का शुभारंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** त्रेतानाथ मंदिर से कुरैया को जोड़ने वाले मार्ग का रविवार को भाजपा विधायक बाबूराम पासबान ने पहुंच कर सड़क निर्माण कार्य का विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्रामीणों की भारी मौजूदगी रही और माहौल उत्साहपूर्ण दिखाई दिया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि यह सड़क क्षेत्र के विकास की रीढ़ साबित होगी। लंबे समय से जर्जर मार्ग के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब इस निर्माण कार्य से त्रेतानाथ, कुरैया सहित आसपास के कई गांव सीधे लाभान्वित होंगे। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों



सड़क निर्माण का शुभारंभ करते विधायक। –जागरण मोर्चा

में बेहतर सड़क, बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के मौसम में यह मार्ग पूरी तरह से खराब हो जाता था। जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों, मरीजों और किसानों को भारी परेशानी होती थी। सड़क निर्माण शुरू होने से अब लोगों को राहत मिलेगी। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया और विकास कार्यों की सराहना की। लोगों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा किया जाएगा, जिससे यातायात सुगम हो सकेगा और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मनोज वर्मा, मण्डल कोषाध्यक्ष अचल मोहन पाण्डेय, अचलेंद्र मिश्रा, अनुज दीक्षित, प्रमोद शुक्ला,जिंदा भैय्या, वेद पाल सिंह, रामपाल प्रधान महुआ गुंदे, गुरदीप सिंह, अजय अवस्थी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# सिकरहाना मार्ग पर जलभराव से आवागमन में परेशानी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** बंडा हाईवे से सिकरहाना जाने वाला लिंक मार्ग तालाब में बदला गया है। इससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जलभराव कीचड़ होने की वजह से वाहन स्वामी गिरकर चोटिल हो रहे हैं। शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है।

घुंघचाई-बंडा हाईवे से सिकरहाना जाने वाला लिंक मार्ग गड्ढो में पहले से ही तब्दील है। जगह जगह मार्ग टूट पडा है। पत्थर और बजरी उखडी पडी है, बारिश से सडक की हालत और बिगड़ गई। रोड तालाब में तब्दील हो गया है। जलभराव और कीचड से लोगों को अपने वाहन गुजारने पड रहे है। जिससे बाहन जल भराव और दलदल में फंसकर पलट रहे हैं। यह समस्या लंबे समय से चलती आ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस सड़क पर बड़े वाहनों के निकलने की दूर की बात बरसात के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। लोगों का कहना है कि सड़क की मरम्मत के लिए पत्र दिए गए। लेकिन कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। मरम्मत के दौरान घटिया सामग्री लगाने के बाद मार्ग चंद दिनों में ही टूट कर गड्ढों में तब्दील हो जाता हैं। मार्ग की मरम्मत के दौरान घटिया सामग्री का ग्रामीण विरोध भी करते हैं। लेकिन सांठगांठ के चलते ठेकेदार मनमाने तरीके से काम करा कर भाग जाता है। कई बार शिकायत करने के बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसका प्रस्ताव भी भेजा जा चुका है। उसके बाबजूद निर्माण नही कराया जा रहा है। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीणों ने शीघ्र ही सड़क की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। जिससे जलभराव की समस्या से लोगों को निजात मिल सके।



सिकरहाना गांव में भरा पानी। –जागरण मोर्चा

### शिकायत के बावजूद नहीं कराया जा रहा सड़क निर्माण

# बिलसंडा: खुदी सड़कें बनीं मुसीबत

## पाइप लाइन बिछवाई पर उखाड़ी सड़कों की मरम्मत ही नहीं कराई, ग्रामीण परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** सरकार की जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों में अंडरग्राउंड पाइप लाइन तो बिछवा दी गई, लेकिन जेसीबी से की गई खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिसके चलते गांवों की गलियां पूरी तरह उखड़ी पड़ी है जो अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबक बनी हुई है। उधर कई प्रधानों ने इस बाबत डीएम से शिकायत कर कार्यवाही की गुहार की है।


बिलसंडा के गांव कनपरा में उखड़ी सड़क में भरी कीचड़। -जागरण मोर्चा

बता दें कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पानी की टंकी बनवाए जाने को क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में अंडर ग्राउंड पाइप लाइन बिछवाने का कार्य कराया गया, पाइप लाइन बिछावाने के बाद ठेकेदार ने जेसीबी से कराई गई खुदाई के बाद सड़कों की मरम्मत अभी तक नहीं कराई। जबकि पाइप-लाइन बिछवाने के बाद जल निगम के ठेकेदार को ही उखाड़ी गई सड़कों की मरम्मत करानी है। लेकिन ठेकेदारों ने एकाध गांव को छोड़कर सड़कों की मरम्मत ही नहीं कराई। नतीजतन उखड़ी हुई सड़कों के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्राम पंचायत मुड़िया बिलहरा में ठेकेदार द्वारा सड़कों की मरम्मत नहीं कराए जाने पर प्रधान ने मामले की शिकायत डीएम से की है। जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा पाइपलाइन बिछवाने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराए जाने की वजह से सर्वाधिक परेशानी ग्रामीणों को आवागमन में हो रही है। कमोबेश यही स्थिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत, बमरोली, ओड़ाझार, इलाहाबास सिमरा, कल्यानपुर तालुके करेली सिमरोली, राठ, घनश्यामपुर,

> जिन ग्राम पंचायतों में अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछाई गई है, उनमें सड़कों की मरम्मत कराने की जिम्मेदारी जल निगम की है। अगर किसी ग्राम पंचायत में ठेकेदार मरम्मत कार्य नहीं करा रहा है, तो उसकी शिकायत करने के साथ ही प्रधान बंधु एनओसी तब तक न दें। जब तक खोदी गई सड़कों की वह पूरी तरह से मरम्मत न करा दे।
>
> –अमित कुमार शुक्ला खंड विकास अधिकारी बिलसंडा।

मझिगवां, मार, ढकिया जलालपुर, इरादत पुर पगार कनपरी समेत गांवों की है। जहां पर पाइप लाइन बिछवाने के लिए जेसीबी द्वारा सड़कों की खुदाई तो करा ली गई, लेकिन मरम्मत कराने की जहमत नहीं उठाई गई।

यही वजह है कि इन ग्राम पंचायतों में पिछले 70 वर्षों के दौरान बनवाई गई सड़कें पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। सर्वाधिक दिक्कत अंबेडकर एवं समग्र ग्राम विकास योजना के तहत चयनित रहे गांवों की है। क्योंकि इन गांवों में पहले से ही सीसी रोड बने हुए थे। ठेकेदार ने अंडरग्राउंड पाइप लाइन बिछवाने के लिए जेसीबी से खुदाई कराई, जिससे सभी सीसी रोड पूरी तरह ध्वस्त हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि इस जिले में पानी की कोई किल्लत नहीं है। क्योंकि तराई के इस जनपद में 30 फिट की गहराई में पानी उपलब्ध है। सरकार को अगर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करानी ही थी, तो प्रत्येक गांवों में सरकारी हैंड पंप लगवा दिए होते तो शायद इससे बेहतर रहता। इस व्यवस्था से सर्वाधिक नुकसान गांवों में बनवाई गई सड़कों का हुआ है। बावजूद इसके खोदी गई सड़कों की ठेकेदार मरम्मत भी नहीं करा रहा है, जिसकी वजह से गांवों की दशा बद से बदतर हो गई है।

# पीलीभीत की गूंज लखनऊ तक: डीएम ने सीएम योगी को भेंट की 'पहचान' की बांसुरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पीलीभीत के नवनियुक्त जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। कार्यभार संभालने के बाद यह उनकी मुख्यमंत्री के साथ पहली औपचारिक मुलाकात रही, जिसे प्रशासनिक दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 'एक जनपद-एक उत्पाद' योजना के तहत पीलीभीत की प्रसिद्ध हस्तनिर्मित बांसुरी मुख्यमंत्री को भेंट की। यह भेंट न सिर्फ जनपद की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक रही, बल्कि स्थानीय कुटीर उद्योग और बांसुरी बनाने वाले कारीगरों के सम्मान और प्रोत्साहन का संदेश भी देती है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं, कानून-व्यवस्था की स्थिति तथा आगामी योजनाओं के बारे में मुख्यमंत्री को विस्तार से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी जनपद के समग्र विकास और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। गौरतलब है कि पीलीभीत की बांसुरी अपनी मधुर ध्वनि और उत्कृष्ट शिल्प के लिए देश-विदेश में पहचान रखती है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित ODOP योजना के अंतर्गत ऐसे पारंपरिक उत्पादों को बढ़ावा देकर उन्हें राष्ट्रीय और वैश्विक मंच पर स्थापित करने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। यह मुलाकात प्रशासनिक समन्वय के साथ-साथ जनपद की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।


जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बांसुरी भेंट करते हुए।

# लंबे समय से फरार 4 वारंटी गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर (बदायूँ)।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बिसौली थाना पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए चार वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कानून का शिकंजा कस दिया। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।


पुलिस की गिरफ्त में चार वारंटी। -जागरण मोर्चा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में चल रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक बिसौली के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 3 मई 2026 को अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर चार वांछित वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। सभी के खिलाफ न्यायालय द्वारा पहले से वारंट जारी थे, जिसके बाद पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए इन्हें पकड़ने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में रामनरेश, महेंद्र, झम्मन और हरिओम (सभी निवासी ग्राम अतरपुर, थाना बिसौली) शामिल हैं। ये सभी मुकदमा संख्या 120/2005 से संबंधित धाराओं में वांछित चल रहे थे और लंबे समय से गिरफ्तारी से बच रहे थे। पुलिस ने मुखबिर की सूचना और सटीक रणनीति के आधार पर इन्हें धर दबोचा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद सभी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस की इस कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियानों से अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा बढ़ता है। पुलिस की तत्परता और मुस्तैदी से स्पष्ट है कि बदायूं पुलिस कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## मौलाना की मौत पर बवाल, मुआवजे की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** मौलाना तौसीफ रज़ा मजहरी की संदिग्ध मौत से क्षेत्र में आक्रोश है। वह बरेली में उर्से ताजुश्शरिया में शामिल होकर ट्रेन से लौट रहे थे, तभी अज्ञात लोगों ने उनके साथ मारपीट की। घटना के दौरान उन्होंने पत्नी को फोन पर जानकारी दी, लेकिन बाद में संपर्क टूट गया। अगली सुबह उनका शव भोजीपुरा में रेलवे ट्रैक के पास मिला। परिजनों व स्थानीय लोगों का आरोप है कि दाढ़ी-टोपी के कारण उनके साथ मारपीट कर ट्रेन से फेंका गया। सपा नेता तौफीक अहमद कादरी समेत कई लोगों ने घटना की उच्च स्तरीय जांच, 10 लाख रुपये मुआवजा और पत्नी को नौकरी देने की मांग की है। साथ ही ट्रेनों में सीसीटीवी लगाने की भी मांग उठी है।

# रक्तदान के लिए जागरूक करने को निकली बाइक रैली

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** "रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं"— बाबा हरदेव सिंह के इस प्रेरणादायक संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में संत निरंकारी सत्संग भवन, पीलीभीत ब्रांच द्वारा एक भव्य बाइक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली 13 मई 2026 को आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के प्रचार-प्रसार के लिए निकाली गई।



रक्तदान को जागरूक करने के लिए बाइक रैली निकालते एवं नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते बच्चे। -जागरण मोर्चा

रैली में निरंकारी सत्संग के संत महात्माओं, युवाओं, बच्चों एवं सामाजिक बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शहरवासियों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। रैली निरंकारी सत्संग भवन, निरंकारी चौराहा पूरनपुर रोड से प्रारंभ होकर आसाम चौराहा, नौगवां चौराहा, दूधिया मंदिर, लेखराज चौराहा, लोहा मंडी, जेपी रोड, ड्रमंड गंज चौराहा, स्टेशन रोड होते हुए स्टेशन चौराहे पर सम्पन्न हुई। इस दौरान मिशन के युवाओं व बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। पूरे मार्ग में पुलिस व प्रशासन का सराहनीय सहयोग देखने को मिला।

अंत में जोनल इंचार्ज प्रतिपाल सिंह ने जनपदवासियों से अपील की कि वे 13 मई 2026 को गांधी प्रेक्षा गृह, गांधी स्टेडियम में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल एक जीवन बचाता है, बल्कि यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी का भी प्रतीक है।

# दियोरिया कला: पुलिस की बढ़ी गश्त, सुरक्षा सख्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना दियोरिया कला पुलिस द्वारा क्षेत्र में व्यापक स्तर पर फुट पेट्रोलिंग की गई।


फुट पेट्रोलिंग करती दियोरिया पुलिस।

पुलिस टीम ने मुख्य मार्गों, बाजारों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। फुट पेट्रोलिंग के माध्यम से अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के साथ ही आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बड़ी कार्रवाई: आसफपुर में 4 ओवरलोड वाहन सीज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**आसफपुर (बदायूँ)।** शासन और जिलाधिकारी के निर्देश पर सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने विकास खंड आसफपुर क्षेत्र में सघन अभियान चलाया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) हरिओम के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग कर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। अचानक चले इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही और कई वाहन चालक रास्ता बदलते नजर आए।



कार्रवाई के दौरान थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र में क्षमता से अधिक भार ढो रहे 4 वाहनों को पकड़कर सीज किया गया। इन वाहनों को नियमानुसार कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा खनन सामग्री ढो रहे अन्य ओवरलोड वाहनों पर भी विभाग ने कार्रवाई की, जिससे अवैध रूप से ओवरलोडिंग करने वालों में खलबली मच गई। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग न सिर्फ यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे सड़क हादसों की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। अधिक भार के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ सकता है और ब्रेकिंग सिस्टम भी प्रभावित होता है, जिससे जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग लगातार ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चला रहा है। अधिकारियों के अनुसार, अभियान के दौरान वसूला गया प्रशमन शुल्क सरकारी खाते में जमा कराया गया है। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी वाहन चालक को बख्शा नहीं जाएगा। परिवहन विभाग ने आमजन और वाहन चालकों से अपील की है कि वे वाहन की निर्धारित क्षमता के अनुसार ही माल का परिवहन करें और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें। सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनसहभागिता बेहद जरूरी है।

# मुखबिर की सूचना पर युवक दबोचा, तमंचा व जिंदा कारतूस किए बरामद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बरखेड़ा पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने की फिराक में था।

पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान ग्राम इंडिया भगत के पास मुखबिर से सूचना मिली कि मुसरहा से आगे पिपराखास मोड़ के पास एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में घूम रहा है, जिसके पास तमंचा है। सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची। ग्राम नवादा महेश जाने वाले रास्ते पर पाखड़ के पेड़ और खंडहरनुमा कमरों के पास एक युवक दिखाई दिया, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जितेन्द्र कुमार पुत्र केदारनाथ, निवासी ग्राम बर्रामऊ, थाना बरखेड़ा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी तमंचा (12 बोर) और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बिना नंबर प्लेट बाइक के साथ युवक गिरफ्तार, निकली चोरी की स्प्लेंडर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना बरखेड़ा पुलिस ने शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई बाइक बिना नंबर प्लेट की थी, जिसे आरोपी ने सस्ते दाम में खरीदने की बात कबूल की है।



पुलिस के अनुसार, 2 मई 2026 को उपनिरीक्षक अंकित यादव अपनी टीम के साथ क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के लिए बरखेड़ा-नवाबगंज मार्ग स्थित देवहा नदी पुल पर अभियान चला रहे थे। इसी दौरान एक युवक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से बरखेड़ा की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस को देखकर वह घबराया और बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर युवक को मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम सचिन पुत्र राजन, निवासी ग्राम बर्रामऊ, थाना बरखेड़ा बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से 220 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने बताया कि आरोपी की बाइक पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी और पीछे का मडगार्ड भी हटा हुआ था। कागजात मांगने पर वह कोई दस्तावेज नहीं दिखा सका। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने यह मोटरसाइकिल करीब 9 हजार रुपये में एक अज्ञात व्यक्ति से खरीदी थी और यह चोरी की है। ई-चालान ऐप से जांच करने पर मोटरसाइकिल का पंजीकरण नंबर UP25CL1038 तथा वाहन स्वामी का नाम रमेश पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी बरेली पाया गया। पुलिस ने वाहन स्वामी से संपर्क कर मामले की जानकारी दी। थाना बरखेड़ा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 317(2)/317(5) के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## खेत पर जा रहे युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**पीलीभीत।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम सिमैरिया ताराचंद्र में खेत जा रहे एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है।

पीड़ित सूरजपाल पुत्र रामप्रताप 2 मई 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे अपने खेत पर पशुओं का चारा काटने जा रहा था। आरोप है कि तभी गांव के ही करण पुत्र रामचंद्र ने उसे रास्ते में रोक लिया और बिना किसी कारण गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे सूरजपाल के सिर में गंभीर चोट आई है। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# सचिवालय निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप, ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बीसलपुर।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव मंडरा सुमन में पंचायत विभाग द्वारा कराए जा रहे सचिवालय निर्माण कार्य में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण में मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है।


गांव मंडरा सुमन का सचिवालय निर्माण कार्य। -जागरण मोर्चा

ग्रामीणों के अनुसार, निर्माण कार्य में देसी रेत और पीली ईंट का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उनका आरोप है कि इस तरह की सामग्री से तैयार भवन जल्द ही क्षतिग्रस्त हो सकता है। ग्रामवासियों ने आरोप लगाया कि इस कार्य में ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से घटिया निर्माण कराया जा रहा है। मामले को गंभीर बताते हुए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को फोन के माध्यम से अवगत कराकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो सरकारी धन का दुरुपयोग होगा और निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित होगी।

## खेत जोतने पर विवाद, गन्ना पलट आरोपी फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** थाना बरखेड़ा क्षेत्र के पिपरा खास गांव में दबंगों द्वारा किसान की गन्ने की फसल जोतने का मामला सामने आया है। बरेली निवासी पीड़ित ओमपाल ने बताया कि जब वह 24 अप्रैल को अपने खेत की सिंचाई करने पहुंचा, तो देखा कि गांव के सत्यपाल और उसके पुत्र आयुष ने उसका खेत जोत दिया था। इससे गन्ने की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और भविष्य में भी जबरन कब्जा जारी रखने की बात कही। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस जांच कर रही है।



राजस्थान-दिल्ली मैच के बाद अंक तालिका

# राहुल का ऑरेंज कैप पर कब्जा

## भुवनेश्वर का दबदबा बरकरार



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 43वें मैच में शुक्रवार (1 मई) को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के 9 मैच में 8 अंक हो गए। वह अंक तालिका में छठे नंबर पर हैं। राजस्थान रॉयल्स के 10 मैच में 6 जीत हैं। वह चौथे नंबर पर है। पंजाब किंग्स शीर्ष पर बरकरार है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु दूसरे नंबर पर हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स आखिरी पायदान पर है।

ऑरेंज कैप रेस की बात करें तो केएल राहुल पहले नंबर पर है। उन्होंने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शानदार अर्धशतकीय पारी खेलकर ऑरेंज कैप पर कब्जा जमा लिया। अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। पर्पल कैप की बात करें तो भुवनेश्वर कुमार शीर्ष पर हैं। जोफ्रा आर्चर और ईशान मलिंगा के 15-15 विकेट हैं।

नीचे अंक तालिका, ऑरेंज कैप और पर्पल कैप रेस की जानकारी दी गई है।

## पंजाब किंग्स शीर्ष पर, चार टीमें प्लेऑफ की दौड़ में

पंजाब किंग्स 8 मैचों में 13 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स – तीनों 12-12 अंकों पर हैं। शीर्ष चार में जगह के लिए हक्रक्र निर्णायक भूमिका निभाएगा।

| क्र | टीम | P | W | L | NR | PTS | NRR |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंजाब किंग्स | 8 | 6 | 1 | 1 | 13 | +1.043 |
| 2 | रॉ. चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +1.420 |
| 3 | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 6 | 3 | 0 | 12 | +0.832 |
| 4 | राजस्थान रॉयल्स | 10 | 6 | 4 | 0 | 12 | +0.510 |
| 5 | गुजरात टाइटंस | 9 | 5 | 4 | 0 | 10 | -0.192 |
| 6 | दिल्ली कैपिटल्स | 9 | 4 | 5 | 0 | 8 | -0.895 |
| 7 | चेन्नई सुपर किंग्स | 8 | 3 | 5 | 0 | 6 | -0.121 |
| 8 | कोलकाता नाइट राइडर्स | 8 | 2 | 5 | 1 | 5 | -0.751 |
| 9 | मुंबई इंडियंस | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -0.784 |
| 10 | लखनऊ सुपर जायंट्स | 8 | 2 | 6 | 0 | 4 | -1.10 |

# स्टार्क का यशस्वी ने गगनचुंबी शॉट से किया स्वागत

- मैच में पहली गेंद पर छक्का जड़ने वाले 5वें बल्लेबाज बने



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में राजस्थान रॉयल्स के ओपनर यशस्वी जायसवाल ने दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क का स्वागत छक्के से किया। यशस्वी ने मैच की पहली ही गेंद पर छक्का जड़ा। हालांकि, वह तीसरी ही गेंद पर पवेलियन लौट गए, लेकिन बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। जायसवाल आईपीएल मैच की पहली गेंद पर छक्का जड़ने वाले पांचवें बल्लेबाज बने। सबसे पहले यह कारनामा नमन ओझा ने 2009 में किया था। राजस्थान रॉयल्स के लिए ओपनिंग करते हुए ओझा ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ ब्रेड हॉज को छक्का जड़ा था। विराट कोहली ने 2019 में वरुण एरोन को पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। यह मैच बेंगलुरु में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया था। कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए फिल साल्ट ने 2024 में नुवान तुषारा को पहली गेंद पर छक्का जड़ा था। यशस्वी जायसवाल ने चौथी बार पारी की शुरुआत छक्के से की 2025 में पंजाब किंग्स के लिए ओपनिंग करते हुए प्रियांश आर्या ने चेन्नई सुपर किंग्स के खलील अहमद को छक्का जड़ा था। यशस्वी जायसवाल ने चौथी बार पारी आईपीएल मैच की पारी में पहली गेंद पर छक्का जड़ा। प्रियांश आर्या ने 2 बार छक्का जड़ा है। नमन ओझा, मयंक अग्रवाल, सुनील नरेन, विराट कोहली, रॉबिन उथप्पा, फिल साल्ट और संजू सैमसन ने 1-1 छक्के जड़े।

# लखनऊ सुपर जायंट्स से जुड़े जोश इंग्लिस

- साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी ने निजी कारणों से छोड़ा टूर्नामेंट

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स से जोश इंग्लिस जुड़ गए हैं। वह 4 मई को मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच के लिए उपलब्ध होंगे। इंग्लिस ने शादी की वजह से नीलामी से पहले आईपीएल 2026 के लिए सीमित उपलब्धता के बारे में फ्रेंचाइजी को बताया था। उन्हें पंजाब किंग्स ने रिलीज कर दिया और लखनऊ सुपर जायंट्स ने उन्हें 8.60 करोड़ में खरीद था। उनकी शादी 18 अप्रैल को हुई थी। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार साउथ अफ्रीकी बैटर मैथ्यू ब्रीट्जके निजी कारणों से टूर्नामेंट छोड़ चुके हैं। उन्होंने 26 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स का साथ छोड़ दिया था, जो सुपर ओवर तक गया था। जानकारी के अनुसार ब्रीट्जके वापस गए क्योंकि हाल ही में उनकी पत्नी की परिवार के एक करीबी सदस्य की मौत हो गई है। फिलहाल जानकारी नहीं है कि ब्रीट्जके टूर्नामेंट में वापस आएंगे या नहीं।

## इंग्लिस का शानदार रिकॉर्ड

इंग्लिस ने पंजाब किंग्स के लिए 11 पारियों में 30.88 के औसत और 162.57 के स्ट्राइक-रेट से 278 रन बनाए। इंग्लिस ने पहले ही लखनऊ सुपर जायंट्स स्क्वाड के साथ ट्रेनिंग शुरू कर दी है। वानखेड़े स्टेडियम में सोमवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ होने वाला मैच दोनों टीमों का इस सीजन का 9वां मैच होगा। यह मुकाबला अंक तालिका में सबसे नीचे की दो टीमों के बीच होने वाला है, जिन्होंने अब तक सिर्फ दो-दो जीत हासिल की हैं।

**इंग्लिस को खेलने का मौका मिल सकता है-** विदेशी बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के कारण इंग्लिस को खेलने का मौका मिल सकता है। निकोलस पूरन का इस सीजन औसत 10.25 है। ओपनर एडेन मार्करम (24.12) और मिचेल मार्श (26.50) ने भी खराब प्रदर्शन किया है। आने वाले हफ्ते में लखनऊ सुपर जयंट्स को सोमवार (मुंबई में मुंबई इंडियं के खिलाफ), गुरुवार (लखनऊ में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ) और रविवार (चेन्नई में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ) से भिड़ना है।

# शेयर बाजारः शीर्ष 10 कंपनियों के मार्केट कैप में 2.20 लाख करोड़ का इजाफा, रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे आगे

**एजेंसी समाचार**

नई दिल्ली। पिछला हफ्ता छुट्टियों के कारण छोटा रहा और इस दौरान देश की 10 सबसे कीमती कंपनियों में से चार कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ा, जिसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा फायदा हुआ। सेंसेक्स भी 249.29 अंक यानी 0.32 प्रतिशत बढ़ा, हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा। पिछले हफ्ते देश की शीर्ष-10 सबसे कीमती कंपनियों में से चार कंपनियों का कुल बाजार मूल्य 2.20 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें सबसे ज्यादा फायदा रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। यह सप्ताह छुट्टियों की वजह से छोटा था। पिछले हफ्ते बीएसई का सेंसेक्स 249.29 अंक यानी 0.32 फीसदी बढ़कर ऊपर गया।

रिलायंस ब्रोकिंग के अनुसंधान प्रमुख अजीत मिश्रा ने कहा, बाजार में हल्की बढ़त रही। लेकिन माहौल उतार-चढ़ाव वाला और सीमित दायरे में रहा, क्योंकि वैश्विक और घरेलू संकेत एक जैसे नहीं थे। उन्होंने बताया कि हफ्ते की शुरूआत अच्छी रही। वैश्विक तनाव कम होने और चौथी तिमाही के नतीजों में सुधार से बाजार को शुरूआत में सहारा मिला। लेकिन बाद में कच्चे तेल की कीमत बढ़ने, एशियाई बाजारों से कमजोर संकेत मिलने और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली की वजह से बाजार की बढ़त सीमित हो गई।

इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, टीसीएस और बजाज फाइनेंस के शेयरों में बढ़त रही। वहीं, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी की बाजार कीमत में कुल 1.24 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्य 1,39,655.8 करोड़ रुपये बढ़कर 19,36,303.30 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, भारती एयरटेल का बाजार मूल्य 43,503.51 करोड़ रुपये बढ़कर 11,49,222.13 करोड़ रुपये पहुंच गया। टीसीएस का बाजार मूल्य 27,569.83 करोड़ रुपये बढ़कर 8,94,933.95 करोड़ रुपये हो गया और बजाज फाइनेंस की बाजार कीमत 9,432.32 करोड़ रुपये बढ़कर 5,83,123.13 करोड़ रुपये हो गई।

वहीं, आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्य 45,364.62 करोड़ रुपये घटकर 9,04,980.78 करोड़ रुपये रह गया। एसबीआई का बाजार मूल्य 30,922.57 करोड़ रुपये घटकर 9,85,829.96 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्य 20,951.31 करोड़ रुपये घटकर 11,87,274.17 करोड़ रुपये रह गया और हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्य 18,420.79 करोड़ रुपये घटकर 5,28,799.01 करोड़ रुपये हो गया।

वैभव सूर्यवंशी का विकेट लेकर जैमीसन ने चिढ़ाया

# कुछ ही घंटे में दिल्ली के गेंदबाज को मिली सजा, BCCI ने लगाई लताड़



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के 43वें मैच में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से करारी शिकस्त दी। वैभव सूर्यवंशी का जादू इस मैच में नहीं चल पाया। न्यूजीलैंड के गेंदबाज काइल जैमीसन ने 2 गेंद में ही उनकी पारी खत्म कर दी। जैमीसन ने वैभव को क्लीन बोल्ड किया और उसके बाद उनको चिढ़ाया भी। इसके बाद कीवी गेंदबाज की काफी आलोचना हुई और कुछ ही घंटे में आईपीएल मैनेजमेंट की तरफ से उन्हें सजा भी सुनाई गई।

## IPL की तरफ से लगी लताड़

आईपीएल द्वारा जारी बयान के मुताबिक काइल जैमीसन को वैभव को आउट करके चिढ़ाने के लिए आईपीएल की आचार संहिता के लेवल 1 का आरोपी माना गया। आईपीएल के आर्टिकल 2.5 के तहत जैमीसन को दोषी पाया गया है। इस आर्टिकल के तहत किसी खिलाड़ी द्वारा ऐसे शब्द बोलना, ऐसे एक्शन करना जिससे सामने वाला खिलाड़ी भड़क सकता है, इसके मुताबिक जैमीसन का आरोप सिद्ध हुआ। मैच रेफरी राजीव सेठ द्वारा जैमीसन पर यह आरोप लगाए गए थे। न्यूजीलैंड के गेंदबाज ने इन आरोपों को स्वीकारा और इसके परिणाम को भी स्वीकार किया। आईपीएल द्वारा इस उल्लंघन के लिए काइल जैमीसन को चेतावनी दी गई और एक डिमेरिट अंक भी उनको मिला। हालांकि, मैच फीस का जुर्माना उनके ऊपर नहीं लगाया गया।

## क्या था पूरा मामला?

यह मामला पारी के दूसरे ओवर का था। वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर से इंटरनेशनल गेंदबाज का सामना निडर होकर किया और पहली गेंद पर जैमीसन को चौका लगा दिया। उसके बाद दूसरी गेंद पर न्यूजीलैंड के पेसर ने उन्हें बोल्ड कर दिया। फिर विकेट लेने के बाद उन्होंने 15 वर्षीय वैभव को चिढ़ाया और अजीब तरह से सेंड ऑफ किया। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी जैमीसन की काफी आलोचना हुई थी। यूजर्स उनके ऊपर बुरी तरह भड़क उठे थे।






# वैश्विक अनिश्चितता को अवसर में बदलें, नड्डा बोले- 2047 तक विकसित भारत के लिए मजबूत सप्लाई चेन जरूरी

**एजेंसी समाचार**

**मुंबई।** वर्तमान वैश्विक संकट और अनिश्चितताओं के बीच भारत को अपनी घरेलू क्षमता बढ़ाने और रणनीतिक निर्भरता कम करने की आवश्यकता है। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को सूरत में आयोजित दो-दिवसीय 'वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस' (दक्षिण गुजरात) के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए मैन्युफैक्चरिंग (विनिर्माण) क्षमता, आत्मनिर्भरता और सप्लाई चेन को मजबूत करना बेहद अहम है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मजबूत



अर्थव्यवस्था का अर्थ केवल विकास नहीं है, बल्कि इसमें लचीलापन और रणनीतिक स्वायत्तता का होना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा, "हालिया वैश्विक अनिश्चितता इस बात का संकेत है कि हमें संकट को अवसर में बदलना चाहिए और क्षेत्रीय सम्मेलनों के जरिए अपने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर पर अधिकतम ध्यान देना चाहिए"। नड्डा ने स्पष्ट किया कि देश के भीतर अधिक निर्माण और नवाचार करने तथा महत्वपूर्ण कमजोरियों को दूर करने की सख्त जरूरत है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 500/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित। सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।